www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 19 नवम्बर, 2023

वर्ष – 16 | अंक –224 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

साहित्य
थोड़ी दूर और पृष्ठ 06

यूके ने सिकल सेल, थैलेसीमिया के इलाज के लिए दुनिया की ... पृष्ठ 10

केंद्र ने देश में किया महंगाई बढ़ाने का काम : कांग्रेस पृष्ठ 02

■ उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर ध्यान केंद्रित...
■ इंडिया के जीतने से हर भारतीय का सीना होगा गर्व... 03

■ इजरायल ने हमास से कई गुना ज्यादा लोगों को बंधक...
■ कश्मीर में सर्दियों में आग की घटनाओं से निपटना एक चुनौती 07

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू ने छठ पूजा के अवसर पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छठ पूजा के अवसर पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती मुर्मू ने अपने संदेश में कहा , लोक आस्था के पावन महापर्व छठ पूजा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। छठ पूजा सूर्यदेव की आराधना करने के साथ ही नदियों, तालाबों और जलाशयों की पूजा करने का अवसर है। प्रकृति से जुड़ा हुआ यह पर्व हमारे भीतर आध्यात्मिक चेतना का संचार करता है।

### बिहार में जहरीली शराब पीने से छह की मौत



**पटना।** बिहार के सीतामढ़ी जिले के तीन गांवों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान सोलोमन टोला गांव के विक्रम कुमार और राम बाबू, नरहर गांव के रौशन कुमार और संतोष महतो तथा बाजपट्टी थाने के नरहर कलां गांव के महेश यादव और अवधेश यादव के रूप में हुई है।

### अभिनेत्री विजयाशांति तेलंगाना में बनी कांग्रेस की मुख्य संयोजक



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रसिद्ध अभिनेत्री विजयाशांति को तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए मुख्य समन्वयक और प्रचार समिति का संयोजक बनाया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने श्रीमती विजयाशांति के नेतृत्व वाली समन्वय समिति में 15 अन्य वरिष्ठ नेताओं को सदस्य नियुक्त किया है।

### ज्ञानवापी मामले में एएसआई को मिला और 10 दिन का समय



**वाराणसी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम को कोर्ट ने ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया है। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव के अनुसार, तकनीकी रिपोर्ट नहीं आने के कारण एएसआई ने और समय मांगा। शनिवार को मामले की सुनवाई करते हुए जिला न्यायाधीश ए.के. विश्वेश ने एएसआई को 28 नवंबर तक अपनी रिपोर्ट सौंपने को कहा।

### मणिपुर हिंसा पर 10 पार्टियों के नेता राज्यपाल से मिले

**इंफाल।** मणिपुर हिंसा को लेकर 10 पार्टियों के प्रतिनिधिमंडल ने 18 नवंबर को राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ओ इबोबी सिंह शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक ज्ञापन भी दिया।

---

विश्वकप का फाइनल मुकाबला आज

# भारत-ऑस्ट्रेलिया में होगी खिताबी टक्कर

**अहमदाबाद,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार दोपहर 2 बजे से भारत-ऑस्ट्रेलिया विश्व कप का फाइनल खेला जाएगा। मैच देखने के लिए देश-दुनिया के प्रशंसक अहमदाबाद पहुंच रहे हैं। अहमदाबाद और करीबी शहरों के फाइव, थ्री स्टार और अन्य होटलों के रूम की मांग आसमान छू रही है। रविवार रात के लिए टॉप 5-स्टार होटलों के रूम का किराया 3 लाख रुपए तक पहुंच गया है। रेलवे ने दिल्ली और मुंबई से अहमदाबाद तक के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है।

#### 100 से ज्यादा चार्टर्ड प्लेन उतरेंगे

शनिवार और रविवार को 100 से ज्यादा चार्टर्ड प्लेन अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उतरने का अनुमान है। अहमदाबाद हवाई अड्डे की क्षमता 30-40 चार्टर्ड प्लेन की पार्किंग की है। ऐसे में कई प्लेन गांधीनगर और वडोदरा में पार्क होंगे। वहीं, वीवीआईपी के चार्टर्ड प्लेन को सूरत, राजकोट और वडोदरा में भी पार्किंग की सुविधा दी गई है।

#### मैच से पहले होगा एयरशो

मैच से पहले एयरफोर्स का एयरशो होगा। भारतीय वायु सेना की एरोबेटिक टीम सूर्यकिरण ने शुक्रवार और शनिवार को इसकी रिहर्सल की। मैच से पहले यह शो करीब 10 मिनट तक चलेगा।



**अहमदाबाद में देश-दुनिया के क्रिकेट प्रशंसकों का जमावड़ा लगा**

मैच बहुत मजेदार होने वाला है। दोनों टीमें फाइनल खेलने की हकदार हैं। हमें पता है कि ऑस्ट्रेलिया क्या कर सकती है। लेकिन हमारी नजर हमारे प्रदर्शन पर है: **रोहित शर्मा, कप्तान, भारत**

विश्व कप के मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया का प्रदर्शन हमेशा से शानदार रहा है। खिलाड़ियों के पास बड़े मैच खेलने और दबाव झेलने का अनुभव है: **पैट कमिंस, कप्तान, ऑस्ट्रेलिया**

#### उड़ानों की संख्या भी बढ़ी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले इस हाईवोल्टेज मैच को देखने हजारों की संख्या में लोग अहमदाबाद पहुंच रहे हैं। क्रिकेट फैन्स की सहूलियत के लिए भारतीय रेलवे ने शनिवार को दिल्ली से अहमदाबाद के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया है। रेलवे ने शनिवार को बताया कि मैच के बाद ट्रेन देर रात 2:30 बजे अहमदाबाद से दिल्ली के लिए रवाना होंगी। ऐसी ही तीन ट्रेनें मुंबई-अहमदाबाद के बीच भी चलाई जा रही हैं। रेलवे के अलावा एयरलाइंस कंपनियों ने भी अहमदाबाद के लिए अतिरिक्त उड़ानों की व्यवस्था की है। आमतौर पर शनिवार को मुंबई और अहमदाबाद के बीच रोजाना 15 से 20 उड़ानें होती हैं। मैच के चलते उड़ानों की संख्या 25 तक जा पहुंची है।

#### देश-दुनिया के दिग्गज रहेंगे मौजूद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मैच में मुख्य अतिथि होंगे। ऑस्ट्रेलिया के उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के अलावा गृहमंत्री अमित शाह और 8 राज्यों के मुख्यमंत्री समेत 100 वीवीआईपी भी स्टेडियम पहुंचेंगे। सेलेब्रिटीज और बॉलीवुड सितारों के अलावा दिग्गज कारोबारी भी मौजूद रहेंगे। इनमें मुकेश अंबानी, लक्ष्मी मित्तल, गौतम अडाणी शामिल हैं।

---

## चक्रवाती तूफान 'मिधिली' कमजोर पड़ा



■ उत्तरी त्रिपुरा के ऊपर कम दबाव के क्षेत्र में बदला
■ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि चक्रवाती तूफान 'मिधिली' शनिवार को कमजोर होकर उत्तरी त्रिपुरा और आसपास के क्षेत्र में कम दबाव के क्षेत्र में बदल गया है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने आगे कहा कि मिधिली के उत्तर पूर्व की ओर आगे बढ़ने और अगले छह घंटों के दौरान कम चिह्नित होने की संभावना है। आईएमडी ने अपने बुलेटिन में मिजोरम और त्रिपुरा में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की भी भविष्यवाणी की है।

आईएमडी ने कहा, शनिवार और 20 नवंबर के दौरान तमिलनाडु और केरल में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की भी संभावना है, जबकि 21 नवंबर के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश में और 22 नवंबर को तमिलनाडु में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने आगे कहा कि 18 से 22 नवंबर के दौरान इन उपरोक्त क्षेत्रों में छिटपुट गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। इसने यह भी अनुमान लगाया कि शनिवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की उम्मीद है। त्रिपुरा के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा छाने की संभावना है।

---

# सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को चेताया

## प्रधानमंत्री की चिंता के बाद हरकत में आया मंत्रालय

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। डीपफेक के बढ़ते मामलों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चिंता जताने के बाद सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय हरकत में आ गया है।

सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को चेतावनी दी गई है कि अगर वे डीपफेक को रोकने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाते हैं तो सेफ हार्बर इम्यूनिटी क्लॉज के तहत संरक्षण नहीं मिलेगा, जिसका वे फिलहाल लाभ उठा रहे हैं। केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी व दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बारे में कहा कि सरकार ने हाल ही में डीपफेक मुद्दे पर सोशल मीडिया कंपनियों को नोटिस



**डीपफेक का मामला**

जारी किया था। उन्हें ऐसी सामग्री पर कार्रवाई करने के लिए और अधिक आक्रामक होना होगा।

#### सरकार करेगी जल्द बैठक

उन्होंने कहाकि यद्यपि कंपनियां कुछ कदम उठा रही हैं,लेकिन उन्हें लगता है कि यह नाकाफी है अभी और कई कदम उठाने होंगे। वे जल्द ही सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ बैठक करके यह सुनिश्चत करेंगे कि प्लेटफॉर्म डीपफेक को रोकने और सस्टिम को साफ करने के लिए पर्याप्त प्रयास करें। हालांकि उन्होंने इसकी कोई आधिकारिक तिथि नहीं बताई, लेकिन माना जा रहा है कि यह बैठक अगले सप्ताह हों सकती है। यह पूछे जाने पर कि क्या बैठक में मेटा और गूगल जैसे बड़े प्लेटफॉर्म को बुलाया जाएगा तो इस उनकी प्रतिक्रिया सकारात्मक रहीं और कहाकि डीपफेक लिए जिस किसी भी प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल होता है, सरकार सभी के साथ बैठक करेगी।

---

# उत्तरकाशी टनल में 5 जगहों से बचाव अभियान

■ टनल में 7 दिन से फंसे हुए हैं 41 मजदूर ■ मशीन ले जाने के लिए सड़क बननी शुरू

**उत्तरकाशी,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 12 नवंबर सुबह 4 बजे एक निर्माणाधीन टनल का 60 मीटर का हिस्सा धंस गया। इसमें 41 मजदूर फंस गए। संभव है कि अंदर और भी मजदूर फंसे हों।

प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे ने शनिवार शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि विशेषज्ञों ने एकमत होकर राय जताई है कि हम एकसाथ पांच योजनाओं पर काम करें। जिस तरफ से पहले लोगों तक पहुंच सकेंगे, उन्हें बचाया जाएगा। इस काम में मिलकर काम कर रहे हैं। हमारे पास टनल के अंदर जाने के लिए ज्यादा जगहें नहीं हैं, क्योंकि ज्यादातर टनल स्टील से कवर्ड हो चुकी है। जिस जगह से ड्रिलिंग होनी है, उसे चिह्नित कर लिया गया है। बीआरओ ने पहाड़ के ऊपर मशीन ले जाने के लिए सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया है।



#### अंदर फंसे के बीमार पड़ने का डर

शनिवार को परिजनों ने बताया कि अब टनल में फंसे लोगों की आवाज कमजोर पड़ रही है। बात करते समय उन्हें सुनना मुश्किल हो रहा है। अंदर फंसे टनल कर्मचारी गब्बर सिंह के भाई आकाश सिंह कहा कहना था कि हमारा देश डिजिटल हो गया है। एक तरफ चंद्रयान मिशन लॉन्च किया जा रहा है लेकिन दूसरी तरफ हमारे लोगों को फंसे एक हफ्ता हो गया है। 41 लोगों की जरूरत का खाना अंदर भेजना भी संभव नहीं है, इसलिए फंसे हुए लोगों की तबीयत खराब होने की नई चुनौती सामने आ सकती है।

### आधुनिक तकनीक की ले रहे मदद : धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों के रेस्क्यू पर पल पल अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को शासकीय आवास पर अधिकारियों के साथ श्रमिकों के बचाव के लिए चल रहे रेस्क्यू कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रेस्क्यू ऑपरेशन में आ रही बाधाओं से निपटने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएं। सुरंग में फंसे लोगों के रेस्क्यू के लिए देश और दुनिया में ईजाद की गई आधुनिक तकनीक की मदद ली जा रही है।

---

राजस्थान में खड़गे ने भाजपा को घेरा

# कांग्रेस की गारंटियों को कॉपी पेस्ट कर रही भाजपा

**भरतपुर,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, ने शनिवार को राजस्थान में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में उनकी पार्टी की चुनावी गारंटी को कॉपी-पेस्ट करने का असफल प्रयास किया है। खड़गे ने कहा, भाजपा के पास नियत और नीति नहीं है। खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गरीब और दलितों के लिए झूठा वादा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि दलित वर्ग के सहायक अभियंता के साथ गंभीर रुप से मारपीट करने वाले विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारना दलितों के प्रति भाजपा का असली चेहरा उजागर होता है। श्री खड़गे भरतपुर के वैर कस्बे में भरतपुर एवं डीग जिले में विधानसभा चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनाव सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने चुनाव से पहले जल्दबाजी और असफल तरीके से झूठा एजेंडा परोसने की कोशिश की।



■ खड़गे ने कहा, भाजपा के पास नियत व नीति नहीं

### कांग्रेस के लिए तुष्टीकरण ही सब कुछ : मोदी

**भरतपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति करने, नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़, महिलाओं की सुरक्षा में लापरवाही एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस जहां-जहां आती है, वहां-वहां आतंकवादी, अपराधी और दंगाई बेलगाम हो जाते हैं। श्री मोदी शनिवार को यहां भरतपुर एवं डीग जिलों के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए तुष्टीकरण ही सब कुछ है।

---

# तमिलनाडु विधानसभा ने 10 विधेयक दोबारा पारित किए

**चेन्नई,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु की द्रमुक सरकार ने शनिवार को उन सभी 10 विधेयकों को दोबारा पारित कर दिया, जिन्हें राज्यपाल आर.एन. रवि ने लौटा दिया था। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा, केंद्र राज्यपालों के माध्यम से गैर-भाजपा शासित राज्यों को निशाना बनाता है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल सरकार की पहल को अवरुद्ध करने के इच्छुक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, एक निर्वाचित सरकार द्वारा भेजे गए विधेयकों पर सहमति देना राज्यपाल का कर्तव्य है। तमिलनाडु विधानसभा ने शनिवार को उन 10 विधेयकों को दोबारा पारित किया जिन्हें राज्यपाल ने वापस भेज दिया था। द्रमुक सरकार के इस कदम के बाद विपक्षी दलों अन्नाद्रमुक और भाजपा ने विधानसभा से बहिर्गमन किया। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल द्वारा खारिज किए गए 10 विधेयकों को पुनर्विचार के लिए राज्य विधानमंडल में एक प्रस्ताव पेश किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 के प्रावधान के तहत विधानसभा द्वारा यदि विधेयक सदन में दोबारा पारित कर अनुमोदन के लिए भेजा जाता है तो राज्यपाल अनुमति नहीं रोकेंगे।



■ राज्यपाल ने लौटा दिए थे ये 10 विधेयक
■ मुख्यमंत्री स्टालिन ने केंद्र की आलोचना की

---

# उप्र में हलाल सर्टिफाइड उत्पादों पर प्रतिबंध

**लखनऊ,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। यूपी की योगी सरकार ने हलाल सर्टिफिकेट से जुड़े फूड प्रोडक्ट पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार का मानना है कि हलाल सर्टिफिकेशन के नाम पर अवैध कारोबार हो रहा है। यही नहीं, सर्टिफिकेशन से होने वाली अवैध कमाई से आतंकी संगठनों और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को फंडिंग की जा रही है। इधर, लखनऊ के ऐशबाग के रहने वाले शैलेंद्र कुमार शर्मा ने हजरतगंज थाने में गुरुवार को हलाल सर्टिफिकेट के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। इसमें हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिंद ट्रस्ट दिल्ली, हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया मुंबई, जमीयत उलेमा मुंबई शामिल हैं।

**आतंकी संगठनों को फंडिंग का आरोप**

---

**संसद सत्र** *लोकसभा सचिवालय की ओर से दी गई जानकारी*

# चर्चा के लिए लंबित पड़े हैं 713 निजी विधेयक

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा में निजी विधेयक सदस्य पेश तो कर देते हैं, लेकिन उस पर चर्चा कम ही होती है। आंकड़े बताते हैं कि अभी भी इस निचले सदन में 713 निजी विधेयक लंबित पड़े हैं। यह जानकारी लोकसभा सचिवालय की ओर से दी गई। इनमें से कई विधेयक दंड प्रावधानों और चुनावी कानूनों में बदलाव से जुड़े हैं।**

इसमें से कई विधेयक मौजूदा लोकसभा के गठन के बाद जून 2019 में पेश किए गए थे। वहीं कुछ विधेयक इसी साल अगस्त में हुए मानसून सत्र के दौरान भी पेश किए गए।

मालूम हो कि निजी वे विधेयक वे होते हैं,जो सरकार की तरफ से नहीं, बल्कि सांसद अपनी निजी हैसियत से पेश करते हैं। ये विधेयक समान नागरिक संहिता लाने, लैंगिक समानता,जलवायु परिवर्तन, कृषि, मौजूदा आपराधिक तथा चुनावी कानूनों में संशोधन और संवैधानिक प्रावधानों में बदलाव जैसे मुद्दों से जुड़े हैं। उल्लेखनीय है कि एक बार जब किसी निजी विधेयक पर बहस समाप्त हो जाती है तो संबंधित मंत्री उसमें हस्तक्षेप करते हुए सरकार का पक्ष और मत रखते हैं और संबंधित सदस्य से विधेयक वापस लेने का अनुरोध भी करते हैं।



■ कई विधेयक दंड प्रावधानों से हैं जुड़े

### *4 दिसम्बर से शुरू होगा शीतकालीन सत्र*

*पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के अगले ही दिन 4 दिसंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होगा। चुनाव नतीजों से ही तय होगा कि लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष में से कौन ज्यादा आक्रामक रुख अपनाता है। विपक्ष जिन मुद्दों को उछाल सकता है, उनमें जातीय जनगणना की मांग सबसे प्रमुख है। केंद्रीय एजेंसियों की कथित एकतरफा कार्रवाइयों के खिलाफ 'इंडिया' गठबंधन एकजुट है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा इस सत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भी बहस छेड़ना चाहेगी। हालांकि, इस मुद्दे पर अभी लॉ कमीशन ने अपनी रिपोर्ट सरकार को नहीं सौंपी है।*

# देश

**उवाच**

जम्मू-कश्मीर में चुनाव बिना किसी देरी के होने चाहिए, क्योंकि लोग केवल चुनावी लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं और इसका दुनिया में अब तक कोई विकल्प नहीं है। लोग रोजमर्रा के मुद्दों के लिए अपने प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं।

–गुलाम नबी आजाद,जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 27.0 | 15.0 |
| मुंबई | 32.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 26.0 | 20.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 28.0 |

# केंद्र ने देश में किया महंगाई बढ़ाने का काम : कांग्रेस

**अजमेर,**18 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं। सभी राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव में जीत के लिए दम लगाया जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस के सभी दिग्गज केंद्रीय नेता पार्टी की मदद के लिए राजस्थान में पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने शनिवार को अजमेर के किशनगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान

- **राजस्थान के किशनगढ़ में मोदी सरकार पर बोला जमकर हमला**
- **राजस्थान में शासन करने के लिए बेताव दिख रही है भाजपा**

उन्होंने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी विकास चौधरी को जिताने की अपील की। भाषण के दौरान पायलट ने भाजपा और केंद्र मोदी सरकार पर भी जमकर हमला बोला। पायलट ने कहा कि 10 साल से केंद्र की भाजपा सरकार ने सिर्फ महंगाई बढ़ाने का काम किया है। गरीब और अमीर के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। पेट्रोल और डीजल के दाम देसी घी से ज्यादा हैं। गैस सिलेंडर 1100-1200 रुपए में मिल रहा है। हवाई अड्डे, रेलवे और



**हवाई अड्डे, रेलवे व बिजलीघर समेत अन्य चीजें औने-पौने दामों में अपने लोगों को बेचे : सचिन पायलट**

बिजलीघर समेत अन्य चीजें औने-पौने दामों में अपने दो-पांच लोगों को बेच दिए हैं।

**भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं**

कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा राजस्थान में शासन करने के लिए बेताव दिख रही है, पहले वे अपने सरकार के कार्यकाल में हुए काम तो दिखाएं। सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा नेता डलब इंजन की सरकार की बात करते हैं। हिमालच और कर्नाटक में भाजपा का एक-एक इंजन सीज हो गया था। जो नेता यहां मंडरा रहे हैं, वो वहां भी खूब प्रचार कर रहे थे। लेकिन, जीत कांग्रेस पार्टी की हुई। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप 25 नवंबर को कांग्रेस का बटन दबाओ, अगले साल दिल्ली वाला इंजन भी सीज कर देंगे। सभा को संबोधित करते हुए पायलट ने भाजपा पर तुष्टीकरण का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास मुद्दा नहीं है। वे सिर्फ हिंदू-मुस्लमान, मंदिर-मस्जिज और हिंदुस्तान-पाकिस्तान की बात करते हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी राजस्थान के चुनावी समर में आने वाले दिनों में 9 और सभाएं करेंगे। इसके साथ ही पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के दौरे भी तय कर दिए हैं। राजस्थान के विधानसभा चुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आने के साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के दौरे तेज हो रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को राजस्थान में तीन रैलियां संबोधित की थी। अब पार्टी ने उनकी नौ सभाएं और तय की हैं। कांग्रेस राहुल गांधी के रोड शो को लेकर भी प्लान बना रही है, लेकिन अभी तक राहुल के रोड शो को लेकर कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। राहुल गांधी सबसे पहले 19 नवम्बर को बूंदी, दौसा और सीकर में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद 21 नवम्बर को वल्लभनगर, आकोली (जालौर) और बायतू (बाड़मेर) में चुनावी सभा को संबोधित करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

### कांग्रेस ने दो बागी उम्मीदवारों को छह साल के लिए पार्टी से किया निष्कासित

**जयपुर।** राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के विरूद्ध चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस नेताओं तथा पार्टी द्वारा जारी चेतावनी के बावजूद अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में रिटायर ना होकर चुनाव लड़ने वाले दो बागी उम्मीदवारों को पार्टी ने छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने पार्टी के ऐसे बागी प्रत्याशियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए तुरन्त प्रभाव से पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित करने के आदेश जारी किए है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध बागी होकर चुनाव लड़ रहे विधानसभा क्षेत्र ब्यावर से मनोज चौहान तथा जैतारण से पूर्व विधायक दिलीप चौधरी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित किया गया है।

## तेलंगाना में सत्ता में आने पर कराएंगे मुफ्त में अयोध्या दर्शन : अमित शाह

**हैदराबाद,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को वादा किया कि अगर भाजपा तेलंगाना में सत्ता में आई तो अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन मुफ्त होंगे। अमित शाह ने गडवाल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लोगों से भाजपा को सत्ता में लाने का आग्रह किया और वादा किया कि वह उन्हें मुफ्त में दर्शन के लिए अयोध्या भेजेगी। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राम मंदिर के निर्माण में 70 साल की देरी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल आधारशिला रखी बल्कि वह 22 जनवरी को इसका उद्घाटन भी करेंगे। उन्होंने दोहराया कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो पिछड़ा वर्ग (बीसी) से किसी नेता को मुख्यमंत्री बनाएगी। बीसी राज्य की आबादी का 52 प्रतिशत हैं और 135 बीसी समुदाय हैं, इसके बावजूद कोई बीसी मुख्यमंत्री नहीं था। बीआरएस और कांग्रेस दोनों पर टिकट देने में अन्याय का आरोप लगाते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने बीसी को सबसे ज्यादा टिकट दिए हैं। अमित शाह ने कहा कि नरेंद्र



**बीआरएस सरकार को बताया देश की सबसे भ्रष्ट सरकार**

मोदी के रूप में भाजपा ने भारत को पहला बीसी प्रधानमंत्री दिया। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि तेलंगाना की बीआरएस सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। उन्होंने बीआरएस को भ्रष्टाचार रिश्वत समिति करार दिया। आरोप लगाया कि बीआरएस शासन के दौरान कई घोटाले हुए हैं। कांग्रेस ने 2004 से 2014 तक संयुक्त आंध्र प्रदेश के लिए 2 लाख रुपये आवंटित किए, उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार ने अकेले तेलंगाना को 2.50 लाख करोड़ रुपए दिए। शाह ने कहा कि केसीआर की सरकार में युवाओं को सबसे ज्यादा परेशानी हुई है।

### मोदी सरकार में पिछड़ा वर्ग से 27 मंत्री

केसीआर के दलित को तेलंगाना का मुख्यमंत्री बनाने के वादे को याद कराते हुए कहा कि केसीआर दो बार मुख्यमंत्री बन चुके हैं और अब वह केटीआर को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में बीसी से 27 मंत्री हैं। उन्होंने कहा कि बीआरएस और कांग्रेस दोनों बीसी विरोधी हैं। केवल भाजपा ही बीसी का कल्याण सुनिश्चित कर सकती है। तेलंगाना में आने वाला चुनाव पांच साल के लिए तेलंगाना का भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा कि लोगों को तय करना चाहिए कि वे डबल इंजन विकास चाहते हैं या केसीआर के झूठे वादे। आरोप लगाया कि केसीआर ने झूठे वादे करने में विश्व रिकॉर्ड बनाया है। मैं तेलंगाना के लोगों, विशेषकर युवाओं को बताना चाहता हूं कि बीआरएस को वीआरएस देने का समय आ गया है।

## सार संक्षेप

### मध्य प्रदेश विस चुनाव में वोट देने में भोपाल पिछड़ा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को हुए मतदान के दौरान देर रात तक सामने आए आकड़ों के अनुसार 76 प्रतिशत से अधिक रिकार्ड मतदान हुआ है। राजधानी भोपाल में जहां मात्र 66 फीसदी मतदान दर्ज हुआ, वहीं बालाघाट जैसे नक्सली और आदिवासी इलाके में 85 फीसदी से ज्यादा मतदान ने इस जिले को सुर्खियों में ला दिया। आदिवासी क्षेत्र मंडला और डिंडोरी में भी लगभग 83 फीसदी मतदान दर्ज हुआ।

### राजस्थान में बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान

**जयपुर।** राजस्थान में 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में 54 हजार से अधिक बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता घर बैठे मतदान कर चुके हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि 80 वर्ष उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे हैं। बुधवार से शुरू हुई होम वोटिंग में शुक्रवार तक प्रदेश भर में 54 हजार 215 मतदाताओं ने घर से मतदान किया है। गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में मंगलवार को होम वोटिंग के पहले दिन 9,687 बुजुर्ग तथा 2,655 दिव्यांग, बुधवार को 10,354 बुजुर्ग एवं 2701 दिव्यांग, गुरूवार को 14,311 बुजुर्ग एवं 3123 दिव्याग एवं शुक्रवार को 10,807 मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया।

### छत्तीसगढ़ में शहरी इलाके मतदान में रहे फिसड्डी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विस चुनावों के दूसरे एवं आखिरी चरण में 75 फीसदी से अधिक प्रतिशत मतदान हुआ। शहरी इलाके चुनाव आयोग की तमाम कोशिशों के बाद भी मतदान में फिसड्डी रहे जबकि आदिवासी एवं ग्रामीण इलाकों में जमकर वोटिंग हुई और 21 विधानसभा क्षेत्रों में तो यह 80 प्रतिशत पार कर गई। देर रात जारी अंतिम आकड़ों के अनुसार हालांकि पिछले विधानसभा चुनावों के मुकाबले वोटिंग लगभग एक प्रतिशत कम हुई है। पिछली बार दूसरे चरण की 72 सीटों पर हुए मतदान का प्रतिशत 76.62 था।

### केसीआर से डरे हुए हैं दोनों राष्ट्रीय दल : राव

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने शनिवार को भाजपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों राष्ट्रीय दल केसीआर से डरे हुए हैं। उन्हें लगता है कि अगर वह तेलंगाना में जीत जाते हैं, तो वह महाराष्ट्र आएंगे और बांसुरी बजाएंगे। महाराष्ट्र में 150 पंचायतों ने प्रस्ताव पारित कर उन्हें तेलंगाना में मिलाने का अनुरोध किया।

## तेलंगाना कांग्रेस ने केसीआर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

**हैदराबाद,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के उपाध्यक्ष जी निरंजन ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार के समक्ष मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्री टी हरीश राव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। निरंजन ने सीईसी को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री केसीआर ने शुक्रवार को वारंगल जिले के परकाला में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कीं जिसमें उन्होंने कांग्रेस को 'धोखेबाजी पार्टी' (धोखेबाज पार्टी) करार दिया था। पत्र की एक प्रति मीडिया को भी जारी की गई है।



उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस विश्व स्तर पर सबसे पुरानी पार्टी है, जिसने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और तेलंगाना को राज्य का दर्जा दिया। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया कि मुख्यमंत्री के रूप में राव ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया।शिकायत में एक अन्य उदाहरण पर भी प्रकाश डाला गया जहां वित्त और स्वास्थ्य मंत्री ने कांग्रेस पार्टी के घोषणापत्र को '420 घोषणापत्र' के रूप में संदर्भित किया, जिसके बारे में निरंजन ने तर्क दिया कि यह आदर्श आचार संहिता के भी खिलाफ है। पत्र में आदर्श आचार संहिता पर निर्देशों के सार-संग्रह के प्रासंगिक खंडों का हवाला दिया गया है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि राजनीतिक दलों को मौजूदा मतभेदों को नहीं बढ़ाना चाहिए या आपसी नफरत पैदा नहीं करनी चाहिए।

## मप्र में प्रत्याशियों की किस्मत स्ट्रांग रूम में कैद

**उज्जैन,**18 नवम्बर (एजेंसियां)। मतदान के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा करने का काम पूरी रात चला रहा और वोटिंग मशीन, जहां रखी है उन स्ट्रांग रूम को सील करने में सुबह हो गई। जिले का मतदान वैसे तो शुक्रवार को 6 बजे निपट गया था, लेकिन उसके बाद मतदान अधिकारियों मतदान की संख्या एवं पत्र देने में रात 9 बज गए। इसके बाद इंजीनियरिंग कॉलेज में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा करने के लिए दल पहुंचना शुरू हो गए। जिस प्रकार से हर टेबल पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वितरण की गई थी। उसी प्रकार हर टेबल से ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं अन्य सामग्री जमा कराई गई। सबसे पहले उज्जैन उत्तर की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा हुई, क्योंकि यह शहर का सबसे पास वाला इलाका है। रात 3:30 बजे तक सभी दलों से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा कर ली गई थी। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन जमा करने के बाद सभी मशीनों को विधानसभा वार स्ट्रांग रूम में रखवाने का काम शुरू



- **शनिवार सुबह तक चला ईवीएम जमा करने का काम**
- **सबसे पहले उज्जैन उत्तर का स्ट्रांग रूम हुआ सील**

हुआ। सबसे पहले उज्जैन उत्तर का स्ट्रांग रूम सील हुआ और सबसे आखिरी में शनिवार सुबह तराना विधानसभा का स्ट्रांग रूम सील किया गया। स्ट्रांग रूम सील करने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर और उनकी टीम तथा निर्वाचन कार्यालय की टीम ने स्क्रूटनी का काम शुरू कर दिया है। उप जिला जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र सिंह कवचे ने बताया दोपहर एक बजे तक स्क्रूटनी का काम चलेगा। वहीं मालवा निमाड़ में भाजपा और कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली कुछ सीटों पर भी बंपर वोटिंग ने उम्मीदवारों को चौकाया है। अब वे इस गुणा भाग में जुटे हैं कि बढ़ा हुआ वोटिंग प्रतिशत किसके पक्ष में रहेगा और कौन सी लहर ने काम किया, लेकिन मालवा निमाड़ की चार सीटों पर जिलों में सबसे कम वोटिंग हुई है। इन चारों सीटों पर दोनों दलों ने अपने विधायकों को दोबारा चुनाव लड़ाया है। इंदौर की दो नंबर विधानसभा में जिले में सबसे कम वोटिंग से भी चुनावी विशेषज्ञ अश्चर्य में है। यहां से तीन बार लगातार चुनाव जीते विधायक रमेश मेंदोला प्रदेश में सबसे ज्यादा वोटों का रिकार्ड भी बना चुके है, लेकिन इस बार इतना 67 प्रतिशत ही मतदान रहा। इसके अलावा धार जिले की गंधवानी सीट पर भी धार जिले में सबसे कम मतदान 73 प्रतिशत रहा। इस सीट से लगातार कांग्रेस विधायक उमंग सिंगार चुनाव जीतते रहे है। इस जिले की दूसरी सीटों पर 75 से लेकर 83 प्रतिशत तक मतदान हुआ है।

रतलाम सिटी में भी जिले में सबसे कम वोटिंग हुई है। यहां 73 प्रतिशत मत पड़े, जबकि जिले के दूसरे विधानासभा क्षेत्रों में 80 प्रतिशत से ज्यादा वोट डाले गए। मालवा निमाड़ के सबसे धनवान विधायक चैतन्य कश्यप रतलाम सीट से दूसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े हैं। इसके अलावा देवास विधानसभा में भी जिले में सबसे कम 74 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस सीट पर गायत्री राजे पंवार को तीसरी बार भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है।

### ईवीएम की सुरक्षा में पुलिस व गार्ड तैनात

सभी विधानसभाओं के स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सभी दलों के प्रतिनिधियों के सामने अंदर रखी गई और स्ट्रांग रूम पर सील लगाई गई तथा वहां पुलिस सुरक्षा और गार्ड भी लगाए गए हैं। अब सील तीन दिसंबर को मतगणना के दिन ही खोली जाएगी। कब तक कड़ी सुरक्षा के बीच इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन रहेगी।

## लोस चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में भाजपा खेलेगी हिंदुत्व कार्ड

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने पश्चिम बंगाल को लेकर अपनी नई चुनावी रणनीति तैयार की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद मोर्चा संभालने जा रहे हैं। इस साल के आखिर में 24 दिसम्बर को भाजपा सूबे में गीता पाठ समारोह का आयोजन करने जा रही है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भी कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में गीता पाठ करते नजर आएंगे। माना जा रहा है कि ममता बनर्जी के गढ़ में सेंध लगाने के लिए भाजपा इस बार हिंदुत्व का बड़ा कार्ड खेलने जा रही है।

- **प्रधानमंत्री पढ़ेंगे गीता**

लोकसभा चुनाव से पहले गीता पाठ का आयोजन राजनीतिक रूप से अहम संकेत माना जा रहा है। मालूम हो कि पश्चिम बंगाल में लोकसभा की 42 सीटे हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा 18 सीटों को जीतनें में कामयाब रही थी। हालांकि 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा अपना वह प्रदर्शन जारी नहीं रख पाई थी। उल्लेखनीय है कि इंडिया गठबंधन के वजूद में आने के बावजूद पश्चिम बंगाल में इसके परवान चढने की संभावना बेहद कम है। क्योंकि ममता की गंभीर अनबन वामदलों व कांग्रेस के साथ है। ऐस में माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा का मुकाबला सीधे टीएसमी के साथ होगा।

### 34 सीटों को जीतने का किया लक्ष्य तय

अबकी बार अमित शाह की अगुवाई में बनाई गई नई रणनीति के तहत पार्टी ने पश्चिम बंगाल में 34 सीटों को जीतने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए उसे ममता के हिंदू वोट बैंक को भेदना बेहद जरूरी होगा। इसलिए माना जा रहा है कि भाजपा हिंदुत्व के नए एजेंडे को पश्चिम बंगाल में आगे बढ़ाने की तैयारी कर रही है। बता दें कि सूबे में मुस्लिम समुदाय की 32 फीसदी आबादी है,जो पूरी तरह से टीएमसी और ममता बजर्नी के साथ जुडी है। ऐसे में भाजपा का फोकस हिंदू और आदिवासियों को साधने पर है।

## राजस्थान में 76 हजार 740 मतदान कार्मिकों ने डाले वोट

**जयपुर,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में 25 नवम्बर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों में अब तक 76 हजार 740 मतदाताओं ने सभी जिलों में बने फेसिलिटेशन सेंटर्स पर डाक मतपत्र से अपना मतदान कर चुके है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस सुविधा के तहत शुक्रवार को 42055 मतदान कार्मिकों द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया। प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों एवं अन्य जिलों में चुनाव कार्य में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र से मतदान करने के लिए फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर 24 नवम्बर तक विभिन्न दिवसों पर मतदान किया जा सकेगा। गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि यह सुविधा केंद्रों के अतिरिक्त प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी स्वयं के कार्यालय में एक सुविधा केंद्र 22 से 24 नवम्बर तक स्थापित करना सुनिश्चित करेंगे।

## बालोद में 2018 के अपेक्षा 2023 के चुनाव में हुआ अधिक मतदान

**बालोद,**18 नवम्बर (एजेंसियां)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत बालोद जिले में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से जिले में इस बार पिछले विधानसभा निर्वाचन से मतदान में बढ़ोतरी हुई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा ने शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न होने पर जिले के सभी मतदाताओं, आम नागरिकों एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारी-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी बधाई**

उल्लेखनीय है कि विधानसभा निर्वाचन 2018 में जिले में मतदान का प्रतिशत 82.43 प्रतिशत था, जो कि इस वर्ष विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी करते हुए 83.51 प्रतिशत मतदान हुआ है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 83.51 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें संजारी-बालोद विधानसभा में 84.83 प्रतिशत, डौंडीलोहारा विधानसभा में 81.89 प्रतिशत तथा गुंडरदेही विधानसभा में 83.76 प्रतिशत मतदान हुआ। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वृहद रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से जिले के मतदाताओं एवं आम नागरिकों को लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए, उन्हें सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। जिले में सभी वर्गों के मतदाताओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

**चुनाव** | *मध्य प्रदेश की सीहोर विधानसभा में ग्रामीण मतदाताओं ने दिखवाया उत्साह*

## मतदान में वरखेड़ा खरेट बना अव्वल, 95 प्रतिशत ने डाले वोट

**सिहोर,18 नवम्बर (एजेंसियां)। विधानसभा चुनाव का मतदान होने के साथ ही चुनावी हलचल थम गई है। जिले में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। अब चुनाव नतीजे आने के बाद पता चलेगा कि किस दल के प्रत्याशियों की तरफ मतदाताओं का मत अधिक पड़ा और कौन से दल का प्रत्याशी बेहतर स्थिति में है। सीहोर विस की बात करें।**

तो यहां के वरखेड़ा खरेट मतदान केंद्र क्रमांक 102 के मतदाताओं ने मतदान करने में सबसे ज्यादा जागरूकता दिखाई। यहां सीहोर विधानसभा का सबसे ज्यादा 95.22 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि मतदान में सबसे फिसड्डी सीहोर शहरी क्षेत्र का स्वामी विवेकानंद स्कूल में बना मतदान केंद्र 233 रहा। यहां मात्र 54.83 प्रतिशत मत डाले गए। 17 नवम्बर को चुनाव मतदान होने के बाद जिले के 39 प्रत्याशी और उनके समर्थक विभिन्न पोलिंगों पर हुए मतदान को लेकर डाले गए वोट का मंथन के साथ जीत हार का गणित लगाते रहे। वहीं, अनेक प्रत्याशियों ने चुनाव मतदान होने के बाद पिछले करीब दो सप्ताह से चली आ रही चुनावी थकान को मिटाया। इसके साथ ही अब चुनावी चर्चाएं प्रत्याशियों के कार्यालयों के अलावा चौक-चौराहों और पान की दुकानों पर होने लगी है। आखिर ऊंट किस करवट बैठेगा। हालांकि दोनों दलों के प्रत्याशी और समर्थक अपने-अपने दलों के नेताओं को विजयी श्री का गुण गा रहे हैं और जीत के दावे कर रहे हैं। सीहोर विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो सीहोर विधानसभा में ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम रहा। ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत 80 प्रतिशत से अधिक रहा। वहीं, शहरी क्षेत्र के एक मतदान केंद्र का प्रतिशत 54.83 तक नीचे रहा। सीहोर विधानसभा में सबसे अधिक मतदान केन्द्र क्रमांक 102 वरखेड़ा खरेट का रहा। यहां सीहोर विस का सबसे ज्यादा 95.22 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां 565 वोटरों में से 538 ने मतदान किया, जबकि मतदान में सबसे फिसड्डी सीहोर शहरी क्षेत्र का स्वामी विवेकानंद स्कूल में बना मतदान केंद्र 233 रहा।



- **मतदान होने के बाद चौक-चौराहों पर चुनावी चर्चाओं का दौर शुरू**

यहां मात्र 54.83 प्रतिशत मत डाले गए। यहां कुल वोटर 642 में से 352 ने मतदान किया। वहीं राजनैतिक विशेषज्ञों की माने तो इस बार कटनी में बढ़े मतदान प्रतिशत का रोल निभाने वाली महिलाएं हैं, जिन्होंने 75.05 प्रतिशत मतदान करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में अपनी आहुति देने का बेहतर कार्य किया है। जो पुरुषों से 0.5 प्रतिशत ही कम था। क्योंकि इस तरह से 76 प्रतिशत पुरुषों का मतदान रेसियो शामिल है। बात करे थर्ड जेंडर की इस बार इन्होंने 46.15 लोगों ने वोटिंग कर चौंका दिया, जो काफी ज्यादा माना जा रहा है। देखना यह है आने वाले तीन दिसंबर को ये वोटिंग किसका भाग्य उदय करेगी।

उल्टा पुल्टा

बेटा ( अपनी मां से ) : मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं। प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी : क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं?
बेटा : नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे!!

# कैपिटल ज़ोन

## उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रही सरकार : सौरभ

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। 42 वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 की थीम वसुधैव कुटुंबकम-यूनाइटेड बाय ट्रेड के अनुरूप दिल्ली डीएसआईआईडीसी ने कॉन्फ्रेंस हॉल नंबर 8, प्रगति मैदान में मेकिंग दिल्ली एंटरप्रेन्योर्स पैराडाइज पर एक सेमिनार का आयोजन किया था। सेमिनार की अध्यक्षता दिल्ली सरकार के उद्योग मंत्री सौरभ भारद्वाज ने की। सौरभ भारद्वाज, उद्योग मंत्री, दिल्ली सरकार ने दिल्ली सरकार की स्टार्ट-अप नीति पहल के बारे में प्रकाश डाला जो दिल्ली में स्टार्ट-अप उद्यमों को प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने कहा कि नीति को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है और जल्द ही इसे अधिसूचित किया जाएगा। मंत्री ने दिल्ली सरकार द्वारा उठाए जा रहे कई कदमों के बारे में भी प्रकाश डाला, जैसे गैर-पुष्टिकारी औद्योगिक क्षेत्रों को पुष्टिकरणीय औद्योगिक क्षेत्रों में बदलने के लिए, दिल्ली के पुराने प्रसिद्ध मार्केट को आधुनिकीकरण करने आदि पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा के प्राथमिक स्तर पर उद्यमशील मानसिकता विकसित करने के लिए स्कूलों में उद्यमी पाठ्यक्रम को एकीकृत करने की दिल्ली सरकार की पहल के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि दिल्ली सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस नीति के माध्यम से अनुपालन को सरल बनाकर उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उद्योग मंत्री ने यह भी बताया कि दिल्ली सरकार एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए काफी प्रेरित है। डीएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक संजीव मित्तल ने अपने स्वागत भाषण में बताया कि विकास योजना के चरण-1 में जीएनसीटीडी के नौ हितधारक विभागों की 34 सेवाओं को एकल खिड़की प्रणाली पर शामिल किया गया है। सिंगल विंडो सिस्टम के चरण-2 विकास में, 7 हितधारक विभागों की 18 सेवाओं को आगामी वर्ष में शामिल किया जाएगा।




एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए सरकार काफी प्रेरित है : सौरभ भारद्वाज

डीएसआईआईडीसी ने मेकिंग दिल्ली एंटरप्रेन्योर्स पैराडाइज पर सेमिनार किया आयोजित

### जीईएम में आ रहे 50 प्रतिशत से अधिक ऑर्डर

प्रकाश मिरानी, संयुक्त सचिव और अतिरिक्त सीईओ, जीईएम ने युवा उद्यमियों द्वारा विपणन के अवसरों को खोजने में जीईएम पोर्टल के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि जीईएम में 50 प्रतिशत से अधिक ऑर्डर सूक्ष्म और लघु विक्रेताओं के पास जा रहे हैं। पक्षपातपूर्ण बोलियों पर चिंताएं बढ़ाने, बोलियों की अस्वीकृति के कारणों की तलाश करने और जीईएम में एंड-टू-एंड डिजिटल प्रक्रिया के फायदों के बारे में प्रावधान हैं, जिससे आदेशों की स्वीकृति में समय अंतराल कम हो जाता है और विक्रेताओं को भुगतान जारी करने में विफल रहता है, जिसमें 11 तारीख से ब्याज लगाया जाता है।

## महिला ने घर की छत से लगाई छलांग, मौत

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। पूर्वी दिल्ली में घर की छत से कूदने के बाद 35 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मृतका की पहचान दल्लूपुरा गांव निवासी संतोष के रूप में हुई है, जो यूपी के नोएडा की एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करती थी। एक अधिकारी ने कहा कि



शुक्रवार शाम 4 बजे न्यू अशोक नगर पुलिस स्टेशन को एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि एक महिला छत से कूद गई है। सूचना पाकर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि घायल को पहले ही एलबीएस अस्पताल भेज दिया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अपराध और एफएसएल टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस टीम अस्पताल गई जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया था। जांच और कार्यवाही की जा रही है।

## इंडिया के जीतने से हर भारतीय का सीना होगा गर्व से चौड़ा : कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच अहमदाबाद में खेले जाने वाले फाइनल मैच के लिए प्रार्थनाओं का दौर शुरू हो गया है। अहमदाबाद में खेले जाने वाले इस मैच को लेकर फैंस का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। उधर, राजनैतिक दल भी इससे अछूते नहीं हैं, विश्व कप में रविवार को होने वाले फाइनल मैच में इंडिया की जीत के लिए शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने माता सुंदरी गुरुद्वारे में अरदास करने के बाद कहा कि वह आज वाहे गुरु से प्रार्थना करने आए थे कि फाइनल मैच में भारत के जीतने से हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा।

लवली ने कहा वैसे तो ये पूरे भारत के लोगों की टीम है, लेकिन इस विजय में खासतौर पर दिल्ली के निवासी विराट कोहली और श्रेयस अय्यर विशेष तौर दिल्ली वालों को बहुत उम्मीद है कि सेमी फाइनल की तरह फाइनल मैच में भी सभी खिलाड़ियें के साथ दोनो भारत की जीत में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे। जिससे दिल्ली वालों को विशेष गर्व की अनूभूति हो सके। उन्होंने कहा कि इस समय भारतीय टीम पूरी तरह संतुलित है और सारे खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के साथ देश को वर्ल्ड कप में विजय दिलाने को तैयार है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पूरी टीम धैर्य का परिचय देते हुए ऑस्ट्रेलिया को उसी तरह पराजित करेगी जैसे अभी तक के सभी दस के दस मैचों में अपने प्रतिद्वंदियों को हराया है, जिनमें से एक ऑस्ट्रेलिया भी शामिल है। लवली के साथ के साथ जितेन्द्र कुमार कोचर, जगजीत सिंह सिक्का, सुनील बजाज, अमनदीप सिंह सूदन, गुरअमरीत सिंह नामधारी, सरबजीत सिंह, राजेन्द्र सिंह, के बी सिंह, जगजीवन शर्मा, हरनाम सिंह, लक्ष्मण रावत, राजीव वर्मा, अनुज आत्रेय, लक्की तलवार, पवन वशिष्ठ, मौजूद सभी लोगों भारतीय टीम की जीत की अरदास की।



■ विश्व कप में इंडिया की जीत के लिए लवली ने की अरदास

**सार संक्षेप**

### एसएमई के लिए पहला रिसाइकल्ड रूपे कार्ड लॉन्च

**नई दिल्ली।** यूके के अग्रणी व्यवसाय-वित्त प्लेटफॉर्म टाइड ने दिल्ली में एसएमई के लिए पर्यावरण के अनुकूल पृथ्वी रूपे कार्ड को पेश किया है। टाइड का पृथ्वी रूपे कार्ड रिसाइकल्ड सामग्री को काम में लेता है, जिससे प्लास्टिक के कचरे और फिर प्लास्टिक के प्रदूषण को कम करना संभव है। इस अवसर पर टाइड इंडिया के सीईओ गुरजोधपाल सिंह ने कहा कि टाइड में हमारा मानना है कि व्यवसायों को जलवायु परिवर्तन में कमी लाने के लिए कल नहीं, बल्कि अभी कठोर कार्यवाही करनी चाहिए। उद्योग में पहला हमारा यह कदम ग्रीनहाउस गैसों के दुष्प्रभाव को रोकने के लिए भारत की कोशिशों को सहयोग देता है। हम दिल्ली में एसएमई के लिए पृथ्वी रूपे कार्ड को लाकर प्रसन्न हैं। यह कार्ड सरकार की पर्यावरण को हितैषी पहलों को सहयोग देता है, प्लास्टिक का कचरा कम करने में योगदान देता है और भारत में एसएमई की तरक्की में सहयोग के लिए टाइड का वादा दिखाता है। व्यवसायों को विस्तार देने के साथ ही, टाइड भारत तथा विश्व में अपने ग्राहकों के लिये नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करना आसान बनाने के लिए टाइड का संकल्प शामिल है।

### कोविंद ने प्रज्ञसागर मुनिराज से मिलकर की विश्व शांति पर चर्चा

**नई दिल्ली।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर लोधी रोड़ पर विराजमान प्रज्ञसागर जी मुनिराज दर्शन करने पधारे भारत के चौहदवे राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समिति के मुख्य संयोजक सत्यभूषण जैन ने मंदिर में विराजमान भगवान महावीर स्वामी के दर्शन कराये एवं भगवान को निर्वाण लाडू अर्पण किया। कोविंद ने चर्चा में पुज्य गुरुदेव से पूछा कि हम विश्व में शांति किस प्रकार ला सकते है। आचार्य श्री ने बताया कि भगवान महावीर के सिद्धांत अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह से ही विश्व में सुख-शांति समृद्धि ला सकते हैं क्योंकि महाविनाश का कारण हिंसा है आज के परिवेश में हम सबको मिलकर भगवान महावीर स्वामी के बताए हुए रास्ते पर चलकर ही विश्व में शांति स्थापित कर सकते है। साथ ही भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समिति के मुख्य संयोजक सत्यभूषण ने बताया कि 13 नवम्बर को भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण का 2550वां वर्ष प्रारंभ हो गया है।

## केजरीवाल ने मुख्य सचिव को बर्खास्त करने की मांग से जुड़ी रिपोर्ट एलजी को भेजी

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सतर्कता मंत्री आतिशी की रिपोर्ट उपराज्यपाल को भेजी है, जिसमें मुख्य सचिव नरेश कुमार पर पद का इस्तेमाल करके बेटे की भागीदारी वाली कंपनी और आईएलबीएस के बीच लाभप्रद सहयोग कराने का आरोप लगाया गया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह रिपोर्ट गुरुवार को सतर्कता मंत्री ने केजरीवाल को सौंपी थी। रिपोर्ट में कुमार को निलंबित करने और मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई से जांच कराने की सिफारिश की गई है। मुख्य सचिव के करीबी सूत्रों ने दावा किया है कि उनके बेटे ने कंपनी और आईएलबीएस के बीच किसी भी समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। उन्होंने दावा किया कि वह शेयरधारक, निदेशक, भागीदार या कर्मचारी के रूप में संबंधित कंपनी से बिल्कुल भी जुड़े नहीं हैं।



■ कुमार पर है आईएलबीएस के बीच लाभप्रद सहयोग कराने का आरोप

यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान आईएलबीएस ने गुरुवार को एक बयान में आरोपों को पूरी तरह से निराधार और तथ्यहीन बताया था। बयान में कहा गया है, आईएलबीएस पुष्टि करता है कि उसने कोई खरीद आदेश जारी नहीं किया या किसी एएल सॉफ्टवेयर डेवलपर या कंपनी को कोई भुगतान नहीं किया। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि कुमार के बेटे की कंपनी और आईएलबीएस ने 24 जनवरी 2023 को एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए थे।

रिपोर्ट में दावा किया गया कि एमओयू में कंपनी को इस परियोजना के माध्यम से विकसित किसी भी बौद्धिक संपदा के लिए संयुक्त बौद्धिक संपदा अधिकार दिया गया और इस सहयोग से तैयार होने वाले उत्पाद से भविष्य में होने वाली कमाई के मुनाफे को दोनों के बीच 50-50 प्रतिशत बांटने का प्रावधान किया गया। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है, प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि नरेश कुमार ने अखिल भारतीय सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन किया है और अपने पद का इस्तेमाल सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाकर अपने बेटे की कंपनी को लाभप्रद सहयोग उपलब्ध कराने के लिए किया।



■ नई दिल्ली स्थित कालिंदी कुंज में यमुना नदी के तट पर सूर्य देव को अर्घ्य देती महिलाएं।
फोटो इम्तियाज खान

## 21 व 22 को मनाया जाएगा गुरु नानक एकता समारोह



**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा साकेत नेक्सस सेलेक्ट सिटी वॉक, डब्ल्यूएससीसी द्वारा 21 और 22 नवम्बर को दोपहर 3:30 बजे से रात 9 बजे तक नेक्सस सेलेक्ट सिटी वॉक साकेत के ओपन एयर एम्फीथिएटर में गुरु नानक देव जयंती और उनकी एकता के संदेश का समारोह मनाया जा रहा है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी तथा इकबाल सिंह लालपुरा अध्यक्ष, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग समारोह की अध्यक्षता करेंगे। वहीं रमन सिद्धू, यूरोपियन बिजनेस ग्रुप के अध्यक्ष, स्वामी ब्रह्मचित्त-आर्ट ऑफ लिविंग, सरदार तरलोचन सिंह, पूर्व सांसद, राज्यसभा, एस.डी. एम.डी. नेक्सस सेलेक्ट सिटी वॉक। योगराज अरोड़ा, नेक्सस सेलेक्ट सिटी वॉक, गुरजोत सिंह नारंग, आईआरएस सेवानिवृत्त, हरचरण सिंह नाग, अध्यक्ष गुरु ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र, डॉ. राजिंदर सिंह चड्ढा, वेव्स ग्रुप, जगदीप सिंह चड्ढा, पूर्व अध्यक्ष पंजाब नेशनल बैंक, डॉ. परमीत सिंह चड्ढा, वैश्विक अध्यक्ष-वर्ल्ड सिख चैंबर ऑफ कॉमर्स दलजीत सिंह पाल, अध्यक्ष, गुरुद्वारा साकेत, नई दिल्ली इस कार्यक्रम में उपस्थित होंगे।

## रामलीला मैदान पहुंचे गौ भक्त : चरणजीव मल्होत्रा

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर 20 नवम्बर को दिल्ली में होने जा रहे राष्ट्रमाता प्रतिष्ठा आंदोलन के मद्देनजर भारतीय गौ क्रांति मंच के संरक्षक और कार्यक्रम के आयोजक चरणजीव मल्होत्रा ने गौ भक्तों से रामलीला मैदान पहुंचने की अपील की है। उनका कहना है कि इस आंदोलन में गाय को राष्ट्र माता के रूप में मान्यता देने की वकालत की जाएगी, जिसमें भारी संख्या में साधु-संत जुटेंगे। वहीं, मंच के संस्थापक गोपाल मणि महाराज राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक ताने-बाने में गाय की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए सक्रिय रूप से इस उद्देश्य की दिशा में काम कर रहे हैं। बता दें कि गौमाता राष्ट्रमाता गौ प्रतिष्ठा आंदोलन 20 नवंबर को दिल्ली में होगा। जिसको लेकर लोगों ने पूरी तरह तैयार कर ली है। संस्थापक गोपाल मणि ने बताया कि दिल्ली में 20 नवम्बर राम लीला मैदान में बड़ी संख्या में सैलाब रैली होगी।




**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेक्टर-पाली की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-पी.ए.एल.343, भूखण्ड संख्या-98 पाकेट बी, क्षेत्रफल-160 वर्ग मीटर श्री राम चरन पुत्र श्री जहारिया, निवासी-ग्राम-पाली, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री राम चरन पुत्र श्री जहारिया की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसान सर्वश्री श्रीया, रमेश, रोहताश पुत्रगण स्व० श्री राम चरन, श्रीमती रामकली पत्नी स्व0 श्री राम चरन, श्रीमती प्रकाशी (विवाहित), श्रीमती मुनेश (अविवाहित) पुत्रीगण स्व० श्री राम चरन, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 में से सर्वश्री श्रीया, रमेश, रोहताश पुत्रगण स्व० श्री राम चरन, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र० के पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके सर्वश्री श्रीया, रमेश, रोहताश पुत्रगण स्व० श्री राम चरन, निवासी-ग्राम-पाली, ग्रेटर नोएडा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र० के पक्ष में सह आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 08-12-2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| ए | सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/बड़ौदा हाउस तिलक ब्रिज रेलवे कॉलोनी में स्विमिंग पूल, जिम, बास्केट बॉल कोर्ट, शौचालय की विशेष मरम्मत और अन्य विविध कार्यों हेतु। | 16472267.76 रूपये | 232400.00 रूपये | 06 महीने |

1. निविदा दिनांकः 08-12-2023 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।
पत्र संख्याः- 128-डब्लयू/269/निविदा सूचना/23-24/डब्लयू-ई/टेंडर नं. 33
दिनांकः 16-11-2023 3598/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0
सार्वजनिक सूचना

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत M/s Hi Castle Realtech Limited के भूखण्ड संख्या-229 सैक्टर-बीटा-2 ग्रेटर नोएडा स्थित भवन के पुनरीक्षित स्वीकृत मानचित्र हेतु ऑनलाईन के माध्यम से आवेदन किया गया है। जिसका आवेदन संख्या-SCR-15773 है तद्‌क्रम में U.P. Apartment Act. 2010, Amendment 2016 in Section-4 Sub Section-B के अन्तर्गत परियोजना के आवंटियों से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है। इस संबंध में विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत पुनरीक्षित स्वीकृत मानचित्र एवं Declaration of U.P. Apartment Act-2010 के अनुसार परीक्षण किसी भी कार्यदिवस में सुबह 9:30 से सायं 6:00 बजे के मध्य नियोजन विभाग में तथा प्राधिकरण की वेबसाईट पर किया जा सकता है।
अतः उपरोक्त परियोजना के आवंटियों द्वारा Revised Sanction Map एवं Declarations of U.P. Apartment Act 2010 के संबंध में सूचना प्रकाशित करने के 30 दिनों के अन्दर आपत्तियाँ/सुझाव आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त के निहितार्थ अपनी आपत्तियां लिखितरूप से अपने आवंटन पत्र, नाम, पता एवं दूरभाष नम्बर के साथ कार्यालय समय व कार्यदिवस में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय, भूखण्ड संख्या-1, नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा में स्थित महाप्रबंधक नियोजन को सम्बोधित करते हुए सूचना प्रकाशित होने के 30 दिवसों के अन्दर जमा करायी जा सकती है।

महाप्रबन्धक (नियो0/वास्तु0 )


**आस्था** *छठ पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया आयोजन*

## खरना प्रसाद के महत्व से कराया अवगत

**नई दिल्ली, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। छठ महापर्व की उत्सव धर्मी माहौल के बीच शनिवार को दिल्ली में कई जगह सांस्कृतिक आयोजन और छठ पर्व के दूसरे दिन खरना के दिन विभिन्न आयोजनों की धूम रही। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अब छठ पर्व सामाजिक, सांस्कृतिक के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण राजनीतिक त्योहार भी हो गया है कारण यह है कि दिल्ली में पूर्वांचली समाज की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान के रूप छठ पर्व एक बड़ा संस्कृतिक आयोजन हो गया है। पूर्वांचली समाज की सांस्कृतिक विरासत के रूप में छठ पर्व अब दिल्ली के सभी समुदाय के लोग मनाने लगे हैं। पहले दिन नहाय खाय के दिन जहां घीया और चावल का प्रसाद ग्रहण किया जाता।**

है वहीं दूसरे दिन खरना के दिन गन्नों के रस या गुड़ से बने खीर और रोटी की प्रसाद ग्रहण करने की परम्परा है। दिल्ली में पहली बार सामूहिक रूप से खरना प्रसाद ग्रहण का अयोजन भी भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष नीरज तिवारी के आवास पर हुई जिसमे प्रसाद ग्रहण करने के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा सांसद मनोज तिवारी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता सहित विभिन्न दलों के अनेकों नेता, कार्यकर्ता, पत्रकार, समाजसेवी शामिल हुए। खरना के महत्व को बताते हुए छठ व्रती और नीरज की धर्म पत्नी सुप्रसिद्ध महिला चिकित्सक और सर्जन डॉ. सिंधूजा तिवारी ने कहा कि यह दुनियां में सबसे ज्यादा पवित्रता से मनाया जानें वाला पर्व है यह प्रकृति की उपासना का कृषि पर्व है जिसमे देवता के रूप में भगवान सूर्य साक्षात होते हैं और किसी भी कर्मकांड, पुरोहित, से मुक्त सभी समाज के बीच समरसता फैलाने वाला त्योहार है। इस संबध में पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि जिस प्रकार हर वर्ष विभिन्न लोगों द्वारा होली मिलन, दीपावली मिलन और रोजा इफ्तार जेसे अयोजन भव्य तरीके से होता है उसी तरह अब हर वर्ष खरना प्रसाद मिलन समारोह का आयोजन जगह जगह किया जाएगा। छठ एक पर्व हीं नहीं एक जीवन संस्कृति है।



■ खरना के दिन गन्नों के रस या गुड़ से बने खीर व रोटी की प्रसाद ग्रहण करने की है परम्परा


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा-201310
जिला गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सेक्टर पाली की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-पी.ए.एल.349, भूखण्ड संख्या-113, पाकेट बी, क्षेत्रफल 160 वर्ग मीटर को आवंटित श्री विद्याराम पुत्र श्री जहारिया, निवासी-ग्राम-पाली, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री विद्याराम पुत्र श्री जहारिया की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती सर्वश्री सीरिया, रोहताश, रमेश पुत्रगण श्री रामचरन भतीजा स्व० श्री विद्याराम, निवासी-ग्राम-पाली, परगना व तहसील- दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि० वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या-3, जिल्द संख्या-73, पृष्ठ संख्या-395 से 406 पर क्रमांक 415 दिनांक 16.11.2015 को उप निबन्धक दादरी, गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में पर सर्वश्री सीरिया, रोहताश, रमेश पुत्रगण श्री रामचरन भतीजा स्व० श्री विद्याराम, निवासी-ग्राम-पाली, परगना व तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. स. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 15235236 | 3150 के वी ए, 66 के वी/11 के वी पावर ट्रांसफार्मर | 01 नग | 11-12-23 |
| 02 | 09242014 | एक्सल एन्ड कैप स्क्रू | 296220 नग | 14-12-23 |
| 03 | 15235081A | ई ओ टी क्रेन | 04 नग | 18-12-23 |
| 04 | 15235182 | सी एन सी कटिंग एंड ड्रिलिंग मशीन | 01 नग | 21-12-23 |
| 05 | 07230029 | साइलेंट ब्लॉक फॉर एंकर लिंक | 7319 नग | 08-01-24 |
| 06 | 09232330 | टॉप साइट बेयरर लाइनर | 7313 नग | 15-01-24 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। टेंडर नोटिस सं. 69/2023-2024 दिनांक 17/11/2023
3606/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

स्वच्छ त्यौहार और स्वच्छ घाट के लिए जन जागरूकता अभियान भी चलाया गया। पांचो जोनों में स्थित छठ घाटों पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं जिसमें जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग मिल रहा है :

**विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त**



## 17 दिन में किए 1 लाख ई चालान

**नोएडा,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। सड़क सुरक्षा के अभियान के तहत 17 दिनों में 1 लाख 6 हजार 210 वाहनों के ई चालान किए गए। इसके अलावा 533 वाहनों को बिना फिटनेस का चालान किया गया। ओवरलोडिंग के 47 और 41 वाहन सीज किए गए। शनिवार को महामाया फ्लाईओवर के पास अभियान चलाया गया । इस दौरान कुल 4 डबल डेकर बसों को सीज किया गया । इसके अलावा ओवर लोडिंग के मामले में 17 डबल डेकर बसों का चालान किया गया। डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को चालान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यातायात माह मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके बाद भी लोग नियमों का उल्लंघन कर रहे है। हाल ही में दो डबल डेकर बसों में आग की वजह फिटनेस का नहीं होना था। इसलिए लगातार डबल डेकर बसों की जांच की जा रही है। ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# फरीदाबाद के गांव से बरामद दो कोबरा सांपों का किया गया मेडिकल परीक्षण

**नोएडा,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। रेव पार्टी आयोजित करने और उसमें सांपों का जहर सप्लाई करने के आरोपों में घिरे यूट्यूबर एल्विश यादव प्रकरण में रिमांड पर लिए गए राहुल की निशानदेही पर जो रजिस्टर बरामद

■ **आला अधिकारियों के मंथन के बाद सिंगर फाजिलपुरिया को भेजा जा सकता है नोटिस**

हुआ था, उसमें 50 से 60 मोबाइल नंबर मिले हैं। ये नंबर बुकिंग के हैं। इन नंबरों से राहुल के पास फोन आया और पार्टी के लिए सांप और वेनम लाने के लिए कहा गया। बीते दिनों फरीदाबाद स्थित गांव से जो दो कोबरा बरामद हुए थे उन्हें भी इन पार्टियों में ले जाया गया था। केस के खुलासे के बाद से पार्टियां लगातार कैंसिल हो रही हैं। संबंधित मोबाइल नंबर की सीडीआर निकाली जा रही है। ज्यादातर मोबाइल नंबर बंद हैं। राहुल की डायरी के कुछ पेज में कोडिंग भाषा में कुछ लिखा गया है। इसे डिकोड करने की कोशिश की जा रही है। अक्सर देखा गया है कि इस तरह के केस में कोड वर्ड का प्रयोग किया जाता है। इसमें कोड वर्ड के जरिए वेनम, सांप, नशे के वैराएटी के बारे में लिखा हो



सकता है। जिसे राहुल ही जानता है। हालांकि पूछताछ में उसने इस तरह की कोडिंग के बारे में जानने से इंकार किया। नोएडा पुलिस का कहना है अभी उनकी मंशा तीसरी बार आरोपियों को रिमांड पर लेने की नहीं है।

डीएफओ पीके श्रीवास्तव ने बताया कि रिमांड के दौरान राहुल की निशानदेही पर बीते दिनों जो दो कोबरा बरामद हुए थे,शनिवार को उनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। तीन सदस्यीय चिकित्सकों की टीम ने सांपों का परीक्षण किया। रिपोर्ट रविवार को आएगी। रिपोर्ट में अगर दोनों कोबरा स्वस्थ मिले तो इन्हें प्रकृतिवास में छोड़ने के लिए वन विभाग की ओर से न्यायालय के समक्ष अर्जी लगाई जाएगी। वहां से स्वीकृति मिलने ही सांपों को शहर के किसी जंगल में छोड़ दिया जाएगा। अबतक इस मामले में कुल 11 सांप बरामद हो चुके हैं,जिनमें कई विलुप्तप्राय भी हैं। पूर्व में बरामद नौ सांपों को जंगल में छोड़ा जा चुका है। अन्य दोनों सांपों का यह भी टेस्ट होना है कि उनमें से जहर निकाला गया है या नहीं।

**इसलिए केस में हो रही देरी**

पुलिस के मुताबिक जो इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य अभी तक राहुल समेत अन्य आरोपियों के पास से मिले हैं। उसकी रिपोर्ट आने में समय लग रहा है। रिपोर्ट आने में कुछ दिन और लगेंगे। जैसे ही सभी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की रिपोर्ट मिलेगी जांच में तेजी आएगी। राहुल की डायरी में जो बुकिंग मिली है उनकी सीडीआर निकाली जाएगी। इसके लिए टेलीकॉम कंपनियों से बातचीत की जा रही है। साथ ही इनके नाम और पता भी लिए जाएंगे। ये नंबर पार्टी बुक कराने वाले मीडिएटर हो सकते है। हालांकि डायरी से मिले नंबरो में शायद ही किसी मेन पार्टी का नंबर हो अधिकांश मीडिएटर है। बीते दिनों की एल्विश का एक नया गाना लांच हुआ है, जिसे काफी सराहा जा रहा है। एल्विश इस समय शूटिंग में व्यस्त है। हालांकि इंटरनेट पर उसके सांपों के साथ वीडियो वायरल होने का सिलसिला जारी है।

# आज डूबते सूर्य को दिया जाएगा अर्घ्य

■ **घाटों के आसपास बनाई जा रही बेदियां**

■ **सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम**

**नोएडा,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। लोक आस्था के महापर्व छठ में आज डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। पर्व को लेकर बाजारों में आज भी दिन भर खरीदारी की गई। वहीं, शहर के स्थाई-अस्थाई छठ घाटों पर भी तैयारी अंतिम चरण में है। यहां बेदियां बनाने का काम किया गया। 20 नवंबर को सूर्योदय के समय दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा। भगवान भास्कर को सूप पर गाय के दूध और गंगाजल का अर्घ्य देने के बाद व्रत खोला जाएगा। सोसाइटी और सेक्टरों में विशेष तैयारी सामाजिक संस्थाओं के साथ-साथ शहर के सभी सेक्टर एवं सोसाइटी में छठ उत्सव पर खास आयोजन किए जा रहे हैं। सेक्टर-62 सी ब्लॉक रजत विहार सोसाइटी में श्रद्धालुओं ने ध्वजारोहण प्रांगण में छठ उत्सव का आयोजन किया। यहां छठ का लेकर कई आयोजन किए जा रहे है। वहीं, पूर्वांचल मित्र मंडल छठ पूजा समिति द्वारा सेक्टर 31 स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में छठ पूजा महोत्सव शुरू हुआ। अखिल भारत हिन्दू महासभा और अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि सूर्योपासना के पर्व छठ के लिए विशेष तैयारी की गई है। छठव्रतियों के लिए 60 फीट लंबा, 25 फीट चौड़ा और 4 फीट गहरे तालाब का निर्माण किया गया है। छठ महापर्व को लेकर शहर में लगभग 50 से



अधिक सेक्टर एवं सोसाइटी में घाट का निर्माण किया गया है। घाटों में गंगाजल मिश्रित पानी भरा जाएगा। सेक्टर - 21ए स्थित नोएडा स्टेडियम में शहर का सबसे बड़ा छठ घाट बन रहा है। सेक्टर 31 के शहीद भगत सिंह पार्क में पूर्वांचल मित्र मंडल छठ पूजा समिति के छठ पूजा महोत्सव में व्रतियो पर पुष्प वर्षा होगी। समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने बताया कि घाट में पानी के साथ गंगाजल एवं गुलाब की पंखुड़ियां भी डाली जाएंगी। एक कुंतल गुलाब के फूलों से छठ व्रतियों पर पुष्प वर्षा होगी।

## सार संक्षेप

### बैंककर्मी बनकर महिला का अकाउंट किया खाली

**नोएडा।** बैंककर्मी बनकर साइबर जालसाजों ने एक महिला के खाते से चेक क्लियर कराने के बहाने एक लाख रुपए निकाल लिए। महिला ने मामले की शिकायत फेज तीन थाने में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-70 स्थित बसई गांव निवासी निशू यादव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने किसी व्यक्ति को अपने खाते का एक चेक दिया था। यह चेक किसी कारणवश बाउंस हो गया था। कुछ दिनों पूर्व उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। उसने खुद को सेक्टर-66 स्थित एसबीआई बैंक का कर्मचारी बताते हुए संबंधित व्यक्ति ने बाउंस हुए चेक को क्लियर करने की बात कही। कॉल कटने के कुछ समय बाद जब महिला के मोबाइल पर एक लाख रुपए निकलने का मैसेज आया, तब उसे ठगी की जानकारी हुई। महिला ने जब संबंधित व्यक्ति के मोबाइल पर कॉल की तो नंबर बंद मिला। इस मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आइटी एक्ट में केस दर्ज हुआ है।

### चोरी के 3183 पैंट के साथ कर्मचारी गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-67 स्थित कंपनी से हजारों जींस की पैंट चोरी करने वाले कर्मचारी को फेज तीन थाने की पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। कंपनी प्रतिनिधि ने इस मामले में कुछ दिन पहले संबंधित थाने में केस दर्ज कराया था। आरोपी कर्मचारी की पहचान कानपुर देहात निवासी गोपाल बाथम के रूम में हुई। गोपाल ने कंपनी में पद पर रहते हुए कई बार हजारों पैंट चोरी की। आरोपी के कब्जे से चोरी की 3183 पैंट बरामद हुई है। मुखबिर से मिली सूचना पर आरोपी को मामूरा गली नंबर दो के पास से दबोचा गया। चोरी के कुछ पैंट आरोपी पूर्व में ही बेच चुका है। केस दर्ज करने के बाद जब पुलिस ने संबंधित कंपनी के अंदर और बाहर की सीसीटीवी फुटेज खंगाली थी तो उसे आरोपी कर्मचारी के बारे में अहम जानकारी मिली थी।

### स्कूल के लिए निकली छात्रा लापता

**नोएडा।** काशीराम कॉलोनी निवासी 11वीं कक्षा की एक छात्रा घर से स्कूल के लिए निकली थी, पर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने जब उसकी तलाश की तो पता चला कि वह स्कूल भी नहीं पहुंची थी। इस संबंध में किशोरी के पिता ने थाना सेक्टर-39 में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है। उसकी तलाश के लिए एक टीम गठित है। घर और स्कूल के मध्य लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है। किशोरी के बारे में कुछ अहम जानकारी पुलिस को मिली है।

### कमरे में फंदा लगाकर दो ने की खुदकुशी

**नोएडा।** शहर के अलग-अलग हिस्से में भी दो लोगों ने आत्महत्या की है। सेक्टर-126 थानाक्षेत्र के रायपुर गांव स्थित यदुवंशी पीजी में एक छात्र का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। दिल्ली निवासी निखिल कुमार सिंह एक नामी विश्वविद्यालय में पीपीएड फाइनल ईयर का छात्र था। शुक्रवार की सुबह निखिल के पिता उसे गांव स्थित पीजी में छोड़कर गए थे। दोपहर बाद से निखिल कुमार सिंह के दोस्त उसे लगातार कॉल कर रहे थे लेकिन वह फोन पिक नहीं कर रहा था।

# गैस कनेक्शन के लिए एनईए और आईजीएल ने लगाया कैंप

■ **ग्रेप लागू होने के बाद डीजल जनरेटर पर है रोक, कनेक्शन के लिए उद्यमियों ने किए आवेदन**

**नोएडा,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। पीएनजी गैस कनेक्शन को लेकर आ रही समस्याओं को लेकर शनिवार को नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन ने इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के साथ मिलकर एक मेगा कैंप का आयोजन किया। ये कैंप सेक्टर-6 में एनईए भवन में लगाया गया। दरअसल नोएडा में ग्रेप लागू है और डीजल जनरेटर पर पाबंदी है। इसलिए उद्यमियों ने गैस कनेक्शन के लिए अप्लाई किया। जिसमें उनको काफी समस्या आ रही थी। इसलिए ये मैगा कैंप लगाया गया। कैंप में एनईए के महासचिव वीके सेठ ने आईजीएल के अधिकारियों से गैस कनेक्शन जारी करने के संबध में उद्यमियों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इसके बाद आईजीएल के महाप्रबंधक अमित नागिया ने अवगत कराया कि नए गैस कनेक्शन जारी करने में 90 से 120 दिन का समय लगेगा। कैंप में भारी संख्या में उद्यमी मौजूद रहे। जिनमें कई उद्यमियों ने नये कनेक्शन के लिए आवेदन किया। जिन्होनें पूर्व



में आवेदन किया था लेकिन किसी कारणवश गैस कनेक्शन नहीं मिल पा रहा था उनका समाधान किया गया। कैंप में अमित नागिया ने कहा कि जो उद्यमी गैस कनेक्शन लेना चाहते हैं वे हमसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। साथ ही आश्वासन दिया कि जिनके द्वारा गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है शीघ्र ही उनके यहां गैस कनेक्शन चालू कर दिए जाएंगे। मेगा कैंप में आईजीएल के महाप्रबंधक अमित नागिया, एजीएम अशोक आर्य, अहमद, वरि. प्रबंधक वरूण गुप्ता, पोली गेरा, उप प्रबंधक रवि तिवारी क्षेत्रीय अधिकारी आदित्य चन्द्रा एनईए के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 21 नवम्बर से होगा पुरुष नसबंदी पखवाड़ा

**नोएडा,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा, इस थीम पर चलेगा इस बार पुरुष नसबंदी पखवाड़ा। 21 नवंबर से चार दिसंबर तक आयोजित होने वाला पखवाड़ा दो चरणों में चलेगा। इसमें 21 से 27 नवम्बर तक पहला चरण 'मोबिलाइजेशन' चलेगा और 28 नवंबर से चार दिसंबर तक दूसरा चरण 'सेवा प्रदायगी' चलेगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि दम्पति में प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए पुरुषों की सहभागिता बहुत महत्वपूर्ण है। प्रजनन स्वास्थ्य के दृष्टिगत पुरुष नसबंदी बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह एक मामूली शल्य क्रिया है। महिला नसबंदी की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित है। पुरुष नसबंदी के लिए न्यूनतम संसाधनों एवं बुनियादी ढांचे की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि पुरुष नसबंदी पखवाड़ा संचालन के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश की परिवार नियोजन राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के महाप्रबंधक डा. वेद प्रकाश ने प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र भेज कर निर्देश जारी किये हैं। परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. ललित कुमार ने बताया कि पुरुष नसबंदी

■ **दो चरणों में चलेगा पखवाड़ा, पहला मोबिलाइजेशन, दूसरा सेवा प्रदायगी**

■ **पहला चरण 21 से 27 नवंबर तक, दूसरा 28 से चार दिसंबर तक**

पखवाड़ा के प्रथम चरण (मोबिलाइजेशन फेज) के दौरान जनपद में एएनएम, आशा कार्यकर्ता समुदाय में गृह भ्रमण करते हुए पुरुषों से सम्पर्क करेंगी। इच्छुक पुरुषों की पहचान एवं संवेदीकरण करते हुए उनका प्री-रजिस्ट्रेशन करेंगी। इस दौरान परिवार नियोजन में पुरुष भागीदारी और इसके साथ जुड़े विभिन्न मिथकों को बताते हुए सार्वजनिक स्थलों, स्वास्थ्य इकाइयों में प्रचार-प्रसार सामग्री को प्रदर्शित किया जाएगा। परिवार नियोजन के क्षेत्र में कार्यरत हेल्थ पार्टनर्स और अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं-संगठनों का समुदाय में पुरुष नसबंदी की सेवाओं को बढ़ावा देने में सहयोग लिया जाएगा।

**सेवा प्रदायगी चरण 28 नवम्बर से**

डा. ललित कुमार ने बताया जारी दिशा-निर्देश के अनुसार 28 नवंबर से चार दिसंबर तक चलने वाले सेवा प्रदायगी चरण में इच्छुक लाभार्थियों को नसबंदी की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। जनपद स्तरीय चिकित्सालय के अतिरिक्त क्रियाशील ऑपरेशन थियेटर (ओटी) वाले फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) अथवा ब्लाक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर पुरुष नसबंदी की जाएगी।

**एक सर्जन करेगा अधिकतम 30 केस**

एक सर्जन / सेवा प्रदाता टीम अधिकतम 30 केस कर सकती है। 30 से अधिक केस होने की स्थिति में दो टीमों का सहयोग लिया जायेगा। ब्लाक स्तर पर पुरुष नसबंदी के सेवा प्रदाता उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में आस-पास के एक या दो से अधिक ब्लाक को सम्मिलित करते हुए विस्तृत सेवा प्रदायगी कार्य योजना तैयार की जाएगी।



## जीडीए ने तोड़ी माफिया महबूब अली की अवैध इमारत

**गाजियाबाद,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण जीडीए के प्रवर्तन दल ने भू माफिया महबूब अली वह उसकी पत्नी रजिया द्वारा अवैध रूप से बनाई गई एक इमारत को ध्वस्त कर दिया। इस इमारत में कल 14 दुकान तथा कई भवन अवैध रूप से बनाए गए थे। यह निर्माण पूजा कॉलोनी में किया गया था। इस मौके पर भारी पुलिस बल के साथ जॉन आठ के प्रभारी लवकेश वह अन्य अधिकारी उपस्थित है।

# एचपीडीए उपाध्यक्ष ने किया मेला रोड का निरीक्षण

**हापुड़,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। हापुड़.पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ नितिन गौड़ ने शनिवार को मेला रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने रोड का काम। समय सीमा के अंदर व गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। प्राधिकरण द्वारा कार्तिक पूर्णिमा से पूर्व मढमुक्तेश्वर में मेला रोड़ का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जबकि एक स्थान पर रिटेनिंग वॉल का कार्य अभी प्रगति में है। उपाध्यक्ष ने रोड़ निर्माण का कार्य समय पूर्ण कर लिए जाने पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए रिटेनिंग वॉल का कार्य भी अतिशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देष प्रदान किये गये। साथ ही गुणवत्ता एवं विशिष्टियों का भी विषेश ध्यान रखे जाने के निर्देश प्रदान किये गये।




# स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ नगर आयुक्त ने घाटों का किया निरीक्षण, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश

**गाजियाबाद,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छ त्यौहार स्वच्छ घाट के क्रम में गाजियाबाद नगर निगम स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते

■ **छठ महापर्व के सफल आयोजन हेतु नगर आयुक्त ने जोनवार लगाई अधिकारियों की ड्यूटी'**

हुए घाटों पर व्यवस्था बनाए हुए हैं, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा प्रातः भ्रमण के दौरान शहर में बने हुए घाटों पर जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा श्रद्धालुओं से तथा आगंतुकों से भी घाटों की सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की है, निरीक्षण के दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश तथा अन्य संबंधित उपस्थित रहे। डस्टबिन की व्यवस्थाए



नियमित घाटों की सफाई की व्यवस्थाए फागिंग की व्यवस्थाएं शौचालय की सफाई की व्यवस्थाएं विसर्जन पूजा सामग्री की व्यवस्थाएं व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं विशेष ध्यान रखने के लिए नगर आयुक्त महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान संबंधित टीम को निर्देश दिए, स्वच्छ त्यौहार और स्वच्छ घाट के लिए जन जागरूकता अभियान भी चलाया गया। पांचो जोनों में स्थित छठ घाटों पर गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं जिसमें जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग मिल रहा है नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के कुशल नेतृत्व में छठ घाट महापर्व की तैयारियां जोरों से चल रही है नगर आयुक्त महोदय के निर्देश के क्रम में सभी छठ घाटों पर वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है कवि नगर जोंन के अंतर्गत लगभग 14 घाट पर डॉ अनुज कुमार सिंह उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी को जिम्मेदारी सौंप गई है, सिटी जोन के अंतर्गत लगभग 10 घाटों पर श्री ओमप्रकाश संयुक्त नगर आयुक्त की देखरेख रहेगी, विजयनगर जोन के अंतर्गत 21 घाटों पर अरुण कुमार यादव अपर नगर आयुक्त की जिम्मेदारी लगाई गई है। मोहन नगर जोन के अंतर्गत 14 घाटों पर महाप्रबंधक जल आनंद त्रिपाठी की जिम्मेदारी लगाई गई है, एनके चौधरी मुख्य अभियंता निर्माण को वसुंधरा जोन की जिम्मेदारी दी गई है जिसके क्रम में 8 घाट की जिम्मेदारी दी गई है।

# प्रदूषण चरम पर है संभल जाइए, बॉडी बनाना छोड़ एंटीबॉडी बनाइएः पंकज प्रसून

**गाजियाबाद,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। कवि व व्यंग्यकार पंकज प्रसून ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम में साइनटेनमेंट की। कार्यक्रम में पंकज प्रसून ने हास्य शैली में विज्ञान के कई सिद्धांतों को प्रस्तुत किया एवं साथ ही गंभीर सवाल भी उठाए। उन्होंने दिल की हालात पर कविता पढ़ते हुए कहा, कैसे बने सहारा दिल, ब्लड पंपिंग से हारा दिल, प्यार घटा है फैट बढ़ा है, कोलेस्ट्रॉल का मारा दिल। कार्यक्रम नक्षत्र फाउंडेशन की शैक्षिक दक्षता वृद्धि व्याख्यानमाला के अंतर्गत शंभु दयाल कॉलेज में आयोजित किया गया। उन्होंने दिल्ली एनसीआर के प्रदूषण पर कहा कि. सांस के संग आ रहे बीमारी के विषाणु एहाल क्या होगा मुसलसल जिंदगानी का, देखकर यमुना की लहरें बोलता नाला, फर्क क्या बतलाओ तेरे मेरे पानी का। उन्होंने खतरनाक स्तर पर पहुंच रहे एयर क्वालिटी इंडेक्स, एक्यूआई पर कहा कि दिल्ली दिल वालों की नहीं मजबूत फेफड़ों वालों की है। उन्होंने कहा गाजियाबाद में प्रदूषण चरम पर है संभल




जाइए, बॉडी बनाना छोड़ एंटीबॉडी बनाइए। उन्होंने जेनेटिक इंजीनियरिंग जैसे विषय को व्यंग्य में ढालते हुए कटाक्ष किया, आज छल कपट ईर्ष्या द्वेशी जीन सक्रिय हैं, न्याय नीति बंधुत्व के जीन सुप्त हो रहे हैं। प्रेम के क्रोमोसोम पर स्थित करुणा मैत्री दया के जीन विलुप्त हो रहे हैं। अभी वक्त है संभल जाइए पैरों की जींस तो फट ही चुकी है संस्कारों के जींस को फटने से बचाइए। उन्होंने बताया कि क्लोरोफिल और हीमोग्लोबिन की केमिकल संरचना एक समान होती है। उन्होंने कहा, समंदर की है बेचैनी उसे साहिल नहीं मिलता, यहां तो आदमी का आदमी से दिल नहीं मिलता। जहां पर खून हिंदुस्तान का रग रग में बहता है, वहां की पत्तियों में आज क्लोरोफिल नहीं मिलता।सोशल मीडिया की विसंगतियों पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा खुल गए उनके अकाउंट फेसबुक पर, बैंक में जिनका कोई खाता नहीं है। कर रहे वह साइन इन और साइन आउट जिनको करना साइन तक आता नहीं है ।

इस शो में पंकज प्रसून ने मॉलेक्युलर बायोलॉजी, न्यूक्लियर फिजिक्स, एटॉमिक साइंस, इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, केमिकल साइंस, कार्डियो वैस्कुलर साइंस, पर्यावरण विज्ञान के तमाम गूढ़ सिद्धांतों, नियमों को हास्य शैली में प्रस्तुत किया।

## गाजियाबाद में युवक की गला काटकर हत्या

**गाजियाबाद।** थाना टीला मोड़ के डिफेंस कॉलोनी में शनिवार को बदमाशों ने एक युवक की गला काटकर हत्या कर दी। युवक का शव एक गड्ढे में बरामद हुआ है। युवक का नाम सत्येंद्र है जो सोनिया विहार निवासी जयपाल का बेटा है। एसीपी शालीमार गार्डन ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शनिवार की सुबह थाना टीला मोड़ पुलिस को डिफेन्स कालोनी में एक व्यक्ति के मृत अवस्था में मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना टीला मोड़ पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां पर गड्ढे में एक युवक का सब पड़ा हुआ था जिसकी गर्दन कटी हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की तो उसकी पहचान सोनिया विहार निवासी सत्येंद्र के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा हत्या करने वालों की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए कई टीमों का गठन किया गया है उम्मीद है कि शामिल बहुत जल्द हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

## तेज रफ्तार का कहर, तीन की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

**बुलंदशहर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। मैं एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। एन एच 91 हाईवे पर दौड़ी मौत तेज रफ्तार आ रहे छोटा हाथी ने अनियंत्रित होकर बाइक सवारों को रौंदा एक महिला वह तो मासूम बच्चों सहित तीन की मौत तीन गंभीर रूप से घायल 2 को किया गया हायर सेंटर रेफर, खुर्जा देहात छेत्र के धरपा बिजली घर के सामने हुआ दर्दनाक हादसा । हादसे में दो मासूम व दो महिला सहित 6 लोग हुए गम्भीर रूप से घायल सभी घायलों को पुलिस ने राहगीरों की मदद से कराया उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। निजी अस्पताल में घायलों की हालत नाजुक देख डाक्टरों ने किया जिला अस्पताल बुलंदशहर के लिए रेफर किया जिसमे एक महिला और दो मासूम बच्चों सहित तीन की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमे दो की हालत को नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। दर्दनाक इस हादसे की सूचना जब परिजनों को मिली तो परिवार में हाहाकार मच गया। वही खुर्जा देहात थाना प्रभारी राहुल चौधरी ने बताया है कि सभी बाइक सवार जनपद बुलंदशहर के शिकारपुर क्षेत्र के गांव बरौली के बताए जा रहे हैं।



उवाच "

सरकार द्वारा लिए गये निर्णय के परिपालन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से 20 से 26 नवम्बर तक जिले के प्रत्येक ग्राम एवं कस्बों में विशेष अभियान चलाकर विभिन्न योजनाओं के संतृप्तीकरण और जनसामान्य को जागरूक करते हुये वंचित पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाया जायेगा:-जनार्दन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी

# कैपिटल ज़ोन

## पुलिस आयुक्त ने कासना क्षेत्र में तीन पुलिस चौकी का किया उद्घाटन

**ग्रेटर नोएडा,**18 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा जोन के थाना कासना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी जिम्स, पुलिस चौकी साइट-5 तथा पुलिस चौकी सिरसा का उद्घाटन पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने किया, उन्होंने कहा कि नए-नए आवासीय व औद्योगिक सेक्टर बसने के साथ यहां जनसंख्या घनत्व में भी बढ़ोतरी हो रही है। इसलिए पुलिस के बुनियादी ढांचे का विस्तार कर उसे मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि इन नई चौकियों के शुरू होने से आसपास के लोगों को आपातकालीन स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता मिलेगी साथ ही अपराधों पर भी अंकुश लग पाएगा। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा से सम्बद्ध अस्पताल के बाहर पुलिस चौकी का लोकार्पण पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था आनन्द कुलकर्णी, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार एवं जिम्स निदेशक डा. ब्रिगेडियर राकेश गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। निदेशक ब्रिगेडियर राकेश गुप्ता ने पुलिस कमिश्नर को चौकी के लोकार्पण एवं संचालन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि संस्थान द्वारा विगत कई वर्ष से इस चौकी के संचालन का प्रयास

■ जिम्स पुलिस चौकी खुलने से अस्पताल में वाद-विवाद से मिलेगी राहत



किया जा रहा था जो आज पूरा हुआ। अक्सर अस्पताल में दुर्घटना/लडाई-झगडे में घायल मरीज व मृत लोगों को उपचार के लिए लाया जाता है। इसके साथ ही ईलाज को लेकर मरीजों एवं स्टॉफ में वाद-विवाद होता रहता है जिसके लिए अस्पताल में पुलिस चौकी की आवश्यता थी। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा कि इस चौकी की स्थापना से आस-पास की क्षेत्रीय जनता के साथ ही अस्पताल स्टॉफ में सुरक्षा की भावना जागेगी। साथ ही उन्होंने निदेशक का अभार जताया कि उन्होंने जनता की सुरक्षा के लिए अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी की स्थापना करायी। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष डा. रम्भा पाठक, डा. आइजेन भटटाचार्य, चिकित्सा अधीक्षक डा. बृजमोहन, डा. प्रीति, डा. शेखर, कार्यालय अधीक्षक ललित कुमार सिंह, नर्सिंग अधीक्षक सुभाष शर्मा, पी.पी. सिंह आदि उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर मुख्य विकास अधिकारी की बैठक

**ग्रेटर नोएडा,**18 नवम्बर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह अध्यक्षता में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा लिए गये निर्णय के परिपालन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से 20 से 26 नवम्बर तक जिले के प्रत्येक ग्राम एवं कस्बों में विशेष अभियान चलाकर विभिन्न योजनाओं के संतृप्तीकरण और जनसामान्य को जागरूक करते हुये वंचित पात्र लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाया जायेगा। इसके लिए ग्रामवार कार्यक्रम तैयार किया गया है एवं सम्बन्धित दिवस को निर्धारित स्थल पर समस्त विभागों के अधिकारी-प्रतिनिधि पहुंचकर अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओ का प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र



■ पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर कार्ययोजना तैयार

व्यक्तियों का चयन भी करेंगे। इस अभियान में सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पी.एम.आवास योजना, पी.एम. उज्जवला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पी.एम. पोषण अभियान, जल-जीवन मिशन, जीवन ज्योति योजना, पी.एम. प्रणाम योजना, अटल पेंशन योजना, पी.एम. मुद्रा लोन योजना, स्वच्छ भारत अभियान आदि के बारे में लोगों को जागरूक किया जायेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि शासनादेश के अनुसार जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जा चुका है। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में राजस्व, ग्राम विकास, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास, बेसिक शिक्षा, अग्रणी जिला बैंक, स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, आपूर्ति, नेहरू युवा केन्द्र एवं पुलिस प्रशासन सहित सभी विभागों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।



## एसीईओ ने छठ पूजा के लिए तैयार घाटों का लिया जायजा

**ग्रेटर नोएडा,**18 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने ग्रेटर नोएडा में छठ पूजा हेतु तैयार किए गए तालाबों की स्थिति का मौके पर जाकर जायजा लिया। उनके साथ संबंधित विभागीय अधिकारी भी शामिल रहे। एसीईओ ने ठेकेदारों एवं वरिष्ठ प्रबंधकों को निर्देश दिए कि सभी छट पूजा स्थलों पर साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और कहीं भी सिविल कार्य के मरम्मत की जरूरत है तो उसे भी तुरंत पूरा कर लिया जाए। इसके साथ ही एसीईओ ने पार्कों, हरित पट्टिकाओं एवं अन्य स्थानों का जायजा लिया और कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। उनके साथ उद्यान विभाग के प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर नथोली सिंह, मैनेजर सुरेंद्र भाटी सहायक प्रबंधक अनूप शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डंफर के अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने की रिपोर्ट दर्ज

**जेवर,**18 नवम्बर (देशबन्धु)। खुर्जा रोड स्थित नीमका पुलिस चौकी के समीप बुधवार रात को सड़क दुर्घटना में बुलेरो के चालक की मौत के मामले में पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर डंफर के अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर डंफर व चालक की तलाश शुरू कर दी है। जेवर बांगर स्थित आर एंड आर कॉलोनी के गांव रोही के रहने वाले पीड़ित पिता नानक ने शुक्रवार को कोतवाली पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार रात को उसका पुत्र टीकम 27 अपनी बुलेरो कार से मुढ़रह गांव से रोही आ रहा था तथा पीड़ित नानक भी बाइक से बुलेरो के पीछे कुछ दूरी पर चल रहा था। उसी दौरान खुर्जा रोड पर नीमका पुलिस चौकी के समीप खुर्जा की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार डंफर ने पहले बाइक को तथा उसके बाद बुलेरो को ओवरटेक किया तथा अचानक ही बुलेरो के आगे सड़क पर वाहन को रोक दिया। डंफर में बेक लाइट व रिफ्लेक्टर नही होने की वजह से बुलेरो कार पीछे से डंफर में घुसकर क्षतिग्रस्त ग्रस्त हो गई तथा हादसे में उसका पुत्र टीकम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने डंफर के रजिस्ट्रेशन न0 व अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

बुधवार रात को सड़क दुर्घटना में बुलेरो चालक की हुई थी मौत

## होम्योपैथी एक प्रभावी चिकित्सा पद्धति है, लोगों को किया जा रहा है जागरूक : डॉ. तानिया बक्शी

**ग्रेटर** नोएडा,18 नवम्बर (देशबन्धु)। बैक्सन होम्योपैथी अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में मुफ्त होम्योपैथी परामर्श प्रदान कर रहा है। बैक्सन होम्योपैथी, एक प्रमुख होम्योपैथी उत्पादक और वितरक, ने घोषणा की है, कि वे 42वीं अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 में अपने हॉल नंबर 11, स्टॉल नंबर 14 सी में 14 नवम्बर से 28 नवम्बर तक मुफ्त होम्योपैथी परामर्श प्रदान कर रहे हैं। बैक्सन ग्रुप के संयुक्त एम.डी., डॉ. तानिया बक्शी, ने कहा कि होम्योपैथी एक प्रभावी चिकित्सा पद्धति है, हम इस मेले में मुफ्त परामर्श के माध्यम से लोगों को होम्योपैथी के फायदे



के बारे में जागरूक कर रहे हैं। जनता का मानना है कि बैक्सन होम्योपैथी की दवाओं की गुणवत्ता शत प्रतिशत है, और दिल्ली की वायु गुणवत्ता के कारण हो रहे परेशानियों पर नि:शुल्क परामर्श देने के लिए पर्याप्त चिकित्सकों की टीम प्रतिदिन उपस्थित है। उन्होंने जोड़ते हुए कहा, 'भारत में तनाव के कारण महिलाओं में सामान्य रूप से पाए जाने वाले पीसीओडी और पीसीओएस के बारे में जागरूकता भी प्रदान की जा रही है, और हम बता रहे हैं कि होम्योपैथी इसे कैसे ठीक कर सकती है। हमारे युवाओं को होम्योपैथी जैसी वैकल्पिक चिकित्सा रूपों के बारे में जानकारी प्रदान करना महत्वपूर्ण है। डॉ. प्रजापति ने बताया कि मेले में 100 से अधिक रोगियों की जाँच की जा रही है, जिनमें मुख्य रूप से मोटापे के कारण, प्रदूषण के कारण श्वास की समस्याएं, हवा में होने वाले प्रदूषण के कारण होने वाली सांस की समस्याएं, और होम्योपैथी से पीसीओडी और पीसीओएस का इलाज खोज रही महिलाएं शामिल हैं।

## जिलाधिकारी ने हिंडन नदी कुलेसरा पहुंचकर छठ घाट का किया निरीक्षण

ग्रेटर नोएडा,18 नवम्बर (देशबन्धु)। छठ पूजा की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा हिंडन नदी कुलेसरा पहुंचे, उन्होंने छठ के पर्व को देखते हुए छठ घाट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, अनाउंसमेंट सिस्टम, लाइट, चेंजिंग रूम तथा सुरक्षा को लेकर सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान नगर मजिस्ट्रेट नोएडा धर्मेंद्र सिंह, पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान ने बताया कि 17 नवंबर से 20 नवंबर तक छठ पूजा के पर्व को दृष्टिगत रखते हुए श्रद्धालुओं की सहायतार्थ जिला प्रशासन की ओर से कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, फायर विभाग, जिला पंचायत राज विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि यदि छठ पूजा के पर्व के दौरान किसी भी श्रद्धालु



■ श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कंट्रोल रुम हुआ स्थापित, 24 घंटे रहेगा सक्रिय

को यदि कोई भी समस्या होती है तो वह कंट्रोल रूम के नंबर 0120-2560044 पर संपर्क कर सकते हैं। संबंधित अधिकारी के द्वारा उनकी समस्या का तत्काल संज्ञान लेते हुए उसका निस्तारण कराए जाने की कार्रवाई की जाएगी। कंट्रोल रूम के प्रभारी/प्रभारी अधिकारी नजारत भैरपाल सिंह ने बताया कि छठ पूजा के दौरान कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा, जिसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 137 शिकायतें हुई दर्ज, आठ का हुआ निस्तारण

**ग्रेटर नोएडा,**18 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें कुल 137 शिकायतें दर्ज हुई, जिसके सापेक्ष 8 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों ने मौके पर कर दिया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दादरी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। दादरी तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिला अधिकारी ने लोगों की समस्याओं को सुना, जिसमें कुल 83 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसमें 5 शिकायत का निराकरण मौके पर ही किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, उप जिलाधिकारी दादरी आलोक कुमार गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव,



जिलाधिकारी ने दादरी तहसील में जनता की शिकायतों को सुना

एसीपी सिद्धार्थ सेंगर मौजूद रहे। जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें कुल 48 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें 3 शिकायतों का निस्तारण अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही कराया गया। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां पर जनता के द्वारा कुल 6 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई।

## सरसंघ चालक डॉ. मोहन भागवत प्रबुद्ध नागरिक समारोह में होंगे शामिल

**ग्रेटर नोएडा,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 26 नवम्बर रविवार को आनन्दस्वरुप सभागार शारदा विश्वविद्यालय में प्रबुद्ध नागरिक समारोह में शामिल होकर सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम का विषय रखा गया है स्व आधारित भारत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दृष्टिकोण। कार्यक्रम में मधुसूदन दादू विभाग संचालक और डॉ. सुभाष विभाग कार्यवाहक ने जानकारी दी है। ग्रेटर नोएडा में पहली बार सरसंघचालक का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इस कार्यक्रम में प्रबुद्ध वर्ग के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर तैयारी चल रही है। सरसंघचालक के उद्बोधन को सुनने को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

## अंतरजनपदीय पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन, प्रतिभागी हुए सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा,**18 नवम्बर (देशबन्धु)। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के इंडोर हाल में मेरठ जोन, मेरठ की 40वीं अंतरजनपदीय पुलिस बैडमिंटन पुलिस प्रतियोगिता-2023 के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि आनंद कुलकर्णी, संयुक्त पुलिस कमिश्नर, कानून व्यवस्था ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर बबलू कुमार अपर पुलिस आयुक्त, मुख्यालय, अनिल कुमार यादव पुलिस उपायुक्त, यातायात, सुनीति पुलिस उपायुक्त, सेंट्रल जोन, विशाल पांडेय, पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, अशोक कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त, ग्रेटर नोएडा, प्रीति यादव, अपर पुलिस उपायुक्त, महिला सुरक्षा, पवन कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त,



■ अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय बबलू कुमार एवं अजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, बुलंदशहर की जोड़ी बनी विजेता

लाइन्स, सुरेश रॉय, मौजूद रहे। प्रतियोगिता का संचालन सुभाष पांचाल, इंटरनेशनल वॉलीबॉल कोच, गाज़ियाबाद ने किया। फाइनल मैच राजपत्रित वर्ग में ओपन डबल्स में बबलू कुमार, डीआईजी व अजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, बुलन्दशहर की जोड़ी प्रथम रही, एवं पवन गौतम, एडीसीपी व पवन कुमार, एसीपी, लाइन, की जोड़ी द्वितीय स्थान पर रही। विशाल पांडेय, डीसीपी, मुख्यालय, व प्रदीप कुमार, सीएफओ की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही। ओपन डबल्स का फाइनल मुकाबला राजीव व सुखवेंद्र की जोड़ी ने अखिलेश व विनय की जोड़ी को 2-1 से हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया, एवं पुरुष वर्ग में टीम चौम्पियंस की चल वैजयंती (शील्ड) जनपद हापुड़ एवं महिला वर्ग में टीम चौंपियनशिप में चल वैजयंती (शील्ड) जनपद गाज़ियाबाद की टीम ने प्राप्त की। मुख्य अतथि आनंद कुलकर्णी व बबलू कुमार व अन्य अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से पुरुष्कार वितरण किया गया।

## मोटरसाइकिल बचाने में ट्रैक्टर पोल से टकराया, चालक की हालत गंभीर

**दनकौर,**18 नवम्बर (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र स्थित दनकौर सिकन्द्राबाद सड़क पर सामने से आ रहे अनियंत्रित वाहन को बचाने के चक्कर में लकड़ी से भरा एक ट्रैक्टर बिजली के पोल से टकरा गया। टक्कर से बिजली का पोल मुड़ गया और ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही ट्रैक्टर चालक को भी चोटें आई हैं। राहगीरों ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के रहने वाला दीपक ट्रैक्टर की ट्रॉली में लकड़ी भरकर दनकौर की तरफ जा रहा था। जब उसका ट्रैक्टर दनकौर सिकन्द्राबाद रोड पर समसपुर गांव के नजदीक पहुंचा तो सामने से एक बाइक सवार तेज गति में बाइक लेकर आ रहा था। बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे ट्रैक्टर एनपीसीएल के बिजली के पोल से टकरा गया। हादसे के दौरान ट्रॉली में भरी लकड़ियां सड़क पर ही फैल गईं और ट्रैक्टर चालक को गम्भीर चोटें आई हैं। राहगीरों द्वारा घायल को दनकौर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां से ग्रेटर नोएडा के लिए रेफर कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जानकारी नही है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## सर्वाइकल कैंसर के प्रति ग्रामीण महिलाओं को किया गया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा,**18 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत जिला न्यायाधीश अवनीश सक्सेना के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में शनिवार को सर्वाइकल कैंसर




विषय पर आधारित विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बिसरख में किया गया। शिविर में ग्रामीण महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया कि कैसे सर्वाइकल कैंसर फैलता है, क्या लक्षण होते है और इससे कैसे बचा जा सकता है। इसके अतिरिक्त शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। शिविर में डिप्टी सीएमओ डॉ ललित कुमार, इचार्ज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिसरख सचिन कुमार व अन्य स्टाफएवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

## अमेरिकी नागरिक के साथ धोखाधड़ी करने वाले चौबिस आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,**18 नवम्बर (देशबन्धु)। एसटीएफ व बिसरख थाने की पुलिस ने अमेरिका के नागरिकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के 24 आरोपियों गिरफ्तार किया है। अमेरिकन नागरिक समीर गुप्ता, न्यू जर्सी जॉन जोनस ने शिकायत की थी कि अंकुर गुप्ता एवं वरूण सूद के द्वारा काल सेंटर के माध्यम से काल कर धोखाधडी करते हुए बैंक आफ अमेरिका के अकाउंट से पैसा होंगकांग के एच.एस.बी.सी. के अकाउंट में ट्रांसफर कर लिया गया है। राज कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ तथा उप निरीक्षक अक्षय पी.के. त्यागी, एस.टी.एफ नोएडा के नेत्त्व में टीम गठित कर गैंग के सदस्य वरूण, जो कि अंकुर गुप्ता का पार्टनर है, थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित महागुन मायवुड में काल सेन्टर चलाकर अमेरिकन नागरिकों के साथ धोखाधड़ी कर रहा हैवं सर्विलांस आदि के माध्यम से उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर स्थानीय पुलिस का सहयोग प्राप्त कर उपरोक्त व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अंकुर गुप्ता ने पूछताछ पर बताया कि वह एम.बी.ए पास है। बताया कि वह विभिन्न कॉल सेन्टरो में विभिन्न पदों पर काम कर चुका है। इसी दौरान उसकी जान पहचान अमरीका में रहने वाले नितिन सिंह से हुई जिसने इसको यू.एस.ए. से एप्पल आईफोन को तस्करी करके हॉगकांग के रास्ते चेन्नई लाने का काम



■ अवैध काल सेन्टर से लोगों को बनाते थे शिकार, क्रिप्टो करेंसी के साथ हांगकांग में पैसा करते थे ट्रान्सफर

शुरू कराया और इसी काम के चलने के दौरान ही उसकी मुलाकात गुजरात के अगडियें मुकेश शाह से हो गयी थी, वर्ष-2019 में मुकेश शाह ने हांगकॉग में उसकी (अंकुर गुप्ता) मुलाकात हिमान्शु गुप्ता से कराई और हिंमान्शु गुप्ता फर्जी इन्टरनेशनल कॉल सेन्टर चलाकर यूएसए के नागरिकों से धोखाधड़ी करने का काम करता था। ये इस डेटा इकट्ठा करके यू.एस.ए. रे नागरिकों के मोबाइल व उनकी मेल पर अटैक करते थे और मोबाइल बैंकिंग, इन्श्योरेन्स आदि समस्याओं में सहायता आफर करते थे जैसे ही उस पर विदेशी नागरिक के द्वारा कॉल की जाती थी तो वह कॉल हैक करने के बाद अंकुर गुप्ता के कॉल सेन्टर पर आ जाती थी। इसके लिए अंकुर गुप्ता बिट क्वाइन में कॉल जनरेटिंग हैकर्स को पेमेंन्ट करता था। इसके लिए अंकुर गुप्ता ने विभिन्न प्लेटफार्म पर 06 क्रिप्टो वॉलेट बना रखे हैं। अभियुक्त अंकुर गुप्ता के कॉल सेन्टर पर कॉल आते ही फर्जी रूप से लगायी गयी समस्याऐं के निवारण के लिए विदेशी पीड़ित से यूएसए डालर विभिन्न पेमेन्ट मोड के माध्यम से बिट क्वाइन आदि के माध्यम से पैसे हॉगकांग के स्थित बैकों में ट्रान्सफर कराये जाते हैं। इन एकाउन्ट के लिए अभियुक्त अंकुर गुप्ता इन एकाउन्ट धारकों को क्रिप्टो करेन्सी में पेमेंन्ट करता है और फिर ये अगडिये के माध्यम से पैसा कैश अंकुर गुप्ता व तरूण आदि के पास पहुँचता है।

## फोर्टिस अस्पताल की तरफ से आज एटीएस ग्रीन्स पैराडाइज में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर व सीपीआर ट्रेनिंग

**ग्रेटर नोएडा,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा की तरफ से रविवार को एक नि:शुल्क मल्टी स्पेशियलिटी हेल्थ कैंप एटीएस ग्रीन्स पैराडाइज के क्लब हाउस में लगाया जाएगा। जिसमें स्थानीय समुदाय को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं की एक खला की पेशकश की गई, जा रही है। इस दौरान सोसाइटी के लोगों को 'सीपीआर' और 'बेसिक लाइफ सपोर्ट' की नि:शुल्क ट्रेनिंग भी दी जाएगी। यह हेल्थ कैंप सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाया जाएगा। शिविर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी, जिसमें रक्तचाप की निगरानी, रैंडम ब्लड शुगर जांच, ऊंचाई और वजन का आकलन, ईसीजी स्क्रीनिंग और नेत्र परीक्षण शामिल है। इसके साथ ही जनरल मेडिसिन, आॅर्थोपेडिक्स, कार्डियोलॉजी और गायनेकोलॉजी के विशेषज्ञों से नि:शुल्क परामर्श का लाभ भी लोगों को मिलेगा। इसके साथ ही एक मैजिक शो का भी आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा में फैसिलिटी डायरेक्टर प्रमित मिश्रा ने देते हुए कहा कि ये शिविर हमें समुदाय तक पहुंचने की अनुमति देते हैं, जिसमें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं और परामर्श नि:शुल्क प्रदान किए जाते हैं।

# थोड़ी दूर और

कहानी

■ वृंदावनलाल वर्मा

जब महमूद गजनवी (सन 1025-26 में) सोमनाथ का मंदिर नष्ट-भ्रष्ट करके लौटा तब उसे कच्छ से होकर जाना पड़ा। गुजरात का राजा भीमदेव उसका पीछा किए चल रहा था। ज्यों-ज्यों करके महमूद गजनवी कच्छ के पार हुआ। वह सिंध होकर मुल्तान से गजनी जाना चाहता था। लूट के सामान के साथ फौज की यात्रा भारी पड़ रही थी। भीमदेव व अन्य राजपूत उस पर टूट पड़ने के लिए इधर-उधर से सिमट रहे थे। महमूद इनसे बच निकलने के लिए कूच पर कूच करता चला गया। अंत में लगभग छह सहस्त्र राजपूतों से उसकी मुठभेड़ हो ही गई।

महमूद की सेना राजपूतों की उस टुकड़ी से संख्या में कई गुनी बड़ी थी। विजय का उल्लास महमूद की सेना में, मार्ग की बाधाओं के होते हुए भी, लहरें मार रहा था। उधर राजपूत जय की आशा से नहीं, मारने और मरने की निष्ठा से जा भिड़े थे।

उन छह सहस्त्र राजपूतों में से कदाचित ही कोई बचा हो। परंतु अपने कम-से-कम दुगुने शत्रुओं को मारकर वे मरे थे।

इस लड़ाई से महमूद का मन खिन्न हो गया। उस समय वह और अधिक युद्ध के संकट को नहीं ओढ़ना चाहता था। महमूद ने गहन रेगिस्तान का मार्ग पकड़ा। सोचा, उत्तर-उत्तर चलते किसी दिन मुल्तान और फिर वहाँ से गजनी पहुँच जाने में कठिनाई नहीं पड़ेगी।

आतुरता के साथ दो-तीन दिन चलते-चलते यकायक उसने देखा तो सामने सिवाय बालू एवं रेतीले टीलों के और कुछ नहीं। मार्ग का नाम-निशान तक नहीं।

ऊँटों पर लदा पीने का पानी कम होने लगा। दूर-पास पानी की एक बूँद भी अप्राप्य। राजपूतों के संकट से पार हुए तो रेगिस्तान का यह प्राणघातिन विभीषिका चारों ओर।

वहाँ रेतीले टीलों के पीछे के छाग (बकरा) की खालों में पानी पीठ पर कसे दो ग्रामीण उसकी छावनी में आए। अधनंगे, बिलकुल फटेहाल। उनके पास पानी देखकर महमूद के सिपाहियों को ढाँढ़स मिला।

उनसे पूछा, 'कौन हो? कहाँ के हो?'

उत्तर मिला, 'हिंदू हैं। एक गाँव के रहनेवाले'

'पानी कहाँ से लाए?'

'आगे जरा दूर से।'

'कहाँ है पानी? कितनी दूर?'

'सुल्तान को बतलावेंगे।'

'चलो उनके पास। इनाम मिलेगा।' सिपाही उन दोनों को महमूद के पास ले गए। महमूद ने इनाम का वचन दिया। वे दोनों महमूद की सेना के मार्ग-प्रदर्शक बने। सेना उनके पीछे-पीछे चलने लगी।

कई दिन हो गए। न तो किसी के पदचिह्न वहाँ और न पानी का कोई पता। प्रचंड आँधी बालू के ढेर उठाती, उड़ाती और फिर कहीं जमा देती।

महमूद ने खिसियाकर दोनों मार्ग-प्रदर्शकों को अपने पास बुलवाया।

'कहाँ है पानी? और कितनी दूर?'

'थोड़ी दूर।'

'यह कैसी थोड़ी दूर! रोज यही कह देते हो!'

'बस, बिलकुल थोड़ी सी दूर।'

संध्या हो गई। महमूद ने टीलों में अपनी सेना का पड़ाव डाल दिया। ऊँटों पर पानी थोड़ा सा ही और रह गया था। एकाध दिन यह 'थोड़ी दूर' और चली कि सेना के पशु और मानव - दोनों का ढेर इन टीलों में हो जाएगा।

महमूद के एक नायक ने समाधान किया - 'इन गँवारों को फासले की जानकारी बिलकुल नहीं। एक गाँव से दूसरे गाँव के बीच की दूरी को कह देते हैं - वह रहा गाँव थोड़ी दूर। होता है वह गाँव कई कोस के फासले पर।'

'उन दोनों की मसकों में कितना पानी रह गया है?' महमूद ने पूछा।

'एक दिन के पीने लायक, बस।'

'तब तो कल के बाद पानी के पास पहुँच जावेंगे। ये लोग यों ही अपनी जान नहीं देंगे। इनाम पाने की भी उम्मीद है इन्हें। वैसे हैं दोनों कोड़े खाने के हकदार।'

दूसरे दिन भोर के पहले ही महमूद ने कूच कर दिया। दिन भर चले। साँझ हो गई। पानी का फिर भी कहीं कोई लक्षण नहीं।

फिर वही 'थोड़ी दूर'। महमूद क्रोध से भर गया। उसके ऊँटों पर पानी बहुत थोड़ा सा रह गया था। 'ज्यों ज्यों करके रात काटी, फिर प्रातःकाल के पहले ही कूच करना पड़ा; क्योंकि मार्ग-प्रदर्शकों ने आश्वासन दिया था कि दिन में अवश्य अभाव की समाप्ति हो जावेगी।

तीसरा पहर लग गया। सूर्य की किरणों से आग सी बरस रही थी। प्रचंड आँधी और जलती हुई किरणें आसपास मृगजल तो दिखला रही थीं, पर प्यास बुझानेवाला जल कहीं भी नहीं। रेत के टील इतने अधिक दिखलाई पड़ने लगे कि ठिकाना नहीं। सेना को चलना दुःसह हो गया। महमूद ने निश्चय किया। दोनों पथ-प्रदर्शकों को बुलवाया।

इस लड़ाई से महमूद का मन खिन्न हो गया। उस समय वह और अधिक युद्ध के संकट को नहीं ओढ़ना चाहता था। महमूद ने गहन रेगिस्तान का मार्ग पकड़ा। सोचा, उत्तर-उत्तर चलते किसी दिन मुल्तान और फिर वहाँ से गजनी पहुँच जाने में कठिनाई नहीं पड़ेगी।

'अब कितनी दूर है पानी?'

'बस थोड़ी सी ही दूर।'

'महमूद की आँखों से लौ-सी छूट पड़ी।'

'तुम्हारे पास कितना पानी है?'

'चुक गया।'

'कितनी देर में पानी के पास पहुँचोगे?'

'आ गए समझो।'

'कहाँ?'

'इन्हीं टीलों में।'

'इन टीलों में!'

उन दोनों के क्षीण मलीन चेहरों पर मुसकान की छोटी सी लहर आई।

'हाँ, इन्हीं टीलों में।'

महमूद का क्रोध और भी भभका।

'यहाँ तो कुछ भी नहीं है! ये टीले तो पानी के कब्रिस्तान जान पड़ते हैं। सच बतलाओ, नहीं तो अभी सिर कटवाकर फिंकवा दूँगा।'

उन दोनों के चेहरों पर मुसकान की जगह आभा छहर गई। घुसी हुई आँखों में तेज आ बैठा।

'सच यह है कि पानी के इस कब्रिस्तान में हमें तुम सबका कब्रिस्तान बनाना है।'

'क्या?'

'बिलकुल यही है। तुम हमारे देश का नाश करने आए हो। हम तुम्हें मिटाकर रहेंगे।'

'अभी मार दो इन दोनों को!' महमूद तड़पा।

'मार दो। हमने अपने देश को जिंदा रहने का मार्ग दिखलाया। मरने से हमें जो कुछ मिलेगा, वह तुम सोच ही नहीं सकते।'

मरने के समय उन दोनों के चेहरों पर आभा सदा के लिए आ बैठी।

महमूद चला गया। अनेक कठिनाइयों के उपरांत उसे मुल्तान का मार्ग मिल गया था। और उन दोनों ने जो मार्ग दिखलाया, उससे इतिहास धन्य हो गया।



# छठ पूजा हमारी आस्था



■ कमलेश झा

जब विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता की स्त्रियां अपने सम्पूर्ण वैभव के साथ सज-धज कर अपने आँचल में फल और पकवान ले कर निकलती हैं तो लगता है जैसे संस्कृति स्वयं समय को चुनौती देती हुई कह रही हो, देखो! तुम्हारे असँख्य झंझावातों को सहन करने के बाद भी हमारा वैभव कम नहीं हुआ है, हम हम भारत हैं हम आर्यावर्त के धरोहर हैं। हम तबसे हैं जब से तुम हो, और जब तक तुम रहोगे तब तक हमारा अस्तित्व भी रहेगा।

जब घुटने भर जल में खड़ी व्रती की सिपुलि में बालक सूर्य की किरणें उतरती हैं तो लगता है जैसे स्वयं सूर्य भगवान बालक बन कर उसकी गोद में खेलने उतरे हों। स्त्री का सबसे भव्य, सबसे वैभवशाली स्वरूप मातृत्व का है। इस धरा को भारत माता कहने वाले बुजुर्ग के मन में स्त्री का यही स्वरूप रहा होता है। कभी ध्यान से देखिएगा छठ के दिन जल में खड़े हो कर सूर्य देव को अर्घ दे रही किसी स्त्री को, देखकर आपके मन में मोह नहीं श्रद्धा उपजेगी।

छठ वह प्राचीन पर्व है जिसमें राजा और रंक एक घाट पर शीश नवाते हैं, एक देवता को अर्घ देते हैं, और एक बराबर आशीर्वाद पाते हैं। धन और पद का लोभ मनुष्य को मनुष्य से दूर करता है, पर धर्म उन्हें साथ जोड़ता है।


अपने धर्म और परंपरा के साथ होने का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि आप अपने समस्त पुरुखों के आशीर्वाद की छाया में होते हैं। छठ के दिन नाक से माथे तक सिंदूर लगा कर घाट पर बैठी स्त्री अपनी हजारों पीढ़ी की परंपरा की वाहक ही नहीं होती है, बल्कि वह उन्ही का स्वरूप होती है। उसके आंचल में केवल फल नहीं होते, समूची प्रकृति समाई होती है। वह एक सामान्य स्त्री सी नहीं, अन्नपूर्णा सी देवी दिखाई देती है। ध्यान से देखिये! आपको उनमें कौशल्या दिखेंगी, उनमें सीता दिखेगी, उनमें अनुसुइया दिखेगी, सावित्री दिखेगी... उनमें पद्मावती दिखेगी, उनमें लक्ष्मीबाई दिखेगी, उनमें भारत माता को छवि दिखेगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि उनके आँचल में बंध कर ही यह सभ्यता अगले हजारों वर्षों का सफर करने में समर्थ होगी ।

छठ डूबते सूर्य की आराधना का पर्व है। डूबता सूर्य इतिहास होता है, और कोई भी सभ्यता तभी दीर्घजीवी होती है जब वह अपने इतिहास को पूजे। अपने इतिहास के समस्त योद्धाओं को पूजे और इतिहास की गलती को न दुहराए।

छठ उगते सूर्य की आराधना का पर्व है। उगता सूर्य भविष्य होता है, और किसी भी सभ्यता के यशश्वी होने के लिए आवश्यक है कि वह अपने भविष्य को पूजा जैसी श्रद्धा और निष्ठा से सँवारे... हमारी आज की पीढ़ी को सदैव इसका स्मरण रहे अगली जिम्मेदारी उनकी है ... यही छठ व्रत का मूल भाव है।

मैं खुश होता हूँ घाट जाती स्त्रियों को देख कर, मैं खुश होता हूँ उनके लिए राह बुहारते पुरुषों को देख कर, मैं खुश होता हूँ उत्साह से भरे बच्चों को देख कर... सच पूछिए तो यह मेरी खुशी नहीं, मेरी मिट्टी, मेरे देश, मेरी सभ्यता की खुशी है।

मेरे देश की माताओं! कल और परसों जब आदित्य देव आपकी बंश सूप में उतरें, तो उनसे कहिएगा कि इस देश, इस संस्कृति और समाज पर अपनी कृपा बनाये रखें, ताकि हजारों वर्ष बाद भी हमारी पुत्रवधुएँ यूँ ही सज-धज कर गंगा के जल में खड़ी हों और कहें- उगह्य हो सुरुज देव.........



## प्रेग्नेंसी

■ प्रभा दीक्षित

दस साल तक साथ-साथ को लिविंग में रहने के बाद एक दिन प्रियंका ने अनूप से कहा कि ''मैं तुम्हारे बच्चे की मां बनने वाली हूं।'' उसने कहा-''डार्लिंग तुम्हें तो खुश होना चाहिये कि तुम बाप बनने वाले हो।'' यह बात उसने अनूप के चेहरे पर उभर आई कालिख को देखकर कहां।

उसने फिर इठलाते हुये कहा, ''क्या बात है अनूप ? क्या तुम खर्चे को लेकर परेशान हो रहे हो ? हम लोग अभी तक अपना आधा-आधा खर्च उठा रहे हैं। बच्चे का खर्च भी आधा-आधा बंट जायेगा। वैसे तुम मुझमें कम कमाते हो इसीलिये मैं तुम्हें कुछ छूट दे सकती हूं और बच्चे का खर्च भी अकेले उठा सकती हूं। अब तो तुम्हें खुश होना चाहिये। अनूप ने एक लम्बी सांस छोड़ते हुए कहा-''बात खर्च की नहीं है डार्लिंग ! मुझे बच्चे वाली औरतें पसन्द नहीं हैं। अगर तुमने एबार्शन न कराया तो बहुत सम्भव है मुझे तुमसे अलग होना पड़ेगा।'' ''ओह गुड ! मेरा खयाल बिल्कुल सही था। अनूप मैंने तैयारी कर ली है।'' कहते हुए प्रियंका ने अटैची उठाई और कमरे से बाहर निकल गई। और जाते-जाते यह भी कहना न भूली- ''मुझे अभी तक कोई प्रेग्नेंसी नहीं है दोस्त ! मैं तो तुम्हारी औकात जानना चहती थी।''

वह तेजी से सड़क पर जा रही है और अनूप ''सुनो तो ! सुनो तो डार्लिंग'' कहता हुआ कुछ दूर उसके पीछे गया पर निराश होकर लौट आया।

## थकना भी लाज़मी था कुछ काम करते करते

■ ज़फ़र इक़बाल

थकना भी लाज़मी था कुछ काम करते करते
कुछ और थक गया हूँ आराम करते करते

अंदर सब आ गया है बाहर का भी अंधेरा
ख़ुद रात हो गया हूँ मैं शाम करते करते

ये उम्र थी ही ऐसी जैसी गुज़ार दी है
बदनाम होते होते बदनाम करते करते

फँसता नहीं परिंदा है भी इसी फ़ज़ा में
तंग आ गया हूँ दिल को यूँ दाम करते करते

कुछ बे-ख़बर नहीं थे जो जानते हैं मुझ को
मैं कूच कर रहा था बिसराम करते करते

सर से गुज़र गया है पानी तो ज़ोर करता
सब रोक रुकते रुकते सब थाम करते करते

किस के तवाफ़ में थे और ये दिन आ गए हैं
क्या ख़ाक थी कि जिस को एहराम करते करते

जिस मोड़ से चले थे पहुँचे हैं फिर वहीं पर
इक राएगाँ सफ़र को अंजाम करते करते

आख़रि %ज़फ़र% हुआ हूँ मंज़र से ख़ुद ही ग़ाएब
उस्लूब-ए-ख़ास अपना मैं आम करते करते



हास्य व्यंग्य

# काम ना काज के दुश्मन अनाज

■ रेखा शाह आरबी

शहरों में तो लोग पड़ोसी -अड़ोसी क्या करते हैं क्या नहीं करते हैं कभी पड़ोसियों को पता ही नहीं रहता है। बगल के फ्लैट में कौन रहता है ,कौन जिंदा है, कौन मर गया किसी भी चीज का कुछ पता नहीं रहता । जिंदगी अपनी दौड़ से दौड़ाती रहती है और और सभी लोग उसमें दौड़ते रहते हैं । लेकिन गांव में अभी ऐसा कुछ नहीं होता है जिंदगी तो यहां भी भागती है पर बुलेट ट्रेन की स्पीड से नहीं पैसेंजर की स्पीड से है । दिन भर भले ही लोग एक दूसरे से ना मिल पाए। लेकिन शाम को किसी डेरा पर तो, किसी चौपाल पर बैठकर अक्सर ही गप्पे गपियाते हैं । और यही निठल्लापन उन्हें घोर अवसाद और जीवन के अन्य दुखों से बचा लेता है। यह चौपाल ऐसी ही होती है जैसे संयुक्त राष्ट्र का अधिवेशन होता है बातचीत खूब होती है पर हल-भल कुछ किसी का नहीं निकलता है।

मुझे भी गांव का जीवन प्रभावित करता है.. गांव में आखिर ऐसा क्या है कि लोग थोड़े से संसाधन में ही गुजर-बसर कर लेते हैं । उन्हें जीवन जीने के लिए बहुत कुछ नहीं चाहिए और कुछ लोगों को तो कुछ भी नहीं चाहिए। कुछ भी नहीं का मतलब.. कुछ भी नहीं चाहिए फिर भी जीवन मजे में जी लेते हैं । अब हमारे ही गांव के चौपट लाल जी को देख लीजिए जिन्हें देखकर मुझे कभी-कभी बहुत ही रश्क होता है। कैसे बारहों महीने बिना काम धाम के यह इतने खुश रह लेते हैं। गांव में भी लोग सब लोग खाली नहीं रहते। कुछ खेत खलिहान में कुछ ना कुछ काम करते व्यस्त रहते हैं।

लेकिन उस गांव के चौपट लाल जी ऐसे व्यक्ति हैं जो कुछ भी नहीं करते । वह ऐसे व्यक्ति हैं जिनके खर्च शुन्य.. कमाई धेला भी नहीं है । फिर भी अन्य लोगों से ज्यादा मजेदार जीवन जीते हैं। ना घर द्वार बनवाने की चिंता ना कमाने धमाने की चिंता.. जिंदगी के सारे मजे उनके लिए ही है। उनकी प्रसन्नता तो यही बताती है।वह कहीं भी खटिया बिछाकर उल्टे पड़े रहते हैं। बिल्कुल मगरमच्छ के जैसे कोई हलचल नहीं कोई व्यवधान नहीं है उनके जीवन में.. सब मंगल ही मंगल है। जैसे नेता चुनाव में एक्टिव होते हैं वैसे ही चौपट जी सुबह और संध्या को एक्टिव होते हैं वह भी अपनी रोटियां सेकने के लिए बाकी समय चौपट लाल जी हमारे माननीय के जैसे अपने आरामगाह में पड़े रहते हैं। घर के नाम पर उनके पास एक घास फूस की झोपड़ी है। जिसको बनाने के लिए उन्हें कुछ भी खरीदना नहीं पड़ता है। और सामान के नाम पर उनके पास कुछ एक बर्तन है। आखिर इतने कम साधन में इतने प्रसन्न चौपट जी कैसे हैं जानने की सहज जिज्ञासा जागृत हो उठी .. तो एक दिन उनके जीवन का गहन अध्ययन करने का निश्चय किया। आखिर जो इंसान कुछ नहीं करता उसका जीवन इतने मजे से कैसे चल जाता है। तो सुबह से ही उनके पीछे लग गए सुबह-सुबह की दुनिया भर की पहली जरूरत टॉयलेट होती है उनकी भी है पर शौचालय की व्यवस्था का चक्कर और खर्चा क्यों पालना वह तो लोटा उठाकर चल दिए और कुछ ही देर में दूसरे के खेत को उर्वर बनाकर वापस आ गए । उसके बाद हर इंसान को चाय पानी की जरूरत पड़ती है उन्होंने ऐसे शौक पाले ही नहीं सीधे खाने का ही व्यवस्था रखते हैं ।सड़क किनारे के पेड़ों को काटकर छांटकर जमा किए गए लकड़ी से मुफ्त में खाना बना लिए.. राशन पानी सरकारी कोटे से मुफ्त मिल ही जाता है ।यानी कि यहां भी उनका एक अठन्नी खर्चा नहीं हुआ। कपड़े लत्ता के नाम पर उनके देह पर एक बनियान एक बरमुंडा एक गमछे के सिवा कभी कुछ ज्यादा देखने को नहीं मिला।

मुझे भी गांव का जीवन प्रभावित करता है.. गांव में आखिर ऐसा क्या है कि लोग थोड़े से संसाधन में ही गुजर-बसर कर लेते हैं । उन्हें जीवन जीने के लिए बहुत कुछ नहीं चाहिए और कुछ लोगों को तो कुछ भी नहीं चाहिए।

उसका भी पैसा जाने कौन-कौन से भत्ते से उनको मिल ही जाता है । सुबह से शाम हो गई लेकिन उनको एक अठन्नी खर्च करते देखने की हसरत ही रह गई। खाने के बाद सोना और सोने से पहले लोगों से मांग कर पेपर पढ़ कर उस पर दुनिया भर का ज्ञान देना उनका पसंदीदा शगल है। जितने करीने से वह समाचार पत्र पढ़ते हैं उतना तो जो उस अखबार का पैसा उनके पड़ोसी चुकाता है वह भी नहीं पढ़ता है । चौपट लाल जी को देखकर ज्ञान के चक्षु खुल गए बेकार ही हम सब कोल्हू के बैल की तरह दिन-रात जुते हुए हैं। और मेहनत कर रहे हैं । रात दिन खून पसीना एक किए हुए हैं । फालतू के संसाधन जुटाने में जीवन नर्क बने हुए हैं। चौपट लाल जी को देखकर समझ में आ गया जिंदगी तो बिना संसाधनों के बिना कुछ किये भी बड़े मजे से मजेदार गुजर सकती है। कुछ राम भरोसे कुछ सरकार भरोसे।

## जिगर-ए-सोख़्ता हैं और दिल-ए-बिरयाँ हैं हम

■ मीर हसन

जिगर-ए-सोख़्ता हैं और दिल-ए-बिरयाँ हैं हम
शोले की तरह सदा दीदा-ए-गिर्यां हैं हम
मुत्तसिल लख़्त-ए-जिगर करते हैं आँखों से सदा
आह किस आशिक़-ए-ग़म-दीदा की मिज़्गाँ हैं हम
कभी हँसते हैं कभी रोते हैं जलते हैं कभी
गुल हैं शबनम हैं कि या आतिश-ए-सोज़ाँ हैं हम
हम में ही आलम-ए-अकबर हुए गो जुर्म-ए-सग़ीर
मज़्हर-ए-जल्वा-ए-हक़ हज़रत-ए-इंसाँ हैं हम
दहर पुर-शोर है हाथों से हमारे ऐ आह
आफ़रीनश में मगर नाला-ओ-अफ़्ग़ाँ हैं हम
फ़िक्र-ए-जमइय्यत-ए-दिल हम को कहाँ आह %हसन%
ख़ातिर-आशुफ़्ता-ए-गेसू-ए-परेशाँ हैं हम

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770 ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## अफगानिस्तान में तीन अलग अलग दुर्घटनाओं में 24 घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान में पिछले 24 घंटों में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 24 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय पुलिस के शनिवार को बताया कि उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत के अर्घंज ख्वा जिले में शुक्रवार सुबह दो कारों की भिडंत में कम से कम 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने दुर्घटना की वजह लापरवाही से ड्राइविंग बताया और कहा कि गैरजिम्मेदारी से वाहन चलाने से अक्सर निर्दोष यात्रियों की जान जाती है।

# इजरायल ने हमास से कई गुना ज्यादा लोगों को बंधक बनाया : एर्दोगन

**अंकारा,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। तुर्की गाजा पट्टी में बंधकों की अदला-बदली की वकालत करता है, लेकिन समस्या यह है कि इजरायल ने फिलिस्तीनी आंदोलन हमास की तुलना में कई गुना अधिक लोगों को बंधक बना रखा है।

**तुर्की ने बंधकों की अदला-बदली की वकालत की**

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने शुक्रवार को यह बात कही। श्री एर्दोगन ने बर्लिन में जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ के साथ बंधकों की अदला-बदली पर एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, हां, हम भी इसकी वकालत करते हैं। अगर बंधकों की संख्या की बात करें तो इजरायल के पास कितने बंधक हैं और हमास के पास कितने बंधक हैं। अगर आप इस पर गौर करें तो, इजरायल ने कई गुना ज्यादा लोगों को बंधक बना रखा है, अगर हम इस पर आंखें मूंद लें तो यह अनुचित होगा।



### इजरायल ने अल-शिफा अस्पताल खाली करने को कहा

**गाजा।** इजरायली सेना ने गाजा शहर में एक घंटे के भीतर अल-शिफा अस्पताल को खाली करने को कहा है। फिलिस्तीन टीवी ने शनिवार सुबह यह जानकारी दी। अस्पताल के सूत्रों ने मीडिया को बताया कि इजरायली सेना के अस्पताल को खाली करने को कहने के बाद से अस्पताल में घबराहट और भय की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गयी है। सूत्रों ने चिकित्साकर्मियों को हवाला देते हुए कहा, जब तक एक भी मरीज अस्पताल में हम मरीजों के साथ कुछ भी गलत नहीं होने देंगे और न ही हम अस्पताल छोड़ेंगे।

## दक्षिणी गाजा पर इजरायली बमबारी में 26 नागरिकों की मौत

**गजा।** दक्षिण गाजा में खान यूनिस शहर पर शनिवार तड़के इजरायली बमबारी में लगभग 26 फिलिस्तीन नागरिक मारे गए। फ़िलिस्तीनी समाचार एजेंसी वाफा ने यह जानकारी दी है। स्थानीय सूत्रों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायली विमानों ने खान यूनिस के अपार्टमेंटों पर कई हमले किए, जिससे 26 नागरिकों की मौत हो गई, मृतकों से ज्यादातर बच्चे थे। हमले में कई लोग घायल हो गए है। इज़रायली सेना ने रिपोर्ट पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की।



## मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

**माले,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। मोहम्मद मुइज्जू ने शुक्रवार को राजधानी माले में एक समारोह में मालदीव के 8वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति कार्यालय यह जानकारी दी है। श्री मुइज्जू ने रिपब्लिक स्क्वायर पर आयोजित पीपुल्स मजलिस की विशेष सभा में राष्ट्रपति पद की शपथ ली। श्री मुइज्जू ने शपथ ग्रहण के बाद शपथ पत्र पर हस्ताक्षर किए। शपथ पत्र पर मुख्य न्यायाधीश अहमद मुथासिम अदनान और संसद के अध्यक्ष मोहम्मद असलम ने गवाह के रूप में हस्ताक्षर किए। राष्ट्रपति ने अपने उद्घाटन भाषण में मालदीव के नागरिकों के हितों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने मालदीव की विदेश नीति के लिए अपने दृष्टिकोण के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें पड़ोसी और दूर के देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों के संरक्षण पर जोर दिया गया।



राष्ट्रपति ने घोषणा की कि उनका प्रशासन पर्यटन उद्योग को अत्यधिक प्राथमिकता देगा एवं सरकार पर्यटन उद्योग के प्रबंधन और उसे आगे बढ़ाने के लिए नए दृष्टिकोण विकसित करेगी। राष्ट्रपति के भाषण में अर्थव्यवस्था, शिक्षा, युवा विकास, महिलाओं के अधिकार और आवास नीति सहित कई विषय शामिल थे। समारोह में उपराष्ट्रपतिहुसैन मोहम्मद लतीफ ने भी पद की शपथ ली। समारोह के बाद कैबिनेट मंत्रियों ने राष्ट्रपति कार्यालय में अपने पद की शपथ ली।

## कश्मीर में सर्दियों में आग की घटनाओं से निपटना एक चुनौती

**जम्मू,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। यह पूरी तरह से सच है कि कश ?मीर में सर्दियों के मौसम में बार-बार होने वाली आग की घटनाओं से निपटने की खतरनाक चुनौती पिछले कई सालों से बनी हुई है। और इस साल भी सर्दी की शुरूआत के साथ ही अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग ने अपने कर्मियों और मशीनरी को तैयार कर लिया है और राजधानी शहर श्रीनगर में किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए 70 से अधिक फायर टेंडरों को अलर्ट पर रखा है। जानकारी के लिए आमतौर पर, कश ?मीर में शुष्क मौसम की स्थिति के कारण शरद ऋतु के मौसम और सर्दियों की शुरुआत के दौरान आग की घटनाओं में वृद्धि देखी जाती है, क ?योंकि ठंड से निपटने के लिए गैस हीटर के अलावा हीटर, तेल से भरे रेडिएटर, इलेक्ट्रिक कंबल सहित बिजली के उपकरणों का बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। ऐसे में



**राज्य में हर साल 2000 से अधिक आग लगने की घटनाएं हो रही**

अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के सहायक निदेशक आकिब हुसैन मीर कहते थे कि हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनके बकौल हमारे अग्निशमन कर्मी सतर्क स्थिति में हैं। केवल श्रीनगर शहर में 50 से अधिक फायर टेंडरों को अलर्ट पर रखा गया है, जबकि 20 से अधिक छोटे फायर टेंडर भी अग्निशामकों के निपटान में हैं। इसके अलावा, वे कहते थे कि शहर के भीड़भाड़ वाले हिस्सों तक पहुंच को सक्षम करने के लिए छोटे आकार के फायर टेंडर शुरू किए गए हैं।


# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2023

छठ पूजा त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य जोनल रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

### उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | गुरुवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | शुक्रवार, सोमवार | 24.11.2023 से 11.12.2023 |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 से 09.12.2023 |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03635 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 20.11.2023 से 08.12.2023 |
| 03636 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | गया जं. | 20:45 | | मंगलवार, गुरुवार, शनिवार | 21.11.2023 से 09.12.2023 |
| 05557 | जयनगर | 06:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 21.11.2023 से 05.12.2023 |
| 05558 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:30 | जयनगर | 06:30 | | बुधवार | 22.11.2023 से 06.12.2023 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं. | 13:25 | पटना जं. | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 04677 | पटना जं. | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं. | 22:40 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04012 | नई दिल्ली | 19:20 | दरभंगा जं. | 16:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2023 तक |
| 04011 | दरभंगा जं. | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2023 तक |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04530 | भटिंडा जं. | 20:55 | वाराणसी जं. | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 04529 | वाराणसी जं. | 20:40 | भटिंडा जं. | 19:10 | | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2023 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2023 तक |
| 04488 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 04487 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 01664 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | सहरसा जं. | 11:20 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01663 | सहरसा जं. | 14:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05577 | सहरसा जं. | 19:10 | अम्बाला कैंट जं. | 23:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 05578 | अम्बाला कैंट जं. | 03:40 | सहरसा जं. | 09:45 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05531 | रक्सौल जं. | 22:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05532 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:00 | रक्सौल जं. | 14:30 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05273 | मुजफ्फरपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 22.11.2023 से 09.12.2023 |
| 05274 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं. | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05006 | अमृतसर जं. | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 04049 | नई दिल्ली | 23:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शनिवार | 27.11.2023 तक |
| 04050 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:30 | नई दिल्ली | 06:25 | | मंगलवार, रविवार | 28.11.2023 तक |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं. | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, गुरुवार, शनि | 30.11.2023 तक |
| 04079 | वाराणसी जं. | 18:35 | नई दिल्ली | 09:00 | | मंगल, शुक्रवार, रवि | 01.12.2023 तक |
| 01654 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:20 | वाराणसी जं. | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01653 | वाराणसी जं. | 06:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं. | 12:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04645 | बरौनी जं. | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04051 | सहरसा जं. (अनारक्षित विशेष) | 07:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | तिथि वार | रविवार | 19.11.2023 |
| 04057 | जयनगर (अनारक्षित विशेष) | 11:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:00 | तिथि वार | रविवार | 19.11.2023 |
| 04066 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:00 | पटना जं. | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 04065 | पटना जं. | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:35 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 04062 | दिल्ली जं. | 08:05 | बरौनी जं. | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 19, 26.11.23 एवं 03, 10.12.23 |
| 04061 | बरौनी जं. | 08:00 | दिल्ली जं. | 05:50 | | सोमवार | 20, 27.11.23 एवं 04, 12.12.23 |
| 01676 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 01675 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 01678 | नई दिल्ली | 08:10 | गया जं. | 00:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 20, 24, 27.11.23 एवं 01, 04.12.23 |
| 01677 | गया जं. | 07:35 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगलवार, शनिवार | 21, 25, 28.11.23 एवं 02, 05.12.23 |
| 02250 | नई दिल्ली (राजधानी स्पेशल) | 19:10 | पटना जं. | 07:30 | तिथि वार | रवि, मंगल, वीर, शनि, सोम, बुध | 19, 21, 23, 25, 27 एवं 29.11.23 |
| 02249 | पटना जं. (राजधानी स्पेशल) | 09:00 | नई दिल्ली | 21:00 | | सोम, बुध, शुक्र, रवि, मंगल, वीर | 20, 22, 24, 26, 28 एवं 30.11.23 |
| 05283 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 18.12.2023 तक |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 07:00 | | गुरुवार, रविवार | 19.12.2023 तक |
| 09097 | बान्द्रा टर्मिनस | 21:50 | जम्मू तवी | 08:35 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 09098 | जम्मू तवी | 23:20 | बान्द्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 10:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09524 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 20 एवं 27.11.2023 |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:30 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 21 एवं 28.11.2023 |
| 02246 | नई दिल्ली (गति शक्ति स्पेशल) | 23:45 | पटना जं. | 15:50 | तिथि वार | प्रतिदिन | 19.11.2023 से 30.11.2023 |
| 02245 | पटना जं. (गति शक्ति स्पेशल) | 19:00 | नई दिल्ली | 10:30 | | प्रतिदिन | 19.11.2023 से 01.12.2023 |
| 05734 | कटिहार | 07:50 | अमृतसर | 00:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 05733 | अमृतसर | 12:45 | कटिहार | 03:30 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 04527 | सहरसा जं. | 19:00 | अम्बाला कैंट | 22:20 | तिथि वार | सोम, वीर, रवि, बुध | 20, 23, 26 एवं 29.11.2023 |
| 04528 | सरहिंद | 11:25 | सहरसा जं. | 16:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 19, 22, 25 एवं 28.11.2023 |
| 04490 | नई दिल्ली | 19:35 | दरभंगा | 16:45 | तिथि वार | मंगल, शुक्र, सोम, वीर | 21, 24, 27 एवं 30.11.2023 |
| 04489 | दरभंगा | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | रवि, बुध, शनि, मंगल, शुक्र | 19, 22, 25, 28.11.23 एवं 01.12.23 |
| 04115 | प्रयागराज जं. | 21:25 | आनन्द विहार (ट) | 08:15 | तिथि वार | मंगलवार, वीरवार | 21 एवं 23.11.2023 |
| 04116 | आनन्द विहार (ट) | 10:15 | प्रयागराज जं. | 20:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 22 एवं 24.11.2023 |
| 05023 | गोरखपुर जं. | 20:55 | दिल्ली जं. | 12:30 | साप्ताहिक | रविवार | 03.12.2023 तक |
| 05024 | दिल्ली जं. | 14:30 | गोरखपुर जं. | 07:30 | | सोमवार | 04.12.2023 तक |
| 05115 | छपरा | 17:45 | आनन्द विहार (ट) | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05116 | आनन्द विहार (ट) | 14:45 | छपरा | 09:30 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05306 | लाल कुँआ | 22:00 | छपरा | 07:10 | तिथि वार | मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 29.12.2023 तक |
| 05305 | छपरा | 08:55 | लाल कुँआ | 18:00 | | बुध, गुरु, शनि, सोम | 30.12.2023 तक |
| 04016 | नई दिल्ली | 14:55 | सहरसा जं. | 15:50 | तिथि वार | मंगलवार | 21.11.2023 |
| 04015 | सहरसा जं. | 18:00 | नई दिल्ली | 19:20 | | रविवार, बुधवार | 19 एवं 22.11.2023 |
| 02248 | आनंद विहार (टर्मिनल) | 00:30 | पटना जं. | 16:30 | तिथि वार | वीरवार, शनिवार, वीरवार | 23, 25 एवं 30.11.2023 |
| 02247 | पटना जं. | 19:10 | आनंद विहार (टर्मिनल) | 10:50 | | वीरवार, शनिवार, वीरवार | 23, 25 एवं 30.11.2023 |
| 09129 | वडोदरा | 19:00 | हरिद्वार | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 09130 | हरिद्वार | 17:20 | वडोदरा | 11:25 | | रविवार | 26.11.2023 |
| 05065 | गोरखपुर जं. | 23:00 | नई दिल्ली | 12:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 |
| 05066 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 04:15 | | गुरुवार | 30.11.2023 |
| 05069 | गोरखपुर जं. | 08:00 | नई दिल्ली | 22:05 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 05070 | नई दिल्ली | 00:30 | गोरखपुर जं. | 14:45 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05071 | गोमती नगर | 23:00 | नई दिल्ली | 08:15 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05072 | नई दिल्ली | 10:00 | छपरा जं. | 04:15 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05159 | छपरा जं. | 23:55 | नई दिल्ली | 20:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 05160 | नई दिल्ली | 00:30 | छपरा जं. | 19:25 | | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09557 | भावनगर | 10:10 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 एवं 01.12.2023 |
| 09558 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 13:20 | भावनगर | 10:00 | | शनिवार | 25.11.2023 एवं 02.12.2023 |
| 05527 | दरभंगा जं. | 13:15 | दिल्ली जं. | 13:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 23.11.2023 से 07.12.2023 |
| 05528 | दिल्ली जं. | 15:30 | दरभंगा जं. | 15:45 | | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 03227 | आरा जं. (अनारक्षित विशेष) | 15:45 | आनन्द विहार (ट) | 07:15 | तिथि वार | बुध, शनि, | 22, 25, 29.11.23 एवं 02.12.23 |
| 03228 | आनन्द विहार (ट) (अनारक्षित विशेष) | 09:30 | आरा जं. | 04:00 | | रवि, वीर | 19, 23, 26, 30.11.23 एवं 03.12.23 |
| 04018 | नई दिल्ली | 14:55 | बापूधाम मोतिहारी | 12:15 | तिथि वार | मंगल, शुक्र, सोम | 21, 24 एवं 27.11.2023 |
| 04017 | बापूधाम मोतिहारी | 15:00 | नई दिल्ली | 13:15 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 19, 22, 25 एवं 28.11.2023 |
| 04028 | आनन्द विहार (ट) | 01:00 | बापूधाम मोतिहारी | 23:30 | तिथि वार | मंगल, शुक्र, सोम | 21, 24 एवं 27.11.2023 |
| 04027 | बापूधाम मोतिहारी | 02:30 | आनन्द विहार (ट) | 23:45 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 19, 22, 25 एवं 28.11.2023 |
| 04534 | सरहिन्द | 20:20 | सहरसा जं. | 23:45 | तिथि वार | रविवार | 19.11.2023 |
| 04533 | सहरसा जं. | 03:00 | अम्बाला कैंट | 05:00 | | मंगलवार | 21.11.2023 |
| 04536 | चंडीगढ़ | 23:55 | कटिहार जं. | 05:00 | तिथि वार | रविवार | 19.11.2023 |
| 04535 | कटिहार जं. | 07:00 | चंडीगढ़ | 12:30 | | मंगलवार | 21.11.2023 |
| 02351 | पटना जं. | 16:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 06:00 | तिथि वार | मंगल, वीर, शनि, सोम, बुध, शुक्र | 21, 23, 25, 27, 29.11.23 एवं 01.12.2023 |
| 02352 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 08:00 | पटना जं. | 21:55 | | बुध, शुक्र, रवि, मंगल, गुरु, शनि | 22, 24, 26, 28, 30.11.23 एवं 02.12.23 |
| 05315 | छपरा जं. | 11:15 | दिल्ली जं. | 11:20 | तिथि वार | मंगलवार, शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05316 | दिल्ली जं. | 14:00 | छपरा जं. | 13:20 | | बुधवार, शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05089 | बनारस | 21:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 |
| 05090 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 18:15 | बनारस | 09:50 | | बुधवार | 29.11.2023 |
| 05464 | वाराणसी शहर | 10:40 | जौनपुर | 13:00 | सप्ताह में 6 दिन | शुक्रवार के अलावा | 30.11.2023 तक |
| 05463 | जौनपुर | 13:20 | वाराणसी शहर | 15:30 | | वीरवार के अलावा | 30.11.2023 तक |
| 02365 | राजगीर | 20:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार और मंगलवार | 21.11.2023 से 09.12.2023 |
| 02366 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:45 | राजगीर | 19:10 | | रविवार और बुधवार | 22.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05473 | जौनपुर जं. | 13:20 | औंड़िहार जं. | 14:40 | साप्ताहिक | वीरवार | 30.11.2023 तक |
| 05474 | औंड़िहार जं. | 11:35 | जौनपुर जं. | 13:00 | | शुक्रवार | 30.11.2023 तक |
| 09624 | बरौनी जं. | 11:00 | अजमेर जं. | 13:35 | तिथि वार | सोमवार | 20.11.2023 |
| 05073 | गोरखपुर | 20:55 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 12:30 | तिथि वार | मंगलवार एवं शुक्रवार | 21 एवं 24.11.2023 |
| 05074 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 14:30 | गोरखपुर | 07:30 | | बुधवार एवं शनिवार | 22 एवं 25.11.2023 |
| 05075 | छपरा जं. | 17:45 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 14:00 | तिथि वार | सोमवार एवं वीरवार | 20 एवं 23.11.2023 |
| 05076 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 16:00 | छपरा जं. | 09:30 | | मंगलवार एवं शुक्रवार | 21 एवं 24.11.2023 |
| 05041 | छपरा कचहरी | 09:30 | अमृतसर जं. | 14:00 | तिथि वार | मंगलवार एवं शनिवार | 21 एवं 25.11.2023 |
| 05042 | अमृतसर जं. | 17:45 | छपरा कचहरी | 22:00 | | बुधवार एवं रविवार | 22 एवं 26.11.2023 |
| 05575 | सहरसा जं. | 19:10 | अम्बाला छावनी जं. | 23:15 | तिथि वार | बुधवार | 22.11.2023 |
| 05571 | जयनगर | 06:00 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 05:00 | तिथि वार | वीरवार | 23.11.2023 |
| 02266 | साबरमती | 02:30 | नई दिल्ली | 19:05 | तिथि वार | सोमवार | 20.11.2023 |
| 04002 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 23:55 | पटना जं. | 15:45 | तिथि वार | प्रतिदिन | 19.11.2023 से 30.11.2023 |
| 04001 | पटना जं. | 18:45 | आनन्द विहार (टर्मि.) | 10:20 | | प्रतिदिन | 19.11.2023 से 01.12.2023 |
| 04006 | दिल्ली जं. | 23:05 | जयनगर | 23:45 | तिथि वार | मंगल, शुक्र, सोम, वीर | 21, 24, 27 एवं 30.11.23 |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं. | 01:30 | | सोम, वीर, रवि, बुध, शनि | 20, 23, 26, 29.11.23 एवं 02.12.23 |
| 04022 | नई दिल्ली | 15:30 | सहरसा जं. | 16:30 | तिथि वार | प्रतिदिन | 19.11.2023 से 30.11.2023 |
| 04021 | सहरसा जं. | 19:00 | नई दिल्ली | 20:20 | | प्रतिदिन | 19.11.2023 से 01.12.2023 |
| 04526 | सरहिन्द जं. | 11:25 | सहरसा जं. | 16:00 | तिथि वार | सोम, वीर, रवि, बुध | 20, 23, 26 एवं 29.11.2023 |
| 04525 | सहरसा जं. | 19:00 | अंबाला कैंट | 22:20 | | मंगल, शुक्र, सोम, वीर | 21, 24, 27 एवं 30.11.2023 |
| 02268 | साबरमति | 03:00 | नई दिल्ली | 19:35 | तिथि वार | सोमवार | 20.11.2023 |

### उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09076 | काठगोदाम | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 07651 | जालना | 23:35 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 07652 | छपरा | 22:15 | पुणे | 04:00 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05063 | छपरा | 16:15 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 07:25 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 05064 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 12:45 | सीवान जं. | 03:15 | | रविवार | 03.12.2023 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं. | 09:10 | पटना जं. | 21:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09418 | पटना जं. | 23:45 | अहमदाबाद जं. | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 05616 | गुवाहाटी | 18:00 | उदयपुर शहर | 21:05 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 05615 | उदयपुर शहर | 13:45 | गुवाहाटी | 23:30 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05537 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.12.2023 तक |
| 05538 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 10.12.2023 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:35 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 09525 | ओखा | 22:00 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | ओखा | 03:35 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 02575 | हैदराबाद | 21:05 | गोरखपुर | 06:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 तक |
| 02576 | गोरखपुर | 08:30 | हैदराबाद | 16:20 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01053 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 12:15 | बनारस | 16:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक (टर्मि.) | 23:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 01431 | पुणे | 16:15 | गोरखपुर | 21:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 01432 | गोरखपुर | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05303 | गोरखपुर | 08:30 | महबूबनगर | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 05304 | महबूबनगर | 18:00 | गोरखपुर | 09:00 | | सोमवार | 04.12.2023 तक |
| 05068 | गोमती नगर | 18:55 | मालतीपाटपुर | 04:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 30.11.2023 तक |
| 05067 | मालतीपाटपुर | 10:00 | गोमती नगर | 20:00 | | शनिवार | 02.12.2023 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | कटिहार | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 तक |
| 09190 | कटिहार | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09101 | वडोदरा | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09102 | गोरखपुर | 05:00 | वडोदरा | 08:35 | | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 05522 | दरभंगा जं. | 18:15 | अहमदाबाद जं. | 17:00 | तिथि वार | मंगलवार | 21.11.2023 |

18.11.2023 तक की स्थिति

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# प्रादेशिकी

## साइबर ठगों ने ब्लैकमेल कर ठगे तीन लाख दस हजार

**देहरादून।** चमन विहान निवासी चंचल ठाकुर पत्नी विजय ठाकुर ने इंग्लैड से आए गिफ्ट को छुड़ाने के लिए तीन लाख दस हजार रुपये ठगों के हाथों गंवा दिए। चंचल ने यह पैसो 63 बार में ठगों के खातों में साइबर कैंपे से पेटीएम के माध्यम से ट्रांस्फर कराया। जब चंचल के पति को इस मामले का पता चला तो उन्होंने साइबर थाने में जाकर आरोपियों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कराया। शुक्रवार करीब 12 बजे चंचल ठाकुर के मोबाइल नम्बर 9760670837 पर मोबाइल नम्बर से 447936735049 से फोन आया तो फोन करने वाले ने कहा कि में कस्टम ऑफिसर बोल रहा हूँ आपका इग्लैंड से गिफ्ट आया है। जो कि मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम में पकड़ लिया है जिसको छुड़ाने के लिए पैसे देने पड़ेंगे।

# भूस्खलन से लोगों में बढ़ने लगा खौफ

■ हिमकिरण मांटा



■ पहाड़ का सीना छलनी करने की वजह से पहाड़ियां दरकने लगी
■ भूस्खलन के चलते सामरिक महत्व का नेशनल हाईवे-5 बीते छह दिनों से बंद

**शिमला,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। किन्नौर जिला में पावर प्रोजेक्टों के लिए पहाड़ का सीना छलनी करने की वजह से पहाड़ियां दरकने लगी हैं। एक के बाद एक जगह पर हो रहे भूस्खलन से न सिर्फ लोगों की दुश्वारियां बढ़ी हैं, बल्कि उनमें खौफ भी बढने् लगा है। नाथपा झूला के समीप लगातार हो रहे भूस्खलन के चलते सामरिक महत्व का नेशनल हाईवे-5 बीते छह दिनों से बंद है। इससे पहले भी नाथपा झूला के पास भूस्खलन की वजह से नेशनल हाईवे बंद हुआ था। बटसेरी व निगुलसरी के पास भी भूस्खलन लगातार होता रहता है। साल 2021 से 2023 तक भूस्खलन की घटनाओं में किन्नौर सहित प्रदेश के अलग अलग भागों में 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

किन्नौर जिला सतलुज वैली में स्थित है। सतलुज वैली को हिमाचल का पावर हब माना जाता है। वैली में 3 हजार मेगावाट से अधिक क्षमता के पावर प्रोजेक्टों का निर्माण हुआ है। इनमें 17 पावर प्रोजेक्ट 25 मेगावाट से अधिक की क्षमता के हैं। हिमधरा एनजीओ के अध्ययन के मुताबित प्रदेश में 984 हैक्टेयर वन भूमि को पावर प्रोजेक्टों की खातिर लैंड यूज बदला गया। इंडियन स्टेट ऑफ फॉरेस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक 2001 से 2015 तक किन्नौर जिला में फॉरेस्ट कवर 7.4 फीसद कम हुआ। जलवायु परिवर्तन की वजह से प्रदेश में बारिशें बढ़ी हैं। बारिश अधिक होने की वजह से भूस्खलन बढ़ रहे हैं। मगर जानकारों का कहना है कि पावर प्रोजेक्टों के निर्माण का असर किन्नौर जिला के पारिस्थितिक तंत्र पर भी पडने् लगा है। जिला में बारिश होने लगी है। जाहिर है कि पारिस्थितिक तंत्र के मामले में संवेदनशील किन्नौर जिला में बारिश होने व भूस्खलन की वजह से लोगों में खौफ बढ़ा है।

किन्नौर के सांगला घाटी के बटसेरी ,रुतुरंग ,उरनी ढाँक , पूर्बनी झूला ,पंगी नाला ,निगुलसारी ,नाथपा झूला यह सभी ऐसे क्षेत्र है जहाँ पर अबतक भयंकर भूस्खलन हुए हैं। संयोगवश ज़िला के अंदर भूसखलन भी वहीं हो रहे है जहाँ पर जलविद्युत् परियोजनाओ के निर्माण कार्य हुए है या अभी चले हुए है जिसके सबसे बड़ा उदाहरण नाथपा झूला जिसके ठीक नजदीक एनजेपीसी जलविद्युत् परियोजना के प्रथम टनल का एंट्रेंस है वहीं निगुलसारी समीप भूसखलन ठीक उसी जगह के अंदरूनी पहाड़ से टनल क्षेत्र है । ज़िला के रुतुरंग के समीप भी जेएसडब्लू जलविद्युत् परियोजना के टनल व डे ब बिल्कुल नजदीक है जहाँ बरसातों मे पहाड़ो से भूसखलन होता रहता है , पूर्बनी झूला व पंगी नाला ठीक उसके निचली तरह एचपीपीसीएल जलविद्युत् परियोजना के टनल गुजरता हैए उसके ऊपरी तरफ भूसखलन का मामला हुआ हैए उरनी ढाँक क ठीक निचली तरफ जेएसडब्लू जलविद्युत् परियोजना का टनलए काकस्ताल चगांव के समीप भी हालही मे पहाड़ो से चट्टान गिरे जिसके बिल्कुल निचली तरफ से जेएसडब्लू जलविद्युत् परियोजना का टनल गुजरता हैए और पानवी समीप एएचपीएल-4 मेगावाट जलविद्युत् परियोजना के टनल गांव के क्षेत्र के निचली तरफ से गुजरता है चौरा समीप पहाड़ो से चट्टानों के खिसकना व चौरा के नजदीकी क्षेत्र ज्यूरी में भी ठीक उसी जगह भूस्खलन हुआ जहां पहाड़ को चीर कर सुरंग बनाई गई है। खदरा ,स्किबा ,खाब यहाँ पर भी पहाड़ो से चट्टान गिरे है जिनके कारण का फिलहाल प्रशासन द्वारा पता लगाया जा रहा है । लेकिन प्रशासन ने अभी तक किन्नौर में भूस्खलन के कारणों का पता लगाने बारे भूगर्भीय सर्वेक्षण नहीं करवाया। भूस्खलन के कारणों का पता लगने पर ही इससे बचाव के तौर तरीके तलाशे जा सकते हैं। किन्नौर के लोग 804 मेगावाट की जंगी ठोपन परियोजना के अलावा रोपा वैली में प्रस्तावित 217 मेगावाट की पन बिजली परियोजना का भी लगातार विरोध कर रहे हैं। विरोध की वजह लगातार दरकते पहड़ा व पर्यावरण पर पड़ता पावर प्रोजेक्टों का असर है। उधर किन्नौर जिला सहायक आयुक्त संजीव कुमार बोट ने बताया कि किन्नौर ज़िला के अंदर कई बड़े जगहों पर भूस्खलन के साथ साथ पहाडियों से चट्टानें गिर रही हैं। प्रशासन भारतीय भूगर्भीय सर्वे से भूस्खलन के कारणों का अध्ययन करवाने बारे विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुछेक ग्रामीण इलाको के स्पॉट है जहाँ पर भी पहाड़ो से भूस्खलन के मामले सामने आये है । इन जगहों पर जहाँ पर हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी के जियोलोजी विभाग के विशेषज्ञों से अध्ययन करवाया जाएगा।

# सुरंग में फंसे श्रमिकों के रेस्क्यू के लिए देश-दुनिया की आधुनिक तकनीक की मदद ले रही सरकार : धामी



■ अफसरों के साथ रेस्क्यू कार्य की समीक्षा कर दिए जरूरी निर्देश
■ श्रमिकों को सुरक्षित निकालने को हर बाधा दूर कर रही रेस्क्यू टीम

**देहरादून,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों के रेस्क्यू पर पल पल अपडेट ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को शासकीय आवास पर अधिकारियों के साथ श्रमिकों के बचाव के लिए चल रहे रेस्क्यू कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रेस्क्यू ऑपरेशन में आ रही बाधाओं से निपटने के लिए हर आवश्यक कदम उठाये जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग रेस्क्यू कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। पीएमओ के मार्गदर्शन में राज्य सरकार सुरंग में फंसे सभी श्रमिकों को सकुशल निकालने के प्रयास में जुटी है। सुरंग में फंसे लोगों के रेस्क्यू के लिए देश और दुनिया में ईजाद की गई आधुनिक तकनीक की मदद ली जा रही है। उम्मीद हैं कि जल्द इसमें सफलता मिल जायेगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी लगातार बचाव अभियान का अपडेट लिया जा रहा है। ऐसे में ग्राउंड जीरो पर जो भी रेस्क्यू कार्य किया जा रहा हैप् निर्देश दिए कि अधिकारी एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर समय पर अंजाम तक पहुंचाएं। रेस्क्यू कार्य के लिए जिन संसाधनों की जरूरत हैं, उनको तत्काल एजेंसियों को मुहैया करा कर तेजी से कार्य कराएं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता श्रमिकों को सुरक्षित और समय पर बाहर निकालना है।

सीएम धामी ने कहा कि मुसीबत में फंसे श्रमिकों के परिजनों के साथ सरकार खड़ी है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वह सभी परिजनों को रेस्क्यू की हर पल की जानकारी देते रहें। इसके अलावा सिलक्यारा पहुंचे परिजनों के लिए भी सहायता केंद्र खोलने और उनके रहने-खाने की जरूरत के हिसाब से मदद की जाए। उन्होंने कहा कि विपदा की इस घड़ी में परिजनों को धैर्य बनाये रखने की जरूरत है। सरकार हर वक्त उनके साथ खड़ी है।

कहा कि सिलक्यारा सुरंग आपदा से निपटने के लिए देश और दुनिया में चले पुराने सुरंग रेस्क्यू के अनुभवों के आधार पर कार्य किए जा रहे हैं।

## ऊर्जा संरक्षण दिवस को लेकर दिए निर्देश

**रुद्रप्रयाग।** आगामी दिसंबर माह में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह एवं ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाए जाने को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दिसंबर माह में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह एवं 14 दिसंबर को ऊर्जा सरंक्षण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों में ऊर्जा संरक्षण विषयों पर छात्र-छात्राओं के मध्य निबंध, लेखन, चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जबकि 14 दिसंबर को रैली, ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने के साथ ही विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## हाईवे पर गजराज को देख वाहन छोड़कर इधर-उधर भागने लगे लोग

**पौड़ी।** कोटद्वार दुगड्डा हाईवे पर अचानक एक हाथी आ धमका. जिसके मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान लोग अपने वाहन हाईवे पर छोड़कर भागते नजर आए और हाथी उनकी ओर भागता दिखाई दिया। इस दौरान हाथी लोगों को देख काफी उग्र हो गया. हाईवे पर हाथी आने से आवाजाही कर रहे लोगों ने वाहन से भागकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची. करीब आधे घंटे के बाद वन विभाग के कर्मियों ने हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वन क्षेत्राधिकारी देवेन्द्र काला ने बताया कि लैंसडौन-दड़ेचयवन प्रभाग हाथियों का वास स्थल माना जाता है। जुलाई माह से दिसंबर माह तक हाथियों का मस्त काल माना जाता है। मस्त काल के समय हाथियों को सौहार्दपूर्ण माहौल पसंद होता है। लैंसडौन वन के कोटद्वार रेंज में कोटद्वार दुगड्डा के बीच मानव दखल बढ़ने से नर हाथियों में आक्रामकता देखने को मिल रही है। वन विभाग क्षेत्र में गश्त बढ़ाई गई है। उन्होंने आवाजाही करते समय लोगों से वाहन के हॉर्न का प्रयोग ना करने की अपील की.।

## राहत बचाओ अभियान का जायजा लेने पहुंचे घिल्डियाल

उत्तरकाशी। टनल हादसे में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए लगातार कोशिशे जारी है। सातपें दिन शनिवार को रेस्क्यू ऑपरेशन फिलहाल रोका गया है।ऐसे में लगातार मुख्यमंत्री से लेकर बड़े अधिकारी अभियान पर नजर बनाए हुए हैं। मौके पर हालात का जायजा लेने के लिए शनिवार को पीएमओ के उप सचिव मंगेश घिल्डियाल मौके पर पहुंचे। इन दिनों सभी की निगाहें उत्तरकाशी पर टिकी हैं। दीपावली पर हुए टनल हादसे में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए लगातार सात दिनों से कोशिश की जा रही है।

## सुडोकू 6380 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 7 | 9 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 7 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 8 | 3 | 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 |
| 6 | 7 | 2 | 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 3 |

# मुख्यमंत्री सुक्खू पूरी तरह स्वस्थ



■ प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में लिया हिस्सा
■ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 से 23 दिसंबर

**शिमला,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्कू स्वास्थ्य लाभ लेकर अब पूरी तरह स्वस्थ हो गए है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज यहां आयोजित प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में राज्यपाल से हिमाचल प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 19 दिसंबर से 23 दिसंबर 2023 तक तपोवन धर्मशाला में आयोजित करने की सिफारिश करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में जल शक्ति विभाग में 4500 पैरा-कर्मचारियों को नियुक्त करने, राज्य आबकारी एवं कराधान विभाग में कर एवं कराधान निरीक्षक के 25 पद और बागवानी विभाग में बागवानी विकास अधिकारी के 10 पद भरने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में मोटर वाहन कर की एकमुश्त छूट के साथ-साथ पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा (आरवीएसएफ) में स्क्रैप किए जाने वाले पुराने वाहनों से संबंधित ब्याज और जुर्माने की एकमुश्त छूट को भी स्वीकृति प्रदान की गई। यह छूट एक वर्ष की समयावधि के लिए लागू होगी, जो वाहन मालिकों को मौजूदा नियमों के अनुरूप अपने पुराने वाहनों को स्क्रैप करने के लिए पर्यावरण अनुकूल दृष्टि से जिम्मेदार विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करेगी। इसके अतिरिक्त वैध सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट प्रस्तुत करने पर नए वाहन के पंजीकरण के लिए हिमाचल प्रदेश मोटर वाहन कराधान अधिनियम-1972 की धारा 14 के तहत देय कर पर गैर परिवहन वाहनों को 15 वर्ष तक 25 प्रतिशत और परिवहन वाहनों के मामले में आठ वर्ष तक 15 प्रतिशत रियायत देने का भी निर्णय लिया गया।

मंत्रिमण्डल ने एसजेवीएनएल के पक्ष में किए गए जंगी थोपन पोवारी हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट (780 मेगावाट) के आवंटन को रद्द करने का निर्णय भी लिया। कंपनी द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर परियोजना के कार्यान्वयन में प्रगति में विफलता पर यह निर्णय लिया गया।

मंत्रिमण्डल ने शिमला, चौपाल तथा कुल्लू के और अधिक क्षेत्रों को योजना क्षेत्र के अंतर्गत लाने की स्वीकृति प्रदान की ताकि इन क्षेत्रों में असुरक्षित निर्माण कार्यों पर रोक लगाई जा सके। प्रदेश में कार्यरत सहकारी समितियों को सशक्त बनाने के लिए हिमाचल प्रदेश सहकारी समितियां नियम, 1971 में संशोधन करने को भी मंजूरी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त प्रदेश के मंदिरों में संग्रहित सोने, चांदी का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए हिमाचल प्रदेश हिंदू सार्वजनिक धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती नियम, 1984 के नियमों में संशोधन करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से प्रदेश के सभी स्कूलों में पहली कक्षा में प्रवेश पाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए छह वर्ष से अधिक आयु का मानदंड अपनाने को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में आपदा प्रभावित परिवारों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 5000 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 10000 रुपये मासिक किराया देने की भी कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

# टनल हादसे को लेकर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन



**देहरादून,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तरकाशी टनल में फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए सांतवें दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एक तरफ जहां सरकार की तरफ से मजदूरों को बाहर निकलाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस का आरोप है कि सरकार मजदूरों को बाहर निकालने में पूरी तरह से फेल हुई है। सात दिनों के बाद भी टनल से मजदूरों का रेस्क्यू नहीं हो पाया है। इसी को लेकर कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बागेश्वर में कांग्रेसियों का प्रदर्शनरू बागेश्वर में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने कहा कि बीते सात दिनों से उत्तरकाशी के सिलक्यारा में 41 मजदूर टनल में फंसे हुए है, लेकिन अभीतक सरकार उन्हें बाहर निकालने में कामयाब नहीं हो पाई है। कांग्रेस का कहना है कि सरकार ने रैणी आपदा से भी कुछ सबक नहीं लिया, जिसमें 250 लोगों की मौत हो गई थी। कांग्रेस का कहना है कि पिछली घटनाओं से सबक लेने बजाए सरकार ने अपनी आंखे बंद कर रखी है। प्रदेश सरकार अपनी नाकामी छुपानी चाहती है, जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। मसूरी में कांग्रेस ने कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए सरकार को घेरा। मसूरी में कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। मसूरी शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता पिक्चर पैलेस चैक पर एकत्र हुए और धामी सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

मसूरी शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार को पूरी तरह के फेल बताया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की हालत बद से बदतर हो गई है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से चरमरा गई है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में भारी सुरक्षा के बीच दिनदहाड़े 20 करोंड की लूट हो गई और पुलिस को भनक तक भी नहीं लगी।

# सुफयान ने किया राज्य का नाम रोशन



**देहरादून,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड में प्रतिभाओ की कमी नही है, बस जरूरत है, उन हीरो को तराशने की, जहां-जहां प्रतिभाओं को तराशा जा रहा है, वह उत्तराखण्ड का नाम रोशन कर रहें हैं। ऐसी ही एक प्रतिभा को मदरसा दार-ए-अरकम ने निखारा तो उसने उत्तराखण्ड का नाम रोशन कर दिया। मदरसा दार-ए-अरकम आजाद कालोनी के छात्र हाफिज मोहम्मद सुफयान ने मदरसे का ही नही उत्तराखण्ड का नाम भी रोशन किया है। हाल ही में जामिया इशातुल उलूम अक्कल कुंआ महाराष्ट्र की और से 10वीं अखिल भारतीय कुरआन पढ़ने की प्रतियोगिया का क्वालीफायर राउंड यूपी के सहारनपुर में आयोजित कराया गया, जिसमें ऑल यूपी-उत्तराखण्ड के कुल 275 मदरसों के 600 सौ से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। मदरसा दार-ए-अरकम आजाद कालोनी देहरादून के छात्र हाफिज मोहम्मद सुफयान ने उत्तराखण्ड में प्रथम और यूपी-उत्तराखण्ड में चैथा स्थान प्राप्त कर जहां ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिये क्वालीफायर किया वही, प्रथम आकर उत्तराखण्ड का भी नाम रोशन कर दिया है। हाफिज मोहम्मद सुफयान के शुक्रवार को देहरादून पहुंचने पर मदरसे की और से जौरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर मरदसे की जानिब से हाफिज मोहम्मद सुफयान व उनके उस्ताद मौलाना अब्दुल वाजिद को सम्मानित करने का फैसला लिया गया है। इस मौके पर मदरसा संरक्षक हाफिज सुलेमान, प्रबंधक मास्टर अब्दुल सत्तार, मोहतमिम हाफिज मौहम्मद शाहनजर, मुफ्ति अयाज अहमद जामई, मुफ्ति बुरहानुद्दीन रब्बानी कासमी, मौलाना अब्दुल वाजिद, मौलाना शोबान, कारी आरिफ, कारी फरहान, कारी शाहवेज, कारी मुंतजिर, हाजी शमशाद, हाजी जफर, तौसीफ खान, अशरफ मलिक, मास्टर मोहसिन, कारी इरफान, अनीस राणा, खुर्शीद अहमद, मुकीम अहमद, मौलाना सुहैल मलिक, मौलाना अबु बकर आदि मौजूद रहे।

# जाइका प्रोजेक्ट के कार्यों को ग्रासरूट पर पहुंचाने के निर्देश



■ बिलासपुर में आयोजित एक दिवसीय समीक्षा कार्यशाला में कई एजेंडों पर हुआ मंथन
■ मुख्य परियोजना निदेशक नागेश गुलेरिया ने दिए बेहतर टिप्स

**शिमला,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। जाइका वानिकी परियोजना के कार्यों को जमीनी स्तर पर पहुंचाने के लिए अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल एवं मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने सभी फील्ड स्टाफ को दिशा-निर्देश जारी किए। गत शुक्रवार को बिलासपुर में आयोजित एक दिवसीय समीक्षा कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने बिलासपुर के चार फोरेस्ट रेंज अफसरों एवं टीम मेंबरर्स को आगामी लक्ष्य तय किए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए नागेश कुमार गुलेरिया ने सभी फील्ड तकनीकी यूनिट्स को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में नर्सरियों को और सुदृढ़ करने की सख्त जरूरत है। मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने बिलासपुर सदर, स्वारघाट, घुमारवीं और झंडूता रेंज के अधिकारियों से अब तक किए गए कार्यों की पूरी रिपोर्ट भी मांगी। इस दौरान विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के आय में सृजन करने बारे भी विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हिमाचल में साल 2030 तक दो लाख हेक्टेयर वन भूमि पर पौधे लगाए जाएंगे। सरकार ने प्रदेश के 30 प्रतिशत भाग को वनों के अधीन लाने का लक्ष्य रखा है। साल 2030 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रति वर्ष 12 हजार हेक्टेयर वन भूमि पर पौधरोपण किया जाना अपेक्षित है। इसके लिए अतिरिक्त वित्तीय स्रोत तलाशने होंगे। नागेश कुमार गुलेरिया ने कहा कि इस साल बरसात के दौरान 55 से अधिक प्रजातियों के पौधे रोपे गए। उन्होंने कहा कि अच्छे पौधरोपण को प्रोत्साहित करने के लिए जहां 90 प्रतिशत से अधिक उत्तर जीवन होगा उन ग्राम वन विकास समिति को बतौर ईनाम 10 हजार की राशि दी जाएगी। नागेश कुमार गुलेरिया ने सिल्वीकल्चर, डिमार्केशन, पृथक्करण और बाउंड्री पिल्लर बनाने के लिए धन उपलब्ध करवाने की भी बात कही।

### बेहतर कार्य करने वालों की थपथपाई पीठ

अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल एवं मुख्य परियोजना निदेशक नागेश कुमार गुलेरिया ने बहतर कार्य करने वाले अधिकारियों के साथ-साथ फील्ड टीम की पीठ थपथपाई। कार्यशाला के दौरान जाइका वानिकी एवं जैव विविधता विशेषज्ञ डा. सुशील काप्टा, सीसीएफ बिलासपुर अनिल शर्मा, डीएफओ हैड क्वार्टर अश्वनी शर्मा, फील्ड तकनीकी अधिकारी, ब्लॉक अधिकारी, वन रक्षक, विषय वस्तु विशेषज्ञ समेत फील्ड को-ऑर्डिनेटर्स उपस्थित थे।

# बैकुंट धाम श्री बद्रीनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद



देहरादून, 18 नवम्बर (देशबन्धु)। विश्वप्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में आज शनिवार अपराह्न तीन बजकर तैतीस मिनट पर पूजा- अर्चना पश्चात कार्तिक शुक्ल षष्ठी श्रवण नक्षत्र में शीतकाल के लिए बंद हो गये है। कुछ दिन पहले हुई बर्फवारी के बाद कपाट बंद होने के दौरान आज मौसम साफ रहा दिन में धूप खिली रही यद्यपि दूर चैटियों पर बर्फ साफ देखी जा सकती है। कपाट बंद के अवसर पर बदरीनाथ मंदिर को फूलों से सजाया गया था तथा सिंह द्वार परिसर में गढ़वाल स्काट के बैंड की भक्तिमय धुनों से संपूर्ण बदरीनाथ गुंजायमान हो रहा था ?। जय बदरीविशाल के उदघोष गूंज रहे थे। कपाट बंद के समय साढ़े पांच हजार से अधिक श्रद्धालुजन तीर्थयात्री कपाट बंद होने के साक्षी बने। बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेष ने मंदिर को फूलों से सजाया। इस अवसर पर दानीदाताओं,भारतीय सेना ने तीर्थयात्रियों के लिए भंडारे आयोजित किये। कपाट बंद के पश्चात बदरीनाथ से रविवार 19 नवंबर प्रातरू श्री उद्धव जी,श्री कुबेर जी की देव डोली पांडुकेश्वर तथा आदिगुरू शंकराचार्य जी की गद्दी श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ प्रस्थान करेगी।

कपाट बंद होने के शुभ अवसर पर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति(बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशन में इस यात्रा वर्ष बदरीनाथ-केदारनाथ यात्रा ऐतिहासिक रही है। इस बार सबसे अधिक अड़तीस लाख रिकार्ड तीर्थयात्री बदरी- केदार पहुंचे है। जिनमें से आज कपाट बंद तक अठारह लाख चालीस हजार से अधिक तीर्थयात्री बदरीनाथ धाम पहुंचे है। उन्होंने यात्रा में योगदान करने वाले सभी व्यक्तियों, संस्थानों को बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय 15 नवंबर केदारनाथ के कपाट बंद के कार्यक्रम के बाद श्री बदरीनाथ कपाट बंद की तैयारियों हेतु श्री बदरीनाथ धाम पुंहच गये थे।

मुख्यकार्याधिकारी योगेंद्र सिह ने बताया कि कपाट खुलने की तिथि से 17 नवंबर शुक्रवार देर रात तक 18 लाख 36 हजार 5 19 तीर्थयात्री बदरीनाथ धाम पहुंचे है।

# अवैध शराब बिक्री प्रकरण में चौकी इंचार्ज पर गिरी गाज, एसएसपी ने किया लाइन हाजिर

**रुद्रपुर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। एसएसपी मंजू नाथ टीसी द्वारा अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश के बाद भी अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। जिस पर एसएसपी ने कर्मचारी पर सख्त एक्शन लिया है।आदर्श इंदिरा कॉलोनी में अवैध शराब बिक्री मामले में एसएसपी मंजू नाथ टीसी द्वारा चैकी इंचार्ज को लाइन हाजिर किया है। साथ ही मामले की विस्तृत जांच एसपी रैंक के अधिकारी से कराने के निर्देश दिए है। रुद्रपुर के आदर्श इंदिरा कॉलोनी में अवैध शराब विक्री प्रकरण में एसएसपी ने सख्त रुख अपनाते हुए आदर्श कॉलोनी चैकी इंचार्ज महेश कांडपाल को लाइन हाजिर कर दिया है। साथ ही मामले की जांच एसपी रैंक के अधिकारी को सौंपी गई है। दरअसल बीते दिन महिलाओं के हंगामे के बाद क्षेत्रीय विधायक शिव अरोड़ा के हस्तक्षेप के बाद जब टीम द्वारा घरों में छापेमारी की गई तो अवैध बीयर, अंग्रेजी शराब और कच्ची शराब बरामद हुई थी। इस दौरान जब पुलिस अधीक्षक द्वारा चैकी का निरीक्षण किया तो उन्हें मालूम हुआ की क्षेत्र में काफी लंबे समय से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है।

बावजूद इसके चैकी पुलिस द्वारा कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिसके बाद एसएसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए चैकी इंचार्ज महेश कांडपाल को लाइन हाजिर कर दिया है। गौरतलब है की एसएसपी ने क्राइम बैठक में भी सभी पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वाले तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

# प्रादेशिकी

## लोस चुनाव की अभी से तैयारी करें भाजपा कार्यकर्ता : देवेंद्र देव

**फर्रुखाबाद,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। आवास विकास कॉलोनी स्थित जिला भाजपा मुख्यालय पर वोटर चेतना अभियान बैठक कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता की उपस्थिति में विधानसभा अमृतपुर एवं सदर के सभी मंडलों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने नव मतदाता बनाने के लिए पदाधिकारियों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान क्षेत्रीय मंत्री ने विधानसभा अमृतपुर एवं सदर के सभी मंडलों की मंडलवार समीक्षा की। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव गुप्ता ने कहा 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को अभी से कमर कसनी पड़ेगी इसके लिए पार्टी के पक्ष में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर वोटर चेतना अभियान के माध्यम से नए मतदाता बनाने होंगे।

# उप्र में अवैध ढंग से हलाल सर्टिफिकेट देने के काले कारोबार पर लगा प्रतिबंध

**लखनऊ,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। अवैध ढंग से हलाल सर्टिफिकेट देने के काले कारोबार को उत्तर प्रदेश में प्रतिबंधित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मामले का संज्ञान लेने के बाद शनिवार को प्रतिबंध के बारे में आदेश भी जारी कर दिया गया। आदेश के मुताबिक हलाल प्रमाणन युक्त खाद्य उत्पादों के निर्माण, भण्डारण, वितरण एवं विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्ध लगाया जाता है। हलाल प्रमाणीकरण युक्त औषधि, चिकित्सा युक्ति व प्रसाधन सामग्रियों का विनिर्माण, भंडारण वितरण एवं क्रय-विक्रय उत्तर प्रदेश राज्य में करते हुए पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति/फर्म के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। हालांकि, निर्यात हेतु विनिर्मित उत्पाद प्रतिबंध की सीमा में

- **मजहब की आड़ में वर्ग विशेष को बरगलाने की कुत्सित कोशिशों पर सरकार की कड़ी कार्रवाई**
- **निर्यात हेतु विनिर्मित उत्पाद प्रतिबंध की सीमा में नहीं आएंगे**



नहीं आएंगे। हाल के दिनों में प्रदेश सरकार को ऐसी जानकारी मिल रही थी कि डेरी उत्पाद, चीनी, बेकरी उत्पाद, पिपरमिन्ट ऑयल, नमकीन रेडी-टू-ईट वेवरीज व खाद्य तेल जैसे उत्पादों के लेबल पर हलाल प्रमाणन का उल्लेख किया जा रहा है। यही नहीं, कतिपय दवाइयों, चिकित्सा युक्तियों व प्रसाधन सामग्रियों के उत्पाद के पैकिंग/ लेबलिंग पर हलाल प्रमाण पत्र का भी अंकन किए जाने की सूचना मिली है। औषधियों, चिकित्सा युक्तियों व प्रसाधन सामग्रियों से संबंधित सरकार के नियमों में हलाल प्रमाणीकरण का अंकन उत्पादों के लेबल पर किये जाने का कोई प्रावधान नहीं है और न ही औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 व तत्सम्बन्धी नियमों में हलाल प्रमाणीकरण किए जाने का कोई प्रावधान है। ऐसी स्थिति में यदि किसी औषधि, चिकित्सा युक्ति व प्रसाधन सामग्री के लेबल पर हलाल प्रमाणीकरण से सम्बन्धित किसी भी तथ्य का प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से अंकन किया जाता है, तो यह उक्त अधिनियम के अन्तर्गत मिथ्याछाप है, जो कि एक दंडनीय अपराध है। इसी प्रकार, खाद्य पदार्थों के संबंध में लागू अधिनियम व नियमावली के अनुसार खाद्य पदार्थों के लिए शीर्षस्थ संस्था भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण को खाद्य पदार्थों के मानकों का निर्धारण करने का अधिकार दिया गया है, जिसके आधार पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती है। जबकि हलाल प्रमाणन एक समानान्तर व्यवस्था है जो खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता के विषय में भ्रम की स्थिति उत्पन्न करता है एवं सरकार के नियमों का उल्लंघन करता है।

### लखनऊ में दर्ज हुई है एफआईआर

बीते शुक्रवार को लखनऊ कमिश्नरेट में इस बाबत एक एफआईआर भी दर्ज की गई है। एफआईआर के मुताबिक हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिन्द हलाल ट्रस्ट दिल्ली, हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया मुम्बई, जमीयत उलेमा महाराष्ट्र मुम्बई आदि द्वारा एक धर्म विशेष के ग्राहकों को मजहब के नाम से कुछ उत्पादों पर हलाल प्रमाणपत्र प्रदान कर उनकी ब्रिकी बढ़ाने के लिए आर्थिक लाभ लेकर अवैध कारोबार चलाया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने इसे बड़ी साजिश की आशंका जताते हुए कहा है कि जिन कम्पनियों ने ऐसा हलाल प्रमाण पत्र इनसे नहीं प्राप्त किया है, उनके उत्पादन की बिक्री को घटाने का प्रयास भी किया जा रहा है, जो कि आपराधिक कृत्य है। आशंका है कि इस अनुचित लाभ को समाज विरोधी/राष्ट्र विरोधी तत्वों को पहुंचाया जा रहा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मजहब की आड़ लेकर एक वर्ग विशेष में अनर्गल प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है कि ऐसे उत्पाद का प्रयोग न करें जिसे इनकी कम्पनी द्वारा हलाल प्रमाणपत्र न दिया गया हो। परिणाम स्वरूप दूसरे समुदाय विशेष व्यावसायिक हितों का नुकसान हो रहा है।

## सड़क हादसे में चिकित्सक की मौत

**किठौर,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। । शनिवार की सुबह करीब 8:30 के करीब चिकित्सक मुंडाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जिसोरा गांव में अपनी क्लीनिक पर जा रहा था तभी उसकी कार से जबरदस्त भिड़ंत हो गई जिसमें मौके पर ही चिकित्सक ने दम तोड़ दिया। शनिवार सुबह सवेरे चिकित्सा नूर मोहम्मद उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी किठौर बाइक से अपनी क्लीनिक पर जा रहा था। जब वह शोलदा स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रही कार ने बाइक में जबरदस्त टक्कर मार दी।

**पीछे से आ रही कार ने बाइक में मारी थी टक्कर**

जिससे चिकित्सक बाइक सहित कई मीटर दूर जा पड़ा। सूचना पाकर परिवार जन मौके वारदात पर पहुंचे। इस दौरान कर चालक कार छोड़कर फरार हो गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके वारदात पर पहुंचकर परिजनों को आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया और शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देर शाम चिकित्सक का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा। नमाज के बाद शव को सुपर्द ए खाक कर दिया गया।

## हर बच्चे के लिए हर अधिकार अभियान की हुई शुरुआत

**लखनऊ,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में छात्रों के लिए समानता की पक्षधर योगी सरकार अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को एक समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में शनिवार से समानता और समावेशन थीम पर आधारित हर बच्चे के लिए हर अधिकार अभियान की शुरुआत की गई। इसके तहत सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पावर एंजिल एवं बाल संसद के नेतृत्व में 25 नवम्बर तक प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की मुख्य थीम लैंगिक समानता: सभी छात्र-छात्राओं के लिए समान अवसर, देखभाल और समर्थन: परिवारों, घरों, स्कूलों, खेल, करियर, स्वास्थ्य देखभाल और बाल संरक्षण सुविधाओं, समुदाय और सार्वजनिक जीवन में हर बच्चे के लिए चैंपियन बनें पर आधारित है। अभियान के तहत आयोजित होने वाली प्रमुख गतिविधियों में शनिवार को विद्यालय स्तर पर शिक्षक, छात्र, अतिथि वक्ता-अधिकारियों, विशेषज्ञों द्वारा थीम और राज्य सरकार और भारत सरकार द्वारा बनाए गए बच्चों के लिए कानूनों, योजनाओं और लाभों पर चर्चा की गई। इसी तरह, 20 नवंबर को मनोरंजन के साथ सीखें, बाल अधिकार विषय पर प्रश्नोत्तरी, कहानी, कविता, नारा, वाद-विवाद, विज्ञान-परियोजना, हस्तशिल्प, गीत, नृत्य, नाटक आदि का आयोजन होगा। 22 नवम्बर को मीना मंच, पावर एंजल्स

- **सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में 25 नवम्बर तक होगा आयोजन**

के नेतृत्व में स्कूल एवं समुदाय में नुक्कड़-नाटक, छात्र पुलिस कैडेट, स्काउट्स और गाइड से संबंधित कार्यक्रम होंगे।

वहीं, 23 नवम्बर को माता-पिता और समुदाय के लिए बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग, शिल्प की प्रदर्शनी, बाल मेला, बाल अधिकार उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही बच्चों को चाइल्ड हेल्प लाइन, करियर पोर्टल, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श एवं साइबर सुरक्षा का मॉकड्रिल जैसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

## सार संक्षेप

### व्रती महिलाएं सरोवर में खड़े होकर देगी डूबते सूर्य को अर्घ्य

**मवाना।** मवाना शुगर वर्क्स में पिछले सालों की भांति इस साल भी आस्था का पर्व महापर्व छठ की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्तिक मास की अमावस्या को दीवाली मनाने के तुरंत बाद मनाए जाने वाले इस चार दिवसिए व्रत की सबसे कठिन और महत्वपूर्ण रात्रि कार्तिक शुक्ल षष्ठी की होती है। इसी कारण इस व्रत का नाम करण छठ व्रत हो गया। रविवार को व्रती महिलाएं शुद्ध सात्विक आहार के साथ साथ जमीन पर सोएंगी। आज प्रातः काल से निर्जल व्रत प्रारंभ कर दिया है। यह व्रत 20 नवंबर को प्रातः सूर्य को अर्घ्य देने तक चलेगा। शनिवार को छठ पर्व मनाने वाले परिवारजन आज दिन भर प्रसाद बनाने की तैयारी में लग रहे। उधर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरोवर की रंगाई पुताई करके उक्त स्थल को रमणीय बना दिया गया है। मवाना शुगर वर्क्स के चिल्ड्रन पार्क में बनाए गए छठ सरोवर पर पूजा के लिए वेदियां बनाई, जिसमें मवाना शुगर के लगभग 25 परिवार शामिल हुए। कल रविवार को व्रती महिलाएं डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के लिए इसी सरोवर में खड़े होकर डूबते हुए सूर्य की उपासना करेंगी।

### खो-खो में बलिका वर्ग में अभिमन्यु हाउस रहा प्रथम

**मवाना।** उत्तम पब्लिक स्कूल, रहावती में दूसरे दिन शनिवार को खिलाड़ियों का उत्साह के साथ दमखम दिखाया। खेलों में सर्वप्रथम 50 मीटर एवं 100 दौड़ में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में पूल ए 100 मीटर रेस में भाग लेने वाले छात्रों ने प्रदर्शन किया। जीत को हासिल करते हुए आर्यन कक्षा 6 में प्रथम स्थान, अवी कक्षा 7 द्वितीय स्थान और हंस नगर कक्षा 6 के विद्यार्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर की दौड़ में बलिका वर्ग में पारुल कक्षा 6 प्रथम स्थान आन्या सहगल कक्षा 6 द्वितीय स्थान तथा आरुषि बुटार कक्षा 7 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर की रेस में तुषार कक्षा 7 में प्रथम स्थान, देवांश कक्षा 7 द्वितीय स्थान और समर्थ त्यागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग 200 मीटर स्पर्धा में माही कक्षा 6 प्रथम स्थान , मनु कक्षा 5 द्वितीय स्थान, आरुषि और आन्या सहगल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर की रेस में भाग लेते हुए पूल बी के छात्राओं ने श्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया, जिसमें अदिति राणा प्रथम स्थान, कंचन शर्मा द्वितीय स्थान और छवि कक्षा 10 की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने खो-खो प्रतियोगिता का प्रदर्शन दिखाया। इस प्रतियोगिता पूल ए बलिका वर्ग में अभिमन्यु हाउस ने प्रथम स्थान एवं एकलव्य हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पूल बी में बालक वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में प्रहलाद हाउस प्रथम तथा ध्रुव हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता पूल ए बालक वर्ग में ध्रुव हाउस प्रथम तथा एकलव्य हाउस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### पुश्तैनी मकान पर कब्जा करने से रोकने की मांग

**मवाना।** किला परीक्षतगढ़ ब्लाक के गांव सैदीपुर सादीपुर उर्फ रामनगर निवासी निशा कई ग्रामीणों के साथ एसडीएम से मिली और उन्हें शिकायती पत्र देकर कहा कि उनके परिवार वाले चाचा, चाची व चचेरे भाई पर पिता का अपने प्रभाव में लेकर कृषि भूमि व अन्य संपत्ति अपने नाम करा ली है।



## रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक

**मेरठ,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ऑफसाकेत व एनएएस डिग्री कॉलिज के साथ रविवार यानि आज नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 9 बजे से शुरू होकर 2 बजे तक लगेगा। इसी के मद्देनजर शनिवार को एनएएस डिग्री के छात्र छात्राओं व रोटरी क्लब के सदस्य द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गयी। छात्र छात्राओं व सदस्यों द्वारा आसपास के क्षेत्र से इस रैली को निकाला गया। यह रैलरी एनएएस कालेज से शुरू होकर सुभाष नगर, नेहरू नगर, शंकर आश्रम, मोहन पुरी, कुल्लड़ मोहल्ला, बुढ़ाना गेट, इन्दिरा चौक, आदि कालोनियों में होते हुए वापस एनएएस कॉलज पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में चिकित्सा शिविर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठा सकें और अपने स्वस्थय के प्रति जागरूक रहें। इस मौके पर कॉलिज के प्राचार्य, डा. मनोज कुमार अग्रवाल व सचिव अमित कुमार शर्मा चिकितर शिविर के संयोजक डा. उमंग मित्थल व रोटरी क्लब साकेत के अध्यक्ष मनीष संगल व सचिव रोटेरियन विवेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## डीएवी सेन्टेनरी स्कूल में कार्यशाला संपन्न

**मेरठ,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। शनिवार को शास्त्रीनगर स्थित सी.जे. डीएवी सेन्टेनरी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विषयों जैसे गणित, सामाजिक विज्ञान, संचार प्रौद्योगिकी एवं संस्कृत विषय में शैक्षणिक स्तर के नए आवाम सिखाए गए।

शिक्षा को किस प्रकार गुणवत्ता परक, दक्षता पूर्ण बनाया जाए जिससे छात्रों का समग्र विकास हो सके इस पर विशेष बल दिया गया। नई शिक्षा नीति के मूल सिद्धांतों को लेकर छात्रों के बहुमुखी विकास व जीवन उपयोगी शिक्षा के नए नए तरीकों को समझा और उसे अपने नित्य शिक्षण प्रक्रिया में डालने का अभ्यास भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से किया गया। गणित विषय को खेल ही खेल में किस प्रकार रुचिकर बनाने एवं बच्चों की तर्कशक्ति को बढ़ाने के लिए अनेक आयाम सिखाए गए। वहीं दूसरी ओर सामाजिक विज्ञान में प्रयोगशाला बनवाई उसमें अनेक प्रकार के मॉडल तैयार कराए गए जिससे शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावशाली बनाया जा सके। प्रौद्योगिकी एवं संचार विषय में भी आगामी अंतरराष्ट्रीय पटल पर उपयोगी टूल्स को समझाया गया।



- **कई विषयों में शैक्षणिक स्तर के नए आवाम सिखाए**
- **छात्रों का समग्र विकास होने पर दिया गया जोर**

भाषा विज्ञान में संस्कृत विषय को रुचिकर बनाने के लिए नई नई शिक्षण गतिविधियां कराई गई। डॉ.अल्पना शर्मा, क्षेत्रीय अधिकारी, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल्स, यूपी जोन. ए. ने सभी प्रतिभागियों को इस कार्यशाला के उद्देश्य को स्पष्ट किया।

## पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए दो स्वयं सेविकाओं का चयन

**मेरठ,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन हरिद्वार (उत्तराखंड) में आयोजित किया जाएगा। मेरठ कॉलेज में संचलित राष्ट्रीय सेवा योजना की दो स्वयं सेविकाओं तनु शर्मा (कक्षा एम एस सी द्वितीय वर्ष) एवं मानसी शर्मा (कक्षा बीएससी तृतीय वर्ष) का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए हुआ है। यह शिविर 20 नवम्बर से 29 नवम्बर को देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराखंड) में आयोजित किया जाएगा। दोनों स्व्यमसेवोकों को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.अंजलि मित्तल एवं कार्यक्रम अधिकारी प्रो. श्वेता जैन, प्रो. योगेश कुमार व डॉ.संदीप कुमार ने शुभकामनाएं दीं व इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## ओटीएस शिविर का औचक निरीक्षण करने पहुंची एमडी

**मेरठ,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। पीवीवीएनएल की प्रबन्ध निदेशक चैत्रा वी. द्वारा विद्युत वितरण खण्ड देवबन्द के



अन्तर्गत विद्युत वितरण उपखण्ड नागल, 33/11 केवी उपकेंद्र नांगल, खेड़ामुगल का निरीक्षण किया और ओटीएस योजना को प्रभावी रूप से लागू किए जाने हेतु दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा योजना के क्रियान्वयन में शिथिलता बरतने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रजिस्टर, फाइलों आदि की जांच पड़ताल की। प्रबन्ध निदेशक ने कहा 'एकमुश्त समाधान योजना' का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना है। निरीक्षण के दौरान प्रबन्ध निदेशक द्वारा अधिकारियों को प्रत्येक उपखण्डवार स्तर से सम्बन्धित ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित करने तथा योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए व्हाट्सअप ग्रुप बनाए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव या क्षेत्र में कैम्प लगने से 3 तीन दिन पहले योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। कैम्प का निरीक्षण करने के पश्चात प्रबन्ध निदेशक द्वारा उपकेंद्र का निरीक्षण किया गया और बिजलीघर यार्ड, ट्रांसफार्मर की फैन्सिंग पर पेंट कराने, बिजलीघर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। प्रबन्ध निदेशक ने योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपभोक्ताओं से योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

## सीरियलों के कलाकार व पुरातन छात्र का सम्मान

**मवाना,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। कृषक इंटर कॉलेज मवाना के पुरातन छात्र अनुज वर्मा मुंबई में सीरियल आर्टिस्ट एवं फिल्म अभिनेता मुख्य रूप से सीरियलों में कुमकुम, भाग्य कुंडली, भाग्य किस्मत की लकीरों पर, यह रिश्ता क्या कहलाता है, गम है किसी के प्यार में, एल्बम सॉन्ग शॉर्ट मूवी और सीरीज एवं धमाल कॉमेडी, फुल थीरी धमाल कॉमेडी, वीडियो सीरीज एवं फिल्मों में कार्य कर चुके हैं। मुख्य रूप से सांसद एवं अभिनेत्री हेमा मालिनी एवं विश्व हिंदी अकादमी मुंबई मालवा रंगमंच के अध्यक्ष केशव ने भी 14 सितंबर 2023 को हिंदी दिवस के उपलक्ष में इनकी एक कृति पर इन्हें सम्मानित भी किया था। अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी के साथ भी कथक नृत्य के प्रोग्राम में डांस भी किया था। पुरातन छात्र अनुज वर्मा का शनिवार को कृषक इंटर कॉलेज मवाना में पहुंचने पर प्रधानाचार्य डॉक्टर देवेंद्र कुमार, उपप्रधानाचार्य चौधरी नरेश पाल सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. अनीता रानी, विनोद कुमार लांबा, वरिष्ठ लिपिक सर्वेश कुमार आदि ने सामूहिक रूप से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## वैदिक मंत्रों व कुरान की आयतों के बीच शादी के बंधन में बंधे 84 जोड़े

**फर्रुखाबाद,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। वैदिक मंत्र उच्चारण एवं कुरान की आयतों के बीच 84 जोड़े दूजे के हुए नगर पालिका अध्यक्ष बरसला अग्रवाल एवं उनके पति एमएलसी मनोज अग्रवाल लगभग 10 वर्षों से अपने पिता स्वर्गीय बिशन स्वरूप अग्रवाल की प्रेरणा से सेवा व्रत के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन प्रतिवर्ष 18 नवम्बर को करते चले आ रहे हैं।

मधुर मिलन के विशाल प्रांगण मैं हजारों की संख्या में 84 जोड़ों के साक्षी बने। सुबह से ही मधुर मिलन में दूल्हा बा दुल्हनों का आना-जाना शुरू हो गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार रहे। 82 हिंदू रीति रिवाज से एवं दो निकाह हुए ब्राह्मणों ने हिंदू रीत विवाद के अनुसार वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच दो निकाह कुरान की आयत के बीच शहर काजीमुताहिर अली द्वारा कराए गए। पूरे प्रांगण में 82



शादियों के लिए मंडप बनाए गए। अमित विवाह समारोह को देखने के लिए हजारों की संख्या में मधुर मिलन लोग पहुंचे और विवाह के साक्षी बने। सेवा व्रत के तहत एमएलसी मनोज अग्रवाल एवं उनकी धर्मपत्नी बरसाना अग्रवाल सुबह से ही उपवास पर रहती है।

विवाह समारोह निपटाने के बाद यह दोनों दंपति अन्य जल ग्रहण करते हैं। सभी दूल्हा-दुल्हनों को उपहार में बक्सा, पलंग, रजाई, बर्तन, कुकर ब कपड़े आदि दहेज में दिए जाते हैं। व्यवस्था देखने वालों में मृदुल संजय गुप्ता अवधेश गुप्ता सचिन गुप्ता कन्हैया सक्सेना मधु पअग्रवाल गौरांग अग्रवाल आदि रहे।

**आयोजन** *गंगा मेले में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 26 को*

## देश के जाने माने सुविख्यात कवि करेंगे सम्मेलन में शिरकत

**मेरठ,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं वीजीआई के संयुक्त तत्वावधान में 26 नवम्बर को वेंक्टेश्वरा की ओर से ऐतिहासिक गंगा मेले में आयोजित होने जा रहे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं मुख्य वक्ता डॉ. राजीव त्यागी ने इस ऐतिहासिक मेले में वेंक्टेश्वरा की ओर से आयोजित होने वाले आधा दर्जन कार्यक्रमों की जानकारी दी।

वेंक्टेश्वरा संस्थान के डॉ. सीवी रमन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि इस ऐतिहासिक गंगा मेले में वेंक्टेश्वरा निशुल्क स्वास्थय शिविर, रक्तदान शिविर, गंगा स्वच्छता अभियान के साथ-साथ देश के एक दर्जन विख्यात कवियों के साथ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित कराने जा रहा है। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कार्यक्रम संयोजक एवं प्रख्यात कवि डॉ. दिनेश रघुवंशी, विख्यात अंतरराष्ट्रीय कवियत्री, डॉ. अनामिका अम्बर, डॉ. सौरभ जैन सुमन, प्रख्यात हास्य कवि प्रताप फौजदार, श्रृंगार



रस की कवियत्री सयना सोनी, यश भारती से सम्मानित डॉ. सरिता शर्मा, सर्वेश अस्थाना, अनिल 'अनल' समेत देश के जाने माने एक दर्जन से अधिक सुविख्यात कवि करेंगे शिरकत। वेंक्टेश्वरा समूह चेयरमैन डा. सुधीर गिरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की क्लीन इण्डिया-ग्रीन इण्डिया एवं पालीथिन मुक्त भारत जैसी शानदार योजनओं ने आज भारत की ''बीमारू देश' की छवि को पूरी तरह बदलकर इसे विश्व में पहली पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया।

प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि वेंक्टेश्वरा सस्ती एवं विश्वस्तरीय, शैक्षणिक व स्वास्थय सेवाओ के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहा है। इस दौरान प्रधान सलाहकार डॉ. वीपीएस अरोड़ा, सीईओ वेंक्टेश्वरा ग्रुप अजय श्रीवास्तव, सीईओ विम्स एचपी सिंह, कुलपति डॉ. राकेश यादव, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डेय, डॉ. आईबी राजू, मेरठ परिसर निदेशक डॉ.प्रताप सिंह, सीएफओ विकास भाटिया, डॉ. दिव्या गिरिधर, सीओई डॉ. मोहित शर्मा, डॉ. लक्ष्मण सिंह रावत, डॉ. एसएन साहू, डॉ. राजवर्द्धन, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. अश्विन, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. मंजरी, डॉ. आशुतोष, देव प्रताप सिंह, अरूण गोस्वामी, एसएस बघेल, विकास श्रीवास्तव, प्रीतपाल एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

- **श्री वेंक्टेश्वरा विवि व वीजीआई मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में होगा आयोजन**
- **गंगा स्वच्छता अभियान के साथ लगेंगे निःशुल्क स्वास्थय, रक्तदान शिविर**

## एडीएम ने सुनीं 102 शिकायतें, 16 निस्तारित

**मवाना,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस पर एडीएम व एसडीएम मवाना ने फारियादियों की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। विभिन्न विभागों के संबंधित 102 शिकायत आईं, जिनमें 16 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीएम एफ सूर्यकांत त्रिपाठी व उप जिलाधिकारी अखिलेश यादव ने शनिवार को तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों के पहुंचते ही फरियादियों द्वारा समस्या रखने का सिलसिला तेज हो गया। इस दौरान अवैध कब्जे, बिजली, सड़क इत्यादि मामलों को लेकर शिकायती पत्र दिए गए।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, रविवार, 19 नवम्बर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17


## 'टाइगर' फ्रेंचाइजी मेरे और सलमान के भी दिल के करीब है : कैटरीना कैफ

**मुंबई,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। 'टाइगर 3' में जोया की भूमिका निभाने वाली कैटरीना कैफ ने कहा कि फ्रेंचाइजी उनकी लाइफ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। यह वास्तव में उनके और को-स्टार सलमान खान के दिल के करीब है। शुक्रवार रात मुंबई में 'टाइगर 3' की सक्सेस पार्टी के दौरान कैटरीना, सलमान खान और इमरान हाशमी के साथ मीडिया और फैंस से बातचीत कर रही थीं।जब कैटरीना से हिट फिल्म की शुरुआत और फ्रेंचाइजी के साथ होने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'हम में से हर किसी के लिए, 'टाइगर' फ्रेंचाइजी बेहद खास है, यह सलमान और मेरे दिलों के सबसे करीब की फिल्म है।' कैटरीना ने कहा, 'मुझे आज ही एहसास हुआ कि यह फ्रेंचाइजी लगभग 11 सालों से हमारी लाइफ का हिस्सा रही है।

## यूके ने सिकल सेल, थैलेसीमिया के इलाज के लिए दुनिया की पहली जीन थेरेपी को दी मंजूरी

**लंदन**, 18 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन ने जीन-एडिटिंग टूल सीआरआईएसपीआर का इस्तेमाल करके रक्त विकारों सिकल-सेल और थैलेसीमिया के इलाज के लिए दुनिया की पहली जीन थेरेपी को मंजूरी दे दी है, जिसने इसके आविष्कारकों को 2020 में नोबेल पुरस्कार दिलाया था। अब तक, अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण ही एकमात्र स्थायी उपचार विकल्प रहा है।

यूके की मेडिसिन्स एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी (एमएचआरए) ने 12 साल और उससे अधिक उम्र के सिकल सेल रोग और ट्रांसफ्यूजन बीटा-थैलेसीमिया वाले रोगियों के लिए कैसगेवी नामक नए उपचार को अधिकृत किया है। सिकल सेल रोग और बीटा-थैलेसीमिया दोनों आनुवंशिक स्थितियां हैं, जो हीमोग्लोबिन के जीन में त्रुटियों के कारण होती हैं, जिसका उपयोग लाल रक्त कोशिकाओं द्वारा शरीर के चारों ओर ऑक्सीजन ले जाने के लिए किया जाता है।



■ यूके की मेडिसिन्स एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी (एमएचआरए) ने 12 साल और उससे अधिक उम्र के सिकल सेल रोग और ट्रांसफ्यूजन बीटा-थैलेसीमिया वाले रोगियों के लिए कैसगेवी नामक नए उपचार को अधिकृत किया

कैसगेवी को मरीज की अस्थि मज्जा स्टेम कोशिकाओं में दोषपूर्ण जीन को संपादित करके काम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है ताकि शरीर कार्यशील हीमोग्लोबिन का उत्पादन कर सके। ऐसा करने के लिए, स्टेम कोशिकाओं को अस्थि मज्जा से बाहर निकाला जाता है, एक प्रयोगशाला में संपादित किया जाता है और फिर रोगी में वापस डाला जाता है जिसके बाद परिणाम जीवन भर रहने की संभावना होती है। सिकल सेल रोग वाले लोगों में, आनुवंशिक त्रुटि के कारण बहुत गंभीर दर्द, संक्रमण और एनीमिया (जिससे आपके शरीर को ऑक्सीजन ले जाने में कठिनाई होती है) हो सकती है। बीटा-थैलेसीमिया रोगियों में, यह गंभीर एनीमिया का कारण बन सकता है। मरीजों को अक्सर हर 3 से 5 सप्ताह में ब्लड ट्रांसफ्यूजन और इंजेक्शन और दवाओं की आवश्यकता होती है।

एमएचआरए में हेल्थकेयर क्वालिटी एंड एक्सेस के अंतरिम कार्यकारी निदेशक जूलियन बीच ने एक बयान में कहा, 'सिकल सेल रोग और बीटा-थैलेसीमिया दोनों दर्दनाक, जीवन भर रहने वाली स्थितियां हैं, जो कुछ मामलों में घातक हो सकती हैं।' सिकल सेल रोग के लिए कैसगेवी की मंजूरी 29 मरीजों के क्लीनिकल ट्रायल पर आधारित रही, जिनमें से 28 (97 प्रतिशत) उपचार के बाद कम से कम 12 महीने तक गंभीर दर्द संकट से मुक्त थे। बीटा-थैलेसीमिया के क्लीनिकल ट्रायल में 42 मरीजों में से 39 (93 प्रतिशत) को उपचार के बाद कम से कम 12 महीने तक रेड ब्लड सेल ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता नहीं पड़ी। शेष तीन में रेड ब्लड सेल ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई।

उपचार के दुष्प्रभाव ऑटोलॉगस स्टेम सेल प्रत्यारोपण से जुड़े दुष्प्रभावों के समान थे, जिनमें मतली, थकान, बुखार और संक्रमण का खतरा बढ़ गया था। एमएचआरए ने कहा कि परीक्षणों के दौरान कोई महत्वपूर्ण सुरक्षा चिंता की पहचान नहीं की गई, उपचार की सुरक्षा का आगे विश्लेषण किया जाएगा।

## भगवान भास्कर की भक्ति में सराबोर हुआ बिहार, चहुंओर गूंज रहे छठी मईया के गीत



पटना, 18 नवम्बर (एजेंसियां)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर पटना सहित पूरा बिहार भगवान भास्कर की भक्ति में सराबोर हो गया है। चार दिवसीय इस अनुष्ठान के दूसरे दिन शनिवार की शाम व्रतधारी खरना करेंगे, जबकि रविवार की शाम व्रती गंगा के तट और विभिन्न जलाशयों में पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

छठ पर्व को लेकर पूरा बिहार भक्तिमय हो गया है। मुहल्लों से लेकर गंगा तटों तक, यानी पूरे इलाके में छठ पूजा के पारंपरिक गीत गूंज रहे हैं। राजधानी पटना की सभी सड़कें पूरी तरह सज गई हैं, जबकि गंगा घाटों में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

राजधानी के मुख्य सड़कों से लेकर गलियों तक की सफाई की गई है। आम से लेकर खास तक के लोगों ने सड़कों की सफाई में व्यस्त हैं। हर कोई छठ पर्व में हाथ बंटाना चाह रहा है। पटना में कई पूजा समितियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भगवान भास्कर की मूर्ति स्थापित की गई है। पूरा माहौल छठमय हो उठा है। कई स्थानों पर तोरण द्वारा लगाए गए हैं तो कई पूजा समितियों द्वारा लाइटिंग की व्यवस्था की गई है।

पटना में जिला प्रशासन ने व्रतियों के लिए गंगा के करीब 100 घाटों और 90 तालाब तथा पार्कों में व्रतधारियों के लिए भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए व्यवस्था की है। सभी घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए है। किसी भी घटना की आशंका को लेकर भी इन घाटों पर पुलिस की तैनाती की गई है। औरंगाबाद के देव, पटना के उलार सूर्य मंदिर, पुण्यार्क सूर्य मंदिर परिसर में हजारों लोग सूर्योपासना के लिए पहुंच चुके हैं।

पुलिस मुख्यालय के मुताबिक सभी जगहों पर पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। पुलिस मुख्यलय की ओर से जिलों को 24 हजार से अधिक अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इनमे सात कंपनी शामिल हैं, जिन्हें संवेदनशील जिलों में भेजा गया है।

इधर पटना के जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पटना के गंगा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 13 मॉडल घाटों का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा शहर की यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया जाता है। घाटों पर दंडाधिकरियों की तैनाती की है तथा पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इधर, मुजफ्फरपुर, सासाराम, मुंगेर, खगड़िया, भागलपुर सहित सभी सभी जिला मुख्यालयों से लेकर के गांव तक लोग छठ पर्व की भक्ति में डूबे हैं।उल्लेखनीय है कि शनिवार की शाम व्रतियों ने भगवान भास्कर की अराधना कर और खरना करेंगे और उसके बाद व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो जाएगा। पर्व के तीसरे दिन रविवार की शाम छठव्रती नदी, तालाबों सहित विभिन्न जलाशयों में पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

## छठ के दूसरे दिन खरना करने की है परंपरा



लोकआस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन खरना करने की परंपरा रही है और इस दिन प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रत करने वाले छठ पूजा पूर्ण होने के बाद ही अन्न-जल ग्रहण करते हैं। बिहार में लोकआस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ के आज दूसरे दिन राजधानी पटना समेत राज्य के विभिन्न इलाकों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा नदी समेत अन्य नदियों और तालाबों में स्नान किया। गंगा नदी में आज सुबह स्नान करने के बाद व्रती समेत उनके परिवार के सदस्य गंगाजल लेकर अपने घर लौटे और पूजा की तैयारी में जुट गये हैं। छठ व्रत का आज दूसरा दिन है इस दिन खरना व्रत की परंपरा निभाई जाती है, जो कार्तिक शुक्ल की पंचमी तिथि होती है। छठ में खरना का अर्थ है शुद्धिकरण।यह शुद्धिकरण केवल तन न होकर बल्कि मन का भी होता है इसलिए खरना के दिन केवल रात में भोजन करके छठ के लिए तन तथा मन को व्रती शुद्ध करते हैं। खरना के बाद व्रती 36 घंटे का व्रत रखकर सप्तमी को सुबह अर्घ्य देते हैं। ऐसी मान्यता है कि खरना के दिन यदि किसी भी तरह की आवाज हो तो व्रती खाना वहीं छोड़ देते हैं। इसलिए, इस दिन लोग यह ध्यान रखते हैं कि व्रती के प्रसाद ग्रहण करने के समय आसपास शोर-शराबा ना हो।

## 20 नवंबर को 54वें आईएफएफआई ओपनिंग एक्ट में श्रिया सरन करेंगी परफॉर्म

**मुंबई,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) 20 नवंबर को गोवा में शुरू हो रहा है। एक्ट्रेस श्रिया सरन महोत्सव का उद्घाटन समारोह करने के लिए तैयार हैं, और बाद में रेड कार्पेट की शोभा बढ़ाएंगी।

महोत्सव के बारे में अधिकांश विवरण गुप्त हैं, और इसका समापन कैसे होगा यह अभी तक सामने नहीं आया है। श्रिया आईएफएफआई में परफॉर्मेंस देंगी। वह इसके उद्घाटन समारोह में परफॉर्म करने के लिए रोमांचित हैं। कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए, 'गौतमीपुत्र सातकर्णी' एक्ट्रेस ने कहा, 'लाइव ऑडियंस के लिए परफॉर्म करना हमेशा उत्साहजनक और अद्रभुत होता है। मैंने गोवा में 'दृश्यम' (बॉलीवुड रीमेक) की शूटिंग की है। यह एक खूबसूरत जगह है।



उन्होंने कहा, 'आईएफएफआई एक बहुत प्रतिष्ठित प्लेटफॉर्म है, इसलिए मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। लेकिन, मैं परफॉर्मेंस के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह सकती, क्योंकि इससे एक्साइटमेंट खत्म हो जाएगी। लेकिन, मैं 20 नवंबर का बहुत इंतजार कर रही हूं।' श्रिया समारोह के प्रमुख उद्घाटनकर्ताओं में से एक होंगी, जो साथी सितारों पंकज त्रिपाठी, शाहिद कपूर, माधुरी दीक्षित और नुसरत भरूचा की लिस्ट में शामिल होंगी। आखिरी बार फिल्म 'दृश्यम 2', 'आरआरआर', 'कब्जा' और 'म्यूजिक स्कूल' में नजर आई एक्ट्रेस वर्तमान में अपनी तमिल फिल्म 'नारागासूरन' के लिए तैयार हैं, जिसे कार्तिक नरेन द्वारा निर्देशित किया जा रहा है।

## मुश्किल दिन जीवन के सबसे अच्छे दिन होते हैं: मनीषा सिंह

**नई दिल्ली,** 18 नवम्बर (देशबन्धु)। इस सत्य से सभी परिचित हैं कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है, और यह तभी प्राप्त होता है जब हम सकारात्मक जीवनशैली अपनाते हैं। माँ बनने की परीक्षा से गुजरने और पक्षाघात को मात देने वालीं सुविख्यात जीवनशैली और फिटनेस कोच मनीषा सिंह जानती हैं कि मुश्किल दिन जीवन के सबसे अच्छे दिन होते हैं, क्योंकि इन्हीं कठिनाइयों की अग्नि में तप कर चैंपियन बनते हैं। उनकी जीवन यात्रा ने कई लोगों को प्रेरित किया है और उन्होंने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। जीवनशैली और फिटनेस के विभिन्न आयोजनों में नाम कमाने के अलावा, उन्होंने पंजाबी संगीत एल्बमों में भी काम किया है और कई टेलीविजन शो में भाग लिया है। वह एक भाषा विशेषज्ञ भी हैं।मनीषा ने पुश इंडिया पुश चैलेंज चैंपियन 2023 एक बार में अधिकतम संख्या में फुल रेंज पुशअप करके, एमटीवी रोडीज़ 2019, मिस फिटनेस इंडिया 2015 और मिसेज इंडिया 2017 परफेक्ट बॉडी टाइटल जैसी प्रतियोगिताओं में सफलतापूर्वक भाग लिया है। उनके टीवी शो में शामिल हैं एमटीवी रोडीज़, एनडीटीवी न्यूज़, न्यूज़ नेशन, टाटा स्काई फ़ैमिली हेल्थ शो सीरीज़, द कराटे फीमेल। गौरतलब है कि मनीषा भारत की पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी के साथ अब तक की सबसे बड़ी आत्मरक्षा कार्यशाला का हिस्सा रही हैं, जिसमें 5000 से अधिक लड़कियों ने भागीदारी की थी।



## नासा ने प्रयोग के तौर पर पहली बार लेजर के माध्यम से चंद्रमा से कहीं बहुत आगे भेजा डाटा

**वाशिंगटन,** 18 नवम्बर (एजेंसियां)। साइकी अंतरिक्ष यान पर हाल ही में लॉन्च किए गए नासा के डीप स्पेस ऑप्टिकल कम्युनिकेशंस (डीएसओसी) प्रयोग ने पहली बार चंद्रमा से कहीं बहुत दूर लेजर के माध्यम से डेटा भेज और प्राप्त कर 'पहली रोशनी' हासिल की है।

ऑप्टिकल संचार को पृथ्वी की निचली कक्षा और चंद्रमा की कक्षा के बीच प्रदर्शित किया गया है। डीएसओसी गहरे अंतरिक्ष में पहला परीक्षण है। डीएसओसी प्रयोग अंतरिक्ष यान के संचार करने के तरीके को बदल सकता है। इसके तहत लगभग 1.6 करोड़ किलोमीटर दूर – पृथ्वी से चंद्रमा की दूरी से लगभग 40 गुना अधिक – से परीक्षण डेटा के साथ एन्कोडेड एक निकट-अवरक्त लेजर को




कैलिफोर्निया प्रांत के सैन डिएगो काउंटी के कैल्टेक के पालोमर वेधशाला में हेल टेलीस्कोप तक भेजा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि यह ऑप्टिकल संचार का अब तक का सबसे दूर का प्रदर्शन है। डीएसओसी को अपने दो साल के प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के दौरान पृथ्वी पर उच्च-बैंडविड्थ परीक्षण डेटा भेजने के लिए कॉन्फ़िगर किया गया है क्योंकि साइके मंगल और बृहस्पति के बीच मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट की यात्रा पर है।

टेक डेमो ने अपनी उड़ान लेजर ट्रांसीवर के बाद 14 नवंबर के शुरुआती घंटों में 'पहली रोशनी' हासिल की। अपलिंक बीकन ने ट्रांसीवर को अपने डाउनलिंक लेजर को वापस पालोमर (जो कि टेबल माउंटेन से 130 किलोमीटर दूर है) तक लक्ष्य करने में मदद की, जबकि ट्रांसीवर और ग्राउंड स्टेशनों पर स्वचालित सिस्टम ने इसके पॉइंटिंग को ठीक किया।

वाशिंगटन में नासा मुख्यालय में प्रौद्योगिकी प्रदर्शन के निदेशक ट्रुडी कोर्टेस ने कहा, 'पहली रोशनी हासिल करना आने वाले महीनों में कई महत्वपूर्ण डीएसओसी मील के पत्थर में से एक है।'

## नालंदा के सूर्यमंदिर में भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करने से भक्तों की हर मनोकामना होती है पूरी

राजगीर, 18 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार में नालंदा जिले के बड़गांव स्थित सूर्यमंदिर में भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करने से भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। नालंदा जिले का बड़गांव सूर्योपासना का प्रमुख केंद्र है। देश के 12 स्थानो पर भगवान श्री कृष्ण के पौत्र राजा शाम्ब द्वारा सूर्यपीठ की स्थापना की गई थी जिसमें नालंदा का बड़गांव का सूर्य मंदिर शामिल है। बड़गांव का सूर्यपीठ ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व के साथ प्रसिद्ध मान्यताओं के कारण यहां छठ व्रत करने बिहार ही नहीं पूरे देश से लोग यहां आकर सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ व्रत करते हैं। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु यहां सच्चे रूप से भगवान भास्कर की पूजा अर्चना करते हैं उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। बड़गांव निवासी अमित कुमार पांडे एवं नीरज पांडे ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के पौत्र राजा शाम्ब को कुष्ठ रोग हो गया था। राजा शाम्ब ने बड़गांव में रहकर सूर्य की उपासन की जिससे उन्हें श्रप से मुक्ति मिली, उनका कुष्ठ रोग पूरी तरह ठीक हो गया। राजा शाम्ब ने बड़गांव में तालाव का निर्माण कराया। रोहित कुमार पांडे ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस पवित्र सूर्य तालाब में स्नान कर और मंदिर में पूजा करने से कुष्ठ रोगों से मुक्ति मिल जाती है। साथ ही वंश वृद्धि की कामना भी पूरी होती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु यहां कार्तिक एवं चैत्र माह में छठ व्रत करने आते हैं।



## 'एनिमल' का लेटेस्ट गाना 'अर्जन वैली' हुआ रिलीज, रणबीर कपूर का दिखा खूंखार किरदार

मुंबई, 18 नवम्बर (एजेंसियां)। रणबीर कपूर की अपकमिंग फिल्म 'एनिमल' के निर्माताओं ने इसका लेटेस्ट ट्रैक 'अर्जन वैली' जारी किया है। भूपिंदर बब्बल द्वारा गाया गया यह ट्रैक एक पंजाबी गैंगस्टा-पॉप ट्रैक है, जो वास्तव में उनके कैरेक्टर को दिखाता है। ट्रैक बहुत ही सुखद है और इसमें हिप-हॉप से प्रेरित ग्रुव और रिदम हैं, जबकि मेलोडी पंजाबी पॉप से भरपूर है। गाने में स्वैग भी है, लेकिन इसका साउंड जो यह दर्शाता है, उसके विपरीत चलता है, जो एक बहुत ही पूरक विरोधाभास है। मनन भारद्वाज ने म्यूजिक कंपोज किया है। म्यूजिक वीडियो बताता है कि एक्टर का कैरेक्टर वास्तव में कितना हिंसक है।

वीडियो में दिखाया गया है कि रणबीर कपूर अपने गैंगस्टर व्यक्तित्व में हैं और उसे पूरी तरह से अपनाते हुए हिंसक हो जाते हैं। इसमें क्रूर और हिंसक हत्याओं का एक



समूह शामिल है जो एक पूर्ण जानवर में उनके परिवर्तन को दर्शाता है। स्टाइल, स्वैग, ग्रुव, मेलोडी, एटीट्यूड, एज, 'अर्जन वैली' उन सभी एलिमेंट्स से भरपूर है जो एक फुल बैंगर के लिए चाहिए। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित, 'एनिमल' एक गैंगस्टर थ्रिलर एक्शन फिल्म है।

## विदेशी मेहमान पक्षियों के कलरव से गुंजायमान हुआ देवीपाटन मंडल

**बलरामपुर,**18 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में देवीपाटन मंडल के चारों जिलों गोण्डा, बहराइच,बलरामपुर और श्रावस्ती में स्थित ऐतिहासिक झीलें इन दिनों सात समुन्दर पार कर से आये विदेशी पक्षियों के कलरव से गुंजायमान है। कई देशों की सरहदों पर सीमाओं को बेबस कर आकाशमार्ग से प्रेमसंदेश लेकर शरद ऋतु की शुरुआत से आये विदेशी मेहमानों के मनमोहक कलरव की तरंगें इन दिनों देवीपाटन मंडल में झूम उठी है। मंडल मुख्यालय गोण्डा जिले के वजीरगंज में स्थित पार्वती अरगा पक्षी विहार में साइबेरिया से भोजन की तलाश में आये विदेशी मेहमान पक्षियों की अठखेलियों से पक्षी विहार पर्यटन केंद्र बना हुआ है। पक्षियों को देखने आ रहे पर्यटक बड़ी संख्या में आनंद उठा रहे हैं। इससे अरगा-पार्वती झील की रौनक बढ़ गई है। यहां देशी-विदेशी पक्षियों का जमावड़ा लगने लगा है।

मध्य एशिया व तिब्बत से लंबी दूरी तय करके आने वाले पक्षियों का कलरव इस झील में गूंज रहा है। जिले से 30 किमी दूर टिकरी मार्ग पर ग्राम कोठा की झील अरगा व बहादुरा ग्राम में पार्वती झील एवं वजीरगंज कस्बे से सटी कोडर झील का अपना विशेष महत्व है। करीब पांच किमी क्षेत्र में फैली अरगा-पार्वती झील में अन्य पक्षियों के अलावा सैकड़ों सारस भी अपने- अपने जोड़े के साथ आ चुके हैं। प्रवासी पक्षी यहां अधिकांश प्रवासी पक्षी लेह, लद्दाख, साइबेरिया, मंगोलिया, तिब्बत और राजस्थान से आए हैं। इनमें ब्राउन हेडेड गल यानि भूरा सिर ढोमरा, और ब्लैक हेडेड गल यानि काला सिर ढोमरा, जल कुकरी, पनचौरा आदि परिंदे हैं। इसमें पनजौरा प्रजाति प्रजनन भी करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि साइबेरियन पक्षियों का शरीर गरम वातावरण के अनुकूल है और साइबेरिया में ठंड के मौसम में उनका जीना नामुमकिन हो जाता है इसलिए दूर- देश से ये पक्षी जीवन रक्षा के लिए यहां आते हैं। वहीं तिब्बत से आने वाले पक्षियों में छोटी मुर्गाबी, नकटा, गिर्री व सुर्खाब, मध्य एशिया से आने वाले पक्षियों में काज, चट्टा व लगलग प्रमुख हैं।



इसके अलावा तीतर, जंगली मैना, एप में पढ़ें न, लाल मोनिया, बया, छपक ा, नीलकंठ, धनेश, कठफोड़वा, बाज, चल और हरियल आदि पक्षी शामिल हैं। इसके अलावा देशी पक्षियों में काला तीतर, भूरा तीर,बटेर, रंगीन बटेर, लक बटेर पहाड़ी भट तीतर ,तिब्बत से आने वाले पक्षियों में छोटी मुर्गाबी, नकटा, गिरी व सुर्खाब, मध्य एशिया से आने वाले पक्षियों में काज, चट्टा व लगलग प्रमुख हैं।

